सूर्योदय : 6:10
सूर्यास्त : 6:17
अधिकतम तापमान : 32.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-285 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 27 मार्च 2024
16 रमजान, 1445 हिजरी


# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com







16 रमजान, २7.03.2024

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:37 | 06:23 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:35 | 06:33 |

**उमरा, ज़ियारत**
उमरा और ईरान-ईराक़, शाम की जियारत के लिये संपर्क करें
**अलजवाद टूर्स एण्ड ट्रेवेल्स**
लखनऊ
**मौलाना सलीम अब्बास ज़ैदी**
मो. 9897328277
7905439594


# सीएम योगी ने जमकर खेली होली

## भगवान नरसिंह की उतारी आरती, अबीर-गुलाल और फूलों की पंखुड़ियां भी उड़ाई

**त्यौहार**

- होली का पर्व उत्साह और उमंग का है : मुख्यमंत्री
- इस बार की होली पर उत्साह और उमंग एक नई ऊंचाई पर है
- पूजा करने के बाद योगी पूरी तरह होलीयाना मूड में आ गए





**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म शोक-संताप में नहीं बल्कि उमंग और उत्साह में विश्वास करता है। होली का पर्व इसी का संदेश देता है।

इस पर्व में समरस समाज की स्थापना का भाव निहित है तो साथ ही यह संदेश भी है कि सनातन धर्म सह अस्तित्व में, वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे संतु निरामया में विश्वास करता है। सीएम योगी मंगलवार को होली के पवित्र पर्व पर गोरखपुर के घंटाघर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और श्री होलिकोत्सव समिति की ओर से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सभी नागरिकों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का पर्व उत्साह और उमंग का है। उत्साह और उमंग सुरक्षित, सुखी और समृद्ध समाज में होता है। हमारा समाज सुरक्षित और समृद्ध है, इसीलिए हम सभी उत्साह और उमंग से होली की हजारों वर्षों पुरानी परम्परा को मनाने के साथ अपनी इस विरासत के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर जब भी कोई संकट आया, समाज में दुष्प्रवृत्तियां बढ़ीं तो कोई ना कोई ईश्वरीय अवतार भी हुआ है और दुष्प्रवृत्तियों को दूर कर समाज आगे बढ़ता रहा है। लोगों को होली की बधाई देने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान नरसिंह की विधि विधान से आरती उतारी।

> “ मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का त्यौहार समतामूलक और समरस समाज की स्थापना का भी संदेश है। आपसी वैरभाव को समाप्त कर, सत्य-न्याय के मार्ग पर चलकर ही हम समाज को शक्तिशाली बना सकते हैं। जहां विभाजन होगा वहां समाज शक्तिशाली नहीं हो सकता। सीएम योगी ने कहा कि इस बार की होली पर उत्साह और उमंग एक नई ऊंचाई पर है। अयोध्या में 495 वर्ष बाद रामलला ने भी होली खेली और आशीर्वाद व कृपा लोगों पर बरसाई। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि बीमार व्यक्तियों को और जो मना करे, उसे रंग न लगाएं। साथ ही नब्बे वर्ष से अधिक समय से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफ की।

# चुनाव आयोग मई-जून में करेगा खास तैयारी

**मतदाता**

- भीषण गर्मी पड़ने की आशंका पर सभी राज्यों को किया सतर्क
- मतदान केंद्रों पर पीने के पानी व बैठने के लिए छांव के प्रबंध का निर्देश




**नई दिल्ली।** अप्रैल से जून तक सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव में सिर्फ सियासी गरमी ही नहीं बल्कि मौसम की गरमी से भी मतदाताओं का सामना होगा। चुनाव आयोग ने मौसम विभाग से मिले फीडबैक के बाद सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से मतदाताओं को गर्मी से बचाने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। जिसमें पीने का पानी, मतदाताओं के बैठने के लिए छांव का इंतजाम आदि करने को कहा है। सात चरणों में होने वाले इस चुनाव मई-जून के महीने में पांच चरणों की वोटिंग होगी। आयोग ने यह निर्देश मौसम विभाग के उस अनुमान के बाद दिया है, जिसमें इस बार गर्मी के मौसम में सामान्य से अधिक तापमान होने की बात कही गई है।

## ‘राम’ की लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री मोदी का चुनावी शंखनाद

# पीएम 31 को मेरठ में फूंकेंगे चुनावी बिगुल

**प्रयोगशाला**

- पहली बार रालोद मुखिया भी साझा करेंगे मंच
- राम लहर और मोदी लहर को साध रही बीजेपी



**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मार्च को मेरठ में चुनावी शंखनाद करेंगे। पीएम की प्रस्तावित जनसभा में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी भी पहली बार शामिल होंगे। यहां से भाजपा ने धारावाहिक रामायण में राम की भूमिका निभाकर चर्चित हुए अरुण गोविल को अपना प्रत्याशी बनाया है।

मेरठ-हापुड़ सीट पर दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को मतदान होना है, लेकिन नरेन्द्र मोदी मेरठ से चुनावी अनुष्ठान आरंभ करना शुभ मानते हैं। 2014 में प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में नरेंद्र मोदी ने पहली बड़ी जनसभा मेरठ में की थी।

2024 में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली जनसभा 31 मार्च को मेरठ में तय है। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पार्टी राम लहर और मोदी लहर दोनों को साध रही है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में पहली जनसभा 25 जनवरी को बुलंदशहर में मानस की चौपाइयों से सजे और जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान विशाल पंडाल में की थी। पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया कहते हैं कि अरुण गोविल की छवि पर्दे के राम से ज्यादा प्रभु राम के मानस चरित्र के रूप में देखी जाती है। 19 और 26 अप्रैल को पश्चिम उप्र में चुनाव के बाद पार्टी उन्हें देशभर में ले जाएगी।

### अरुण गोविल की लोकसभा सीट से चुनाव का प्रचार

अब आचार संहिता के बाद नरेंद्र मोदी पहली चुनावी जनसभा पर्दे के राम अरुण गोविल की लोकसभा सीट से करने जा रहे हैं। स्पष्ट है कि भाजपा के सबसे बड़े सारथी नरेन्द्र मोदी चुनाव में देशभर में रामनवमी कवच लेकर घूमेंगे। पार्टी राम लहर पर सवार होकर ही 2024 लोकसभा चुनाव में उतरेगी। पश्चिम उत्तर प्रदेश रामलहर की पहली प्रयोगशाला बनेगा।

# पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेगी भाजपा, अकाली दल से नहीं बन पाई गठबंधन पर सहमति

**बंटवारा**

- पंजाब की बेहतरी के लिए लिया गया फैसला: जाखड़
- हमारी पार्टी उच्च सिद्धांतों पर कायम है



**चंडीगढ़।** पंजाब में भाजपा अकेले दम पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ ने मंगलवार को एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि पार्टी हाईकमान ने प्रदेश इकाई, पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और प्रदेश की जनता की राय लेते हुए यह फैसला किया है।

जाखड़ ने कहा जिस कदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के लिए बीते वर्षों में कार्य किए हैं, उन कार्यों के आधार पर हम जनता के बीच उतरेंगे। सुनील जाखड़ के बयान के बाद शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने भी अमृतसर में मंगलवार को पार्टी का रुख साफ कर दिया। उन्होंने ट्वीट कर कहा-हमारी पार्टी उच्च सिद्धांतों पर कायम है और पंथ एवं पंजाब की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम पंजाब में गठबंधन न करके सभी सीटों पर अकेले ही चुनाव मैदान में उतरेंगे। भाजपा के पंजाब प्रधान सुनील जाखड़ ने भाजपा-शिअद के बीच गठबंधन की सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी हाईकमान को प्रदेश इकाई ने प्रत्याशियों के कुछ नाम स्क्रीनिंग कर भेज दिए हैं, इन नामों पर हाईकमान जल्द मुहर लगाकर प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि अकेले चुनाव लड़ने का फैसला पंजाब के भविष्य, जवानी-किसानी और व्यापारियों एवं पिछड़े वर्ग की बेहतरी के लिए लिया है।

**न्यूज डायरी**

### कविता तिहाड़ जेल शिफ्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आबकारी नीति मामले में अदालत द्वारा न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद बीआरएस नेता के कविता को तिहाड़ जेल भेजा गया है। के. कविता को नौ अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। बता दें कि के. कविता को ईडी ने 15 मार्च को हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद ईडी की टीम के कविता को हैदराबाद से दिल्ली लेकर आई, जहां उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी का दावा है कि के. कविता ने आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ मिलकर कथित तौर पर साजिश रची।

### नहीं काम आई सफाई

**नई दिल्ली।** भाजपा की हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से प्रत्याशी और अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत की ओर से किए गए आपत्तिजनक पोस्ट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को राष्ट्रीय महिला आयोग ने चुनाव आयोग से इस आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर शिकायत दर्ज कराई और तत्काल कार्रवाई की मांग की। साथ ही इस महिला सम्मान और गरिमा के खिलाफ बताया। कंगना के खिलाफ की गई इस आपत्तिजनक पर पोस्ट को लेकर भाजपा भी मुखर दिखी है। इससे पहले इस पोस्ट पर विवाद खड़ा होते ही कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने पोस्ट को तुरंत हटा दिया और सफाई दी कि उन्होंने ऐसा नहीं किया। बल्कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट का संचालन करने वाले किसी दूसरे व्यक्ति से यह गड़बड़ी हुई है।

# आम चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की सातवीं सूची

**प्रत्याशी**

- छत्तीसगढ़-तमिलनाडु के लिए उम्मीदवारों का एलान
- अब तक 197 उम्मीदवारों के नामों की हुई है घोषणा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सातवीं सूची जारी कर दी है। इसमें छत्तीसगढ़ की चार और तमिलनाडु की एक लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों का एलान कर दिया गया है। इससे पहले 25 मार्च को कांग्रेस ने उम्मीदवारों की छठी सूची जारी की थी। इसमें राजस्थान के लिए चार और तमिलनाडु के लिए एक उम्मीदवार का एलान किया गया था।

एक दिन पहले उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी की गई थी। सूची में राजस्थान की दो लोकसभा सीट और महाराष्ट्र की एक लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों का एलान किया गया था। 23 मार्च को कांग्रेस की चौथी सूची जारी हुई थी। इसमें 45 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया था। कांग्रेस ने राजस्थान की नागौर सीट राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के लिए छोड़ी थी। इससे पहले 21 मार्च को कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की थी, जिसमें 57 नामों को शामिल किया गया था। कांग्रेस की पहली सूची में 39 और दूसरी सूची में 43 उम्मीदवारों की घोषणा की गई थी। लोकसभा की 543 सीट के लिए 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरण में चुनाव होना है। मतगणना चार जून को होगी।

# ईडी हिरासत में पत्र लिखने पर दर्ज हो सकता है केस

**शराब घोटाला**

## ईडी कस्टडी से सीएम केजरीवाल चला रहे दिल्ली की सरकार

**नई दिल्ली।** शराब घोटाले में ईडी की हिरासत में बंद अरविंद केजरीवाल अब एक नई मुसीबत में फंस सकते हैं। हिरासत से लिखित आदेश जारी करने के मामले में उन पर नई गाज गिर सकती है। कानूनी रूप से वे हिरासत में रहते हुए मुख्यमंत्री के तौर पर कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं कर सकते। लेकिन अब तक दो ऐसे पत्र सामने आ चुके हैं, जिनके बारे में कहा जा रहा है कि उस पर अरविंद केजरीवाल ने हस्ताक्षर किए हैं। यदि यह सिद्ध हो जाता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी की हिरासत में रहते हुए उक्त आदेश पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं, तो इस मामले में उन पर नया केस दर्ज किया जा सकता है।



वहीं, यदि बिना उनके हस्ताक्षरित पत्रों को उनका पत्र बताकर मीडिया के सामने पेश किया गया है, तो इस मामले में वे लोग (आतिशी मार्लेना और सौरभ भारद्वाज) फंस सकते हैं, जिन्होंने उक्त पत्रों को केजरीवाल का पत्र बताकर मीडिया के सामने पेश किया है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से इस बात पर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले की जांच हो सकती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली की रद्द की गई एक्साइज पॉलिसी से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की कस्टडी में हैं। उन्हें 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने गिरफ्तार किया था।



### इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

भाजपा ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत से अपना दूसरा आदेश जारी करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि वह अपनी असुरक्षा के कारण पद नहीं छोड़ना चाहते हैं। नैतिक आधार पर मुख्यमंत्री पद से उनके इस्तीफे की मांग करते हुए भाजपा नेता डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि गिरफ्तारी के बावजूद दिल्ली का मुख्यमंत्री बने रहने का केजरीवाल का कदम उनके लालच को दर्शाता है। दिल्ली शराब उत्पाद शुल्क मामले में ईडी की हिरासत में चल रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा ने आईटीओ पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री भ्रष्ट और बेईमान हैं और उन्होंने दिल्ली की जनता को लूटा है। हम उनका इस्तीफा मांगने सचिवालय जा रहे हैं।

**हलचल**

## पुलिस छावनी में बदला मेडिकल कॉलेज परिसर

# माफिया मुख्तार की तबीयत बिगड़ी

**जांच पड़ताल**

- अफसरों के माथे पर दिखी चिंता की लकीरें
- गैस पास न होने की वजह से पेट फूलने लगा और दर्द बढ़ गया
- आसपास बने वार्डों से तीमारदार हटाए गए



**बांदा।** बांदा जिले के मंडल कारागार में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की सोमवार रात साढ़े 11 बजे अचानक हालत बिगड़ गई। पेट दर्द की शिकायत पर जिला अस्पताल के तीन डॉक्टरों की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसकी जांच की। सुधार न होने पर मंगलवार सुबह उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत स्थिर है। चार-पांच दिन से मल न होने के कारण कब्ज के साथ साथ पेट की गैस पास न होने के चलते मुख्तार को तकलीफ हुई थी। दोपहर को उसका भाई सांसद अफजाल अंसारी, बेटा उमर व बहू निखत भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जिला कारागार से मेडिकल कॉलेज ले जाने वाले डॉ. हृदयेश पटेल, डॉ. शिशिर व डॉ. एसडी त्रिपाठी के मुताबिक रमजान में रोजे की वजह से चार-पांच दिन से मुख्तार को कब्ज की शिकायत थी। गैस पास न होने की वजह से पेट फूलने लगा और दर्द बढ़ गया। मेडिसिन से कवर न होने पर मंगलवार की सुबह एंबुलेंस से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज भेजा गया। उसे इमरजेंसी में देखकर आईसीयू में भर्ती किया गया है। यहां सर्जरी विभाग के डॉ. कुलदीप, आईसीयू इंचार्ज डॉ. सुशील व मेडिसिन विभागाध्यक्ष आदि की टीम ने उसका इलाज शुरू कर दिया है। फिलहाल मुख्तार को आराम मिला है, वह अपने भाई अफजाल से भी मिला है और बातचीत की है। माफिया मुख्तार के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज परिसर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। एडीएम राजेश कुमार, एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र समेत जिले के कई थानों का फोर्स मुख्तार की सुरक्षा में तैनात रहा। दोपहर एक बजे करीब अपनी-अपनी गाड़ियों से माफिया के भाई सांसद अफजाल अंसारी और छोटा बेटा उमर अंसारी और बड़े बेटे अब्बास की पत्नी निकहत अंसारी मेडिकल कॉलेज पहुंची। यहां अफजाल अंसारी ने भी रोजे की वजह से कब्जियत की बात कही है। उधर, बेटे उमर अंसारी ने पिता से न मिलने देने का आरोप लगाया है। माफिया मुख्तार अंसारी के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा की दृष्टि से आईसीयू के आसपास बने वार्डों से तीमारदारों को हटाया गया।

# राम-मंदिर परिसर में कमांडो के सीने में गोली लगी, लखनऊ रेफर

**हादसा**

- राम मंदिर सुरक्षा में तैनात था जवान
- बंदूक की नली साफ करते समय हुआ हादसा, शोर सुनकर पहुंचे साथी



**अयोध्या।** श्रीराम मंदिर परिसर में तैनात प्लाटून कमांडर खुद की एके-47 से गोली चलने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें श्रीराम अस्पताल लाया गया, जहां से मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन के बाद गंभीरावस्था में उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। हादसा मंगलवार की शाम लगभग 05:45 बजे परिसर में स्थित चौकी में हुआ है। मूलरूप से अमेठी जिले के रहने वाले रामप्रसाद (53) पीएसी की 32वीं बटालियन के प्लाटून कमांडर के पद पर इन दिनों श्रीराम मंदिर परिसर की सुरक्षा में तैनात हैं। मंगलवार की शाम लगभग 05:45 बजे वह अन्य जवानों के साथ परिसर में स्थापित चौकी पर सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभाले थे कि इस बीच अचानक असलहा साफ करते समय उनके ही एके-47 से अचानक गोली चल गई। गोली सीधे उनके बायीं तरफ सीने में लगी और आरपार हो गई। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल होकर वह वहीं गिर पड़े। साथ में तैनात अन्य जवानों ने उच्चाधिकारियों को सूचित करके उन्हें राजकीय श्रीराम अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर लगभग 06:46 बजे उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां जनरल सर्जन डॉ. एसपी बंसल ने ऑपरेशन करके उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया।

## खेत में मृत मिली एक बाघिन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पेट में अंदरूनी चोट से बाघिन की मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मोहम्मदी रेंज क्षेत्र के गांव परवस्तनगर के समीप खेत में एक बाघिन मृत मिली। यह खेत जंगल से महज पांच सौ मीटर दूर पर है। पांच डॉक्टरों के पैनल ने बाघिन का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पेट में अंदरूनी चोट से बाघिन की मौत होने की बात कही गई हैए लेकिन शरीर पर कोई घाव का निशान नहीं है। ऐसा वन विभाग के अधिकारी कह रहे हैंए लेकिन वन कर्मियों का कहना है कि बाघिन वन्यजीवों के संघर्ष में चोटिल हुई। तभी उसके चोट आई थी। बाघिन को रेंज कोठी परिसर में दफ्ना दिया गया है मोहम्मदी रेंज की देवीपुर बीट जंगल से करीब आधा किलोमीटर दूर ग्राम परवस्त नगर निवासी किसान रामदयाल के गेहूं के खेत में बाघिन का शव मिला। डीएफओ संजय विश्वाल मौके पर पहुंचे और जांच की। इसके बाद उनकी मौजूदगी में बाघिन के शव को महेशपुर रेंज कोठी लाया गया। जहां पांच डॉक्टरों में डब्ल्यूटीआई के डॉक्टर राघवेंद्र प्रताप सिंहए कर्तनीय घाट के डॉक्टर दीपक वर्माए डब्लूडब्लूएफके दबीर हसन रेहरिया के डॉक्टर पुष्पेंद्र कुमारए उचौलिया के डॉक्टर अरुण कुमार ने उसका पोस्टमार्टम किया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बाघिन की मौत पेट में अंदरूनी चोट से होना दर्शाया गया है। बाघिन की उम्र करीब 10 वर्ष है। रेंजर नरेश पाल सिंह ने बताया कि डीएफओ के निर्देश पर बाघिन के शव को रेंज कोठी परिसर में दफना दिया है। माना जा रहा है कि बाघिन के पेट में चोट किसी वन्य जीव से हुए संघर्ष में लगी होगी और यही चोट उनकी मौत की वजह बनी होगी।

## होली पर विवाद के बाद एक दोस्त ने दूसरे दोस्त को मारी गोली, हुई मौत

**लखीमपुर खीरी** .सदर कोतवाली क्षेत्र में होली पर सोमवार शाम विवाद के बाद एक दोस्त ने दूसरे दोस्त को गोली मार दी। गोली लगने से युवक लहूलुहान होकर गिर पड़ा गया। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजाए जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जानकारी के मुताबिक मोहल्ला राजगढ़ निवासी उज्ज्वल उर्फ सागर वाजपेई और अभिषेक शुक्ला दोनों दोस्त थे सोमवार की शाम दोनों का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताते हैं कि गुस्साए अभिषेक ने उज्जवल पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगने से उज्ज्वल गंभीर रूप से घायल हो गया मामले की जानकारी मिलने पर पहुंचे सदर कोतवाल अंबर सिंह ने घायल को जिला अस्पताल भेजाए जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। फ्लिहाल पीड़ित परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है।

## हाईटेंशन विद्युत लाइन से छू गया डीजे करंट लगने से सात लोग घायल

**लखीमपुर खीरी.** थाना नीमगांव क्षेत्र के अल्हवापुर गांव में सोमवार को होली के मौके पर हादसा हो गया। डीजे लेकर गए बहादुरपुर गांव निवासी कई लोग करंट की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि डीजे हाईटेंशन विद्युत लाइन से छू गया था। इससे उसमें करंट फैल गया और सात लोग करंट लगने से घायल हो गए। कई की हालत गंभीर बताई गई है गंभीर रूप से झुलसे दो लोग ओयल रेफर और दो को बेहजम के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जेई बेहजम अमित भारद्वाज ने बताया कि अभी एक के करंट लगने की सूचना मिलीए जबकि चौकी प्रभारी ने बताया कि सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचे। चार पांच लोगों को करंट लगा है। होली पर हुए हादसे से गांव में हड़कंप मच गया।

# होली के दिन कई स्थानों पर रंग लगाने को लेकर हुआ हंगामा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी.** होली के दिन कई स्थानों पर रंग लगाने को लेकर हंगामा हुआ। होलिका से लकड़ी हटाने और पानी डालने को लेकर गांव किशुनपुर अजीत में विवाद हो गया। पुलिस और ग्रामीणों में विवाद के बाद हंगामा हुआ। रातभर पंचायत के बाद ग्रामीणों ने होली मनाई। इससे पुलिस के हाथ पैर फूल गए किशनपुर अजीत में होलिका स्थल के चारों ओर कई लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। इससे वहां जगह कम हो गई। रविवार की रात होलिका पर अधिक लकड़ी ग्रामीणों ने डाल दी। इससे एक अतिक्रमणकारी ने होलिका से कुछ लकड़ी हटा दीं और पानी डाल दिया। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने भी अतिक्रमणकारियों का सहयोग कियाए जिससे ग्रामीण उत्तेजित हो गए। बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो गई हंगामा होने पर पुलिस ने ग्रामीणों को हटाने के लिए लाठियां फ्टकारीं। इससे ग्रामीणों ने पुलिस कार्रवाई पर आक्रोश जताते हुए होलिका में आखत डालने से मना कर दिया।

इसकी सूचना मिलते हो थानाध्यक्ष दीपक राठौर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने की प्रयास किया। काफी देर बाद ग्रामीण होली मनाने को राजी हुए ग्रामीणों ने बताया कि कुछ सिपाही नशे में थेए इसके मामला बिगड़ गया। ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष के सामने अतिक्रमणकारियों और कुछ सिपाहियों की मिलीभगत का आरोप लगाया। पूरा घटनाक्रम रात 10 बजे से सुबह चार बजे तक चला। थाना प्रभारी दीपक राठौर ने बताया कि कोई मारपीट नहीं हुई थीए समझाने पर दोनों पक्ष मान गए। अब कोई विवाद नहीं है पसगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भौनापुर में शराब के नशे में एक युवक की पिटाइ कर दी गई। होली के दिन भौनापुर निवासी सौरभ वर्मा पंचायत घर में साथियों संग खा पी रहा था। इसी दौरान उसके साथियों में कल्लूए दिनेश सहित चार लोगों ने उसकी लाठी डंडे से पिटाई कर दीए इससे वह चोटिल हो गया।

पुलिस ने उसे सीएचसी में भेजा। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। दो पक्षों में विवादए मुकदमा दर्जउचौलिया क्षेत्र के गांव मोहनपुर ग्रंट नई बस्ती में दो पक्षों में गाली.गलौज और मारपीट होने पर दोनों ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र में गांव सहिजना निवासी पीयूष अवस्थी ने मुकदमा दर्ज कराया है कि रविवार शाम छह बजे वह अपने गांव से उचौलिया आ रहा था।

रास्ते में मोहनपुर ग्रंट नई बस्ती निवासी सर्वजीतए सुखविंदर और नेता ने उसे रोककर गाली.गलौज की और मारपीट कीए इससे वह चोटिल हो गया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। दूसरे पक्ष से सुखविंदर ने मुकदमा दर्ज कराया है कि सहिजना निवासी पीयूषए रिंकूए मनोज और एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर के दरवाजे पर आकर गाली.गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कीए बचाने आये परिजन को भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

## इमरान मसूद, माजिद समेत चार ने किये नामांकन पत्र दाखिल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सामान्य लोकसभा निर्वाचन-2024 की चल रही नामांकन प्रक्रिया के आज सातवें दिन सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद, बसपा प्रत्याशी माजिद अली ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल



किए। इनके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मा. राशिद व शबनम कुरैशी ने भी अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

कलक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में चल रही नामांकन प्रक्रिया को निर्विघ्न व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के लिए कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। मुख्य द्वार से नामांकन स्थल तक तीन स्थानों पर बैरिकेटिंग की गई है। इसके अलावा जिला मुख्यालय में प्रवेश करने वाले सभी द्वारों पर भी बैरिकेटिंग की गई है। उम्मीदवारों के साथ अनावश्यक भीड़ को रोकने के लिए बैरियर भी लगाए गए हैं। आज नामांकन प्रक्रिया के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक समेत आला अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की कमाल संभाली हुई थी। आज सबसे पहले कांग्रेस-सपा गठबंधन उम्मीदवार इमरान मसूद अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए पहुंचे। उनके साथ जिलाध्यक्ष चौ. मुजफ्फर अली, महानगर अध्यक्ष वरूण शर्मा, सपा एमएलसी शाहनवाज खान, सपा जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद, अशोक जैन व अन्य लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अलावा बसपा उम्मीदवार माजिद अली भी नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे जिनके साथ बसपा जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश को-आर्डिनेटर नरेश गौतम, मेहरबान मुखिया नामांकन कराने पहुंचे। नामांकन के दौरान चौ. अजब सिंह, अनिल धारिया, प्रताप सिंह, एस. आलम सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी मा. राशिद अली व शबनम कुरैशी ने भी अपने-अपने प्रस्तावकों के साथ अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया के दौरान न्यायालय में केवल आवश्यक कार्य हेतु ही लोगों को प्रवेश दिया जा रहा था।

## प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक होंगे आज नगर में

**सहारनपुर।** लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजते के साथ ही वीआईपी राष्ट्रीय नेताओं का जनपद में आगमन शुरू हो गया है जिसके तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती की जनसभाओं व कार्यक्रमों की घोषणा भी हो चुकी है। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया अंतिम दौर में चल रही है जो बुधवार को समाप्त हो जाएगी। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच व चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। इसके साथ ही चुनाव प्रचार का अभियान भी शुरू हो चुका है जिसके चलते 27 मार्च को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का दौरा तय हो चुका है जिसके चलते वह कई कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसके अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 28 मार्च को गांधी पार्क स्थित सेठ गंगाप्रसाद माहेश्वरी सभागार में प्रबुद्ध सम्मेलन को सम्बोधित करने पहुंचेंगे।

## हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया होली का पर्व

*अवधनामा संवाददाता*

'रंग बरसे भीगे चुनरवाली' गीत पर लगे ठुमके

हुड़दंगियों ने डीजे व ढोल की थाप पर किया जमकर डांस

सहारनपुर। जनपद भर में होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। नगर व क्षेत्र होली के रंगों में सराबोर नजर आये। जगह-जगह हुड़दंगी ढोल की थाप पर सभी को होली की मुबारकबाद देते दिखाई दिये और कई उत्साही युवकों ने होली के अवसर पर वाहनों में सवार होकर हुड़दंग करते हुए होली के गीतों का लुत्फउठाया और एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की हार्दिक बधाई दी।

होली पर्व पर होली के गीतों की पूरी धूम मची रही। होली पर्व पर लोगों ने सुबह 10.00 बजे के बाद ही होली खेलनी आरम्भ की। लेकिन दूसरी तरफछोटे-छोटे बच्चें सुबह 9 बजे से ही छतों पर चढ़कर लोगों को गुब्बारे मारते हुए नजर आये। 'रंग बरसे भीगे चुनरवाली' गाना लोगों की पहली पसंद बना रहा। लोगों ने इस गीत पर जमकर डांस किया और एक-दूसरे के घर में कई तरह के व्यजनों का स्वाद चखा और फ्रि गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। होली पर्व पर युवाओं एवं बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। उन्होंने ढोल की थाप पर होली के गीतों का आनंद लिया और जमकर होली खेली। कई उत्साही युवक बाईक व अन्य वाहनों पर निकल पड़े और ढोल की थाप पर होली के गीतों में रम गए। इस बार होली में खुलकर रंगों का प्रयोग किया गया और होली पर्व पर उत्साही युवक अपनी-अपनी टोलियों में गीत गाते हुए होली की मस्ती में नजर आये। इस दौरान पूरा शहर होली के रंगों में नजर आया। होली पर्व को लेकर इस बार लोगों में ज्यादा उमंग देखी गई। होली खेलने का सिलसिला इस बार पहले की अपेक्षा 3 बजे तक चलता रहा। देर शाम फ्रि लोगों ने गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। पर्व पर लोगों ने एक-दूसरे को मिठाईयां व उपहार भी बांटे। नगर के विभिन्न चौराहों पर युवक डीजे की धुन पर देर शाम तक

## चार लोगों के खिलाफमारपीट का मुकदमा दर्ज

**लखीमपुर खीरी.** मोहम्मदी क्षेत्र के एक गांव में रंग लगाने को लेकर हुए मारपीट के मामले चार लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव कौड़ेली निवासी गुड्डी पत्नी महफूज शाह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 मार्च को शाम छह बजे के करीब पीड़िता अपने घर के अंदर पुत्री के साथ थीए तभी गांव मेवारामए राजकुमारए नन्हे गुड्डू हाथों में लाठी डंडा और गुलाल लेकर घर के अंदर घुस गए। पीड़िता के ऊपर गुलाल लगाने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता और उसके पति महफूज शाह के साथ गाली गलौज कर लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। चिल्लाने पर आस.पास के लोगों को आता देखकर कर जान से मार डालने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मेबारामए राजकुमार नन्हे गुड्डू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के गांव मियांपुर में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट के मामले में एक व्यक्ति ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के गांव मियांपुर कालोनी निवासी मुकेश सरकार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 मार्च को दोपहर तीन बजे के समय अपनी दुकान के सामने खड़े होकर बुआ से बात कर रहा था चुनावी रंजिश के चलते हुए गांव के सानन्द दास एआनन्द दासए प्रहलाद दास ए पवित्र दास ने पीछे से डंडे से सिर पर वार कर दिया जिससे बह जख्मी हो गया। विरोध करने गाली गलौज करते हुए जान से मार डालने की धमकी देते हुए भाग गये।

## 65 वर्षीय बुजुर्ग किसान की कुएं में गिरकर हुई मौत परिजनों में मचा कोहराम



**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र की चौकी थुलेंडी अंतर्गत ग्राम सभा घुरौना मे उस समय हड़कंप मच गया जब कुएं में बुजुर्ग किसान का शव मिला। मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार को 65 वर्षीय किसान सुरेश कुमार शुक्ला पुत्र मुन्नू लाल शुक्ला निवासी घुरौना दोपहर 3 बजे के आसपास घर से अपने खेत की नीलगायों को भगाने गये हुए थे और वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की रात 9 बजे के करीब गांव के बाहर मृतक के खेत के पास एक कुएं में शव पाया गया शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया तत्काल पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज वागीश मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के बड़े भाई दिनेश चंद शुक्ला ने बताया कि मृतक किसान था खेतों से नील गाय बहुत परेशान करती थी अक्सर उन्हें भगाने चले जाते थे और उस दिन भी वह खेत गए हुए थे खेत के पड़ोस में एक बाग में झाड़ी झंकार से बन्द एक सपाटू कुआं था जिसे वह देख नहीं पाए और जानवरों को भागते समय पैर फिसलने से सम्भवतः कुएं में गिर गए जिससे यह दुर्घटना घटित हो गई है और मौत हो गई इससे पूर्व भी सपाटू कुआं होने के कारण कई जानवर गिरकर मौत के आगोश में समा चुके हैं। फिलहाल मृतक किसान के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## मंदिर में भगवान श्री का महाभिषेक करते आयोजक

**सहारनपुर।** इस्कॉन मंदिर में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर भगवान श्री का महाभिषेक कर राष्ट्र के मंगलमय होने की कामना की गई।

जनता रोड स्थित इस्कॉन मंदिर में भगवान श्री का महाभिषेक किया गया। जिसमें जगन्नाथ रथ यात्रा समिति के अध्यक्ष भारत कर्णवाल और उनकी धर्मपत्नी, कुलदीप धमीजा, प्रदीप धमीजा ने परिवार समेत भक्तों के साथ भगवान श्री का महाभिषेक किया और पूर्णिमा के अवसर पर इस्कॉन मंदिर में फूलों की होली भी खेली गई। इस दौरान हजारों की संख्या में भक्तों ने भगवान श्री के साथ फूलों की होली खेली और सभी ने हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, कृष्णा-कृष्णा हरे हरे के जयकारों से मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया और महामंत्र का जाप किया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में आये सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का लिया निर्णय

## अभिभावकों को मतदान के प्रति किया जायेगा जागरूकः सुरेन्द्र

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र के आह्वान पर सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूलों के संगठन प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसायटी की बैठक मे लोकसभा चुनाव मे मतदान प्रतिशत बढाने के लिए बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को जागरूक करने के साथ साथ आस पास के क्षेत्रों मे जनजागरूकता रैलियां निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक मे उपस्थित सभी स्कूल संचालकों व प्रधानाचार्य को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार मे आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसायटी की अध्यक्ष नर्गिस मलिक ने कहा कि सभी स्कूल संचालक बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों व अन्य मतदाताओं को जागरुक करने मे महत्वपूर्ण भूमिका



अदा करेंगे, ताकि इस बार भी सहारनपुर जनपद को मतदान प्रतिशत मे पहले पायदान पर कायम रखा जा सकें।

प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसायटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदान की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सहारनपुर के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम किया जायेगा। जिसके तहत बच्चे अपने माता पिता से मतदान जागरूकता संबंधी शपथपत्र भरवाने का कार्य करेंगे।

महासचिव सुधीर जोशी ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार नागरिकों का संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार है, जिसका प्रयोग कर जनता को योग्य व ईमानदार व्यक्ति को जनप्रतिनिधि चुनना चाहिए। उन्होने कहा कि स्कूल कालेज अपने के आस पास के क्षेत्रो मे जनजागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरुक करेंगे। बैठक मे संयोजक सुरेन्द्र चौहान ने उपस्थित सभी प्रधानाचार्यो व स्कूल संचालको मतदान की शपथ भी दिलायी। बैठक में सेंट मैरी एकेडमी की प्रधानाचार्य सिस्टर जेरीन, सिस्टर मेरी, पाइनवुड स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर संजीव जैन, स्किल्ड स्कूल के डायरेक्टर लक्ष्य सिंघल, अपूर्व सिंघल, एम.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अनुज सैनी आदि मौजूद रहे।

## देश के लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए इंडी गठबंधन होगा विजयीः इमरान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कांग्रेस-सपा गठबंधन उम्मीदवार इमरान मसूद ने कहा कि देश का लोकतंत्र खतरे में है और संविधान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिसे बचाने के लिए यह चुनाव लड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस-सपा गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद ने आज नामांकन करने के बाद जिला मुख्यालय परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में हैं। संविधान का मजाक उड़ाया जा रहा है और मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा जा रहा है। देश का युवा बेरोजगार है तथा देश में महंगाई की मार है, जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। इस कारण आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक की ध्वजवाहक इंडिया है और दूसरे की ध्वजवाह एनडीए है। उन्होंने कहा कि इंडिया गंठबंधन युवाओं, महिलाओं,



बुजुर्गों समेत प्रत्येक व्यक्ति की समस्या के निराकरण का पक्षधर है। जबकि एनडीए एक विपरीत दिशा में जा रहा है। उन्होंने बसपा व रालोद पर निशाना साधते हुए कहा कि वह ऐसे लोग हैं जो बीच का रास्ता बने हुए हैं। इधर या उधर यह उनकी सोच है। उन्होंने कहा कि बसपा ने चुनाव में ऐसे उम्मीदवार उतारे हैं जो एनडीए को लाभ पहुंचा रहे हैं। लेकिन इस बार इडिया गठबंधन इन सबका करारा जवाब बनेगा।

# कुरान एक मोजेजा,कुरान हमें बंदगी का देती है दर्शः हाफिज मोहम्ममद नौसाद

*अवधनामा संवाददाता*

**सतांव, रायबरेली।** रमजान शरीफ के 14 वें रोजे को जोहवा शर्की के में हाफिज मोहम्मद नौशाद



ने तरावीह मुकम्मल की तरावीह मुकम्मल होते ही हाफिज हाफिज मोहम्मद नौशाद ने बारगाहे परवरदिगार में आलमे इस्लाम के लिए दुआ की और अपने रब से कहा पालनहार दुनिया में जो परेशान हाल हैं उनकी परेशानी को दूर कर दे जो रोजी से परेशान हैं उन्हें रिज्क हलाल अता कर जो नमाज नहीं पढ़ते उन्हें नमाज पढ़ने की तौफीक आता कर या रशूलुल्लाह उंजुर हालना या रशूलुल्लाह इश्माकालना हम गुनाहों में डूबे हुए हैं हम शियाकार हैं, बदकार हैं लेकिन तेरे महबूब सल्लल्लाहु के उम्मत है हमारी खताओं को बख्श दे या अल्लाह हम गुनहगार तेरे सामने खड़े हैं हम तुझसे ही मदद मांगते हैं रहम कर करम कर मेरे मौला लोगों ने अपने परवरदिगार से नम आंखो के साथ रो रो कर दुआ की वहीं मस्जिद के मुअज्जिम मो.गनी ने कहा कुरआन को पढ़ो और समझो यह है हुक्में रब्बे जुल्जेलाल कहा जिस हाफिज कुराआन के सीने में मुकम्मल कुराआन जज्ब है समझो वो बहुत ही खुशनसीब वाला है कहा कुरआन हमें जिंदगी जीने का सलीका शिखाता है और कुरआन को पढ़ने वाला और सुनने वाला अल्लाह के नजदीक मुतब्बर हुआ करता है इसलिए अपने बच्चों को कुरआन के तालीमात से रोशनात करो जिंदगी संवारती हुई नजर आयेगी कहा नमाजे तरावीह सुन्नते मुकेदा है जिसे पढ़ना सुन्नत पे अमल करना होता है कहा पूरे महीने इबादतों और कुरआन की तिलावत में गुजारें और अपने रब की कुर्ब को हासिल करें। इस नमाज तरावीह मुकम्मल में हाजी मो जलील, गुलाम रहमानी, मास्टर गनी,जब्बार, रशूल, करामत अली, हाशिम अली,फारूक अली,मो अली कुरैश, सदाकत कुरैशी, मो. गुलाम रशूल कुरैशी, आजाद खान,आस मो.खान, नफीश खान, मो असलम,मो. समी, मो. खलील,मो सकील, मो.इरशाद, मो. इसरार, मो. जावेद मो. परवेज, मो. करीम, नुरुल हसन, जियाउद्दीन, अजीम, इमरान, रसीद, फैमू शेख अंसार रजा, मो. हारून इरफान, रहमान आदि लोग उपस्थित रहें।

## भाजपा-बसपा के बीच होगा सीधा मुकाबलाः माजिद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार माजिद अली ने कहा कि सर्वसमाज के बल पर उनकी पार्टी चुनाव लड़ रही है और मजबूती के साथ चुनाव लड़कर एक बार फ्रि जीत का परचम लहराने का काम किया जाएगा। आज नामांकन करने के उपरांता पत्रकारों को बसपा की नीतियों और विचारधारा से अवगत कराते हुए कहा कि पार्टी सर्वसमाज को साथ लेकर चलती है जिसके बल पर चुनाव लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग हवा-हवाई होते हैं, उनका कोई भी सरोकार नहीं है। उन्होंने सपा-कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका कोई भी वोट आधार नहीं है। किस आधार पर वह अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा तथा बसपा के बीच सीधा मुकाबला है जिस कारण बसपा को एक बार फ्रि सर्वसमाज का भारी जनसमर्थन मिल रहा है जिनके बल पर वह अपनी जीत सुनिश्चित करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सर्वसमाज को एक कर



भाईचारा मजबूत करना चाहती है और प्रत्येक वर्ग को इंसाफमिले। इसके लिए हर वर्ग की लड़ाई भी लड़ती है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी ने जब-जब सत्ता संभाली है, तब-तब विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। जनपद को मंडल का दर्जा, मेडिकल कालेज, स्पोर्ट्स कालेज, नगर निगम, नगर पालिका सहित अन्य अनेक सुविधाएं देने का काम किया है और लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर जनता के मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठाया जाएगा।

## सरस्वती पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सरस्वती पब्लिक स्कूल का सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सभी बच्चो के माता- पिता और अभिभावकों ने अपने बच्चो का रिपोर्ट कार्ड प्राप्त करते हुए बच्चो के शैक्षिक एवं बौद्धिक विकास के बारे मे शिक्षकों से चर्चा की। सरसावा क्षेत्रान्तर्गत सौराना स्थित सरस्वती पब्लिक स्कूल का मंगलवार को नर्सरी से कक्षा ग्यारह तक का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को विद्यालय के प्रबंधक विनेश कुमार त्यागी, प्रधानाचार्या श्रीमती अल्पना चौधरी व सुरेश चंद शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या श्रीमती अल्पना चौधरी व सुरेश चंद शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की निरंतर प्रयास व एकाग्रता के साथ किया गया अभ्यास हमेशा सफ्लता की ओर लेकर जाता है। कहा कि बच्चो की सफ्लता में अभिभावकों एवं अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसलिए हमेशा उनका सम्मान करें । प्रबंधक विनेश कुमार त्यागी ने सभी सफ्लतम विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय क्षेत्र के बच्चों को पिछले 32 वर्षो से निरन्तर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है और भविष्य मे भी प्रतिबद्ध रहेगा।

# नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफफैशन टेक्नोलॉजी में सीएमएस की 10 छात्राएं चयनित




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की 10 प्रतिभाशाली छात्राओं ने नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी परीक्षा (एन.आई.एफटी.-2024) में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में चयनित सी.एम.एस. छात्राओं में सौम्या चौधरी, साक्षी सक्सेना, रोशनी मूलचंदानी, मानसी वर्मा, मानसी सक्सेना, कशिश अग्रवाल, दिति अरोड़ा, आविशी यादव, अरीबा अंसारी एवं आकृति सिंह शामिल हैं। परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी (एन.टी.ए.) द्वारा किया गया, जिसके परिणाम अभी हाल ही में घोषित किये गये हैं। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय की इन होनहार छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है, साथ ही सी.एम.एस. शिक्षकों का आभार व्यक्त किया, जो छात्रों में निहित प्रतिभा व उनकी रूचियों को पहचानकर उसी के अनुरूप छात्रों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के साथ विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। अब ये छात्रायें परीक्षा के आगे के चरणों में भी सफलता अर्जित कर देश के प्रख्यात फैशन संस्थानों में एडमीशन लेकर अपनी रूचि के अनुसार फैशन टेक्नोलॉजी, डिजाइनिंग एवं मैनेजमेन्ट के क्षेत्र में उच्चशिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर पायेंगी। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्राओं के निफ्ट में चयन पर सी.एम.एस. परिवार गौरवान्वित है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। यह प्रसन्नता का विषय है कि विभिन्न प्रोफेशनल प्रतियोगिताओं एवं बोर्ड परीक्षाओं में सी.एम.एस. के मेधावी छात्र साल-दर-साल कीर्तिमान स्थापित करते आ रहे हैं। विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी सी.एम.एस. छात्रों ने जेईई, एन.आई.एफटी. आदि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर रिकार्ड कायम किया है।

# जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस और यूनिवर्सिटी ऑफ डेनवर, यूएसए के बीच शिक्षा सहयोग करार हुआ

अवधनामा संवाददाता





**गाजियाबाद।** जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस और यूनिवर्सिटी ऑफ डेनवर, यूएसए, ने शिक्षा की सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं के आदान-प्रदान के प्रोत्साहन की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए 26 मार्च, 2024 को गाजियाबाद में एक सहयोग करार किया। एमओयू हस्ताक्षर समारोह जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित किया गया।

एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर डेनवर विश्वविद्यालय (डीयू) के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और जैपुरिया समूह की लीडरशिप टीम भी मौजूद थी। करार के तहत दो शिक्षा संस्थानों के बीच 6 प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग का प्रावधान है, जिनमें छात्र और संकाय आदान-प्रदान, सहयोगी अनुसंधान परियोजनाएं, सहयोगात्मक ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण परियोजनाएं, ज्ञान विनिमय कार्यक्रम, पारस्परिक हित के क्षेत्रों में अन्य शैक्षणिक सहयोग शामिल हैं। डेनवर विश्वविद्यालय के डेलिगेशन में 10 सदस्य थे जो प्रोवोस्ट और कार्यकारी वाइस चांस्लर मैरी क्लार्क और वाइस प्रोवोस्ट (अंतर्राष्ट्रीयकरण संबंध) डॉ. उत्तियो रायचौधरी के साथ-साथ डीन और निदेशक सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मौजूद थे। जैपुरिया समूह का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष शिशिर जैपुरिया; डॉ. दविन्दर नारंग, निदेशक, जैपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट; डॉ. राजीव आर. ठाकुर, महानिदेशक, जपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस और सुश्री शालिनी नांबियार, निदेशक प्रिंसिपल, सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, गाजियाबाद ने किया। जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष शिशिर जैपुरिया ने इस अवसर पर कहा, ''इस करार से जैपुरिया ग्रुप और डेनवर विश्वविद्यालय मिल कर एक नई ऊर्जा से काम करेंगे। एनईपी 2020 का विजन साकार करने में योगदान देंगे जिसके तहत शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण, सहयोग से अनुसंधान और पूरी दुनिया के छात्रों और शिक्षकों के आदान-प्रदान पर जोर दिया गया है। इससे भारत और अमेरिका के बीच शिक्षा संबंध मजबूत होगा। प्रोवोस्ट और कार्यकारी वाइस चांस्लर मैरी क्लार्क ने कहा, ''डेनवर विश्वविद्यालय पूरी दुनिया के संस्थानों से ज्ञान की साझेदारी और सबसे अच्छी शिक्षा पद्धतियों के आदान-प्रदान का प्रगतिशील दृष्टिकोण रखता है। जैपुरिया ग्रुप से इस करार का लक्ष्य नए विचारों, प्रतिभाओं और विशेषज्ञताओं के माध्यम से शिक्षा जगत में बड़े बदलाव की नई संभावनाओं पर काम करना है। डेनवर विश्वविद्यालय को बहुत उच्च स्तरीय अनुसंधान के लिए (कार्नेगी फाउंडेशन द्वारा) R1 का दर्जा दिया गया है। यह एक प्राइवेट युनिविर्सिटी है जो फैकल्टी और छात्रों के उच्च स्तरीय अनुसंधान, सामुदायिक पहल और भागीदारी के माध्यम से मानवता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा क्षेत्र में जैपुरिया की 78 साल की विरासत है।

# मंत्री नंदी और पूर्व महापौर अभिलाषा के स्टीकर लगे होली गिफ्ट बंटे

- लोगों ने जताई आपत्ति कि प्रशासन से शिकायत
- जिलाधिकारी ने कहा मामला मेरे संज्ञान में नहीं

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज रामपुर में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी और उनकी पत्नी पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी का स्टीकर लगा उपहार बंटने आया तो कॉलेज प्रशासन उसका विरोध कर लिखित सूचना एसडीएम करछना को भेजी। प्रशासन की टीम ने वहां जाकर निरीक्षण किया तो लोग जा चुके थे। मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। प्रकरण की जांच की जा रही है। मामले में जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल का कहना है कि प्रकरण मेरे संज्ञान में नहीं है। मामले को दिखवाते हैं। शिकायत आती है तो जांच कराते हैं।

बताया जाता है कि कॉलेज में एक राजनीतिक पार्टी का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान दो गाड़ियों से कुछ लोग पहुंचे। उन्होंने वहां उपहारों से बैग बांटने शुरू कर दिए, जिस पर मंत्री और पूर्व महापौर की फोटो लगी थी। यह बात सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसकी जानकारी बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनीष तिवारी को हुई तो उन्होंने विरोध जताया। साथ ही तहसील प्रशासन को भी सूचना दी।

प्रधानाचार्य ने एसडीएम को सूचित किया कि कॉलेज में अवकाश के समय कुछ महिलाओं को उपहार बांटे जाने थे, विरोध करने पर लोग चले गए। यह आदर्श आचार संहिता के विरुद्ध है। हालांकि, पूरी मामले की सच्चाई अभी सामने नहीं आ पाई है। चूंकि, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की पत्नी अभिलाषा गुप्ता ने भी लोकसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी की है। इसलिए मामला चर्चा में हैं।

# साम्प्रदायिक ताकतों को देश से उखाड़ने के लिए कमर कस चुके है: डॉ राम करण

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामकरण निर्मल ने कहा है कि देश एवं प्रदेश से सांप्रदायिक एवं विघटन कारी, पूंजीवादी, आरक्षण विरोधी ताकतों को उखाड़ फेंकने के लिए सपा लोहिया वाहिनी के कार्यकर्त्ता कमर कस चुके हैं। उन्होंने कहा कि डॉ लोहिया ने कहा था कि जब सड़के सूनी हो जाती हैं तो संसद आवारा हो जाती है। ये बातें डॉ निर्मल ने आज सपा कार्यालय जार्ज टाउन में लोहिया वाहिनी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कहीं।

उन्होंने समाजवादी पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं का आह्वाहन करते हुए कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं डॉ राममनोहर लोहिया ने समता मूलक समाज की स्थापना, समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने, समाज में गैर बराबरी, शोषण, अत्याचार को दूर करने का जो सपना देखा था उसे पूरा करने के लिए सपा संस्थापक मा मुलायम सिंह यादव ने आजीवन संघर्ष किया। मुख्य वक्ता विधान परिषद् सदस्य डॉ मान सिंह यादव ने कहा कि यह सच है कि जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है लेकिन प्रशिक्षित और अनुशासित सिपाही ही लक्ष्य भेदने में सफल हो सकता है। ऐसे में जोश के साथ होश बनाये रखने की भी जरुरत है। सपा जिलाध्यक्ष गण अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन ने लोकसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताते हुए सभी मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन लोहिया वाहिनी गंगापार इकाई के जिलाध्यक्ष नवीन यादव ने किया। यमुनापार के जिलाध्यक्ष पवन सिंघल पटेल एवं महानगर अध्यक्ष शुभम भारतीय ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अन्य नेताओं में धर्म राज सिंह पटेल, अमर नाथ सिंह मौर्य, राजू पासी, रविन्द्र यादव एडवोकेट, पूर्व प्रमुख संदीप यादव, अखिलेश गुप्ता, मो गौस, आसुतोष तिवारी, नाटे चौधरी, महेन्द्र सरोज, राम अवध पाल,सुशील यादव, चौधरी रमेश यादव, राजेश आकाश यादव, छविराम, बंटी यादव, विनोद आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## पश्चिम बंगाल से राजकीय महाविद्यालय की मिली मान्यता

**इटावा।** पिछले 18 वर्षो से नृत्य एवं कला के क्षेत्र मे निरंतर कार्य कर रही शुभेद्र सिंह मेमोरियल रेड चिली अकादमी ऑफ़ डांस एंड आर्ट्स को पश्चिम बंगाल से राजकीय महाविद्यालय की मिली मान्यता। अब इटावा मे साढ़े तीन साल के बच्चे से लेकर युवा तक सभी लोग शुभेद्र सिंह मेमोरियल रेड चिली अकादमी ऑफ़ डांस एंड आर्ट्स मे नृत्य की शिक्षा कर सकेंगे ग्रहण। पश्चिम बंगाल से संगीत एवं कला की राजकीय मान्यता मिलने के बाद इटावा के लोग डिग्री लेकर किसी भी विद्यालय मे नृत्य के शिक्षक के रूप मे नियुक्त। शुभेद्र सिंह मेमोरियल रेड चिली अकादमी ऑफ़ डांस एंड आर्ट्स का निर्माणधीन विद्यालय द्वीप किरण नर्सिंग होम के सामने है जो जुलाई 2024 तक पूर्ण रूप से शुरू हो जायेगा।उपरोक्त विद्यालय के निदेशक शीलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया की संगीत कला विद्यालय मे विष्णु देव विश्वकर्मा जी क्लासिकल एंड वोकल के एच ओ डी, संजीव यादव सरल गायन के एच ओ डी, चंचल गोयल फाइन आर्ट्स व स्वदेश डेकोश्ता सरल संगीत की शिक्षा प्रदान करेंगे।

## होली समारोह की दी हार्दिक शुभकामनाएं



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सीएसएच पावर हिमोइन्सा प्राइवेट लिमिटेड और अशोक लीलैंड के नॉर्थ सेल्स हेड शिशिर श्रीवास्तव और लखनऊ शाखा के एजीएम अश्वनी श्रीवास्तव और सेल्स डीलर अमर इलेक्ट्रिकल के रिंकू होली के समारोह में सभी को हार्दिक शुभकमनाएं दी। श्री सुरेश दुबे जी सेल्स की टीम को प्रमोट किया।

## न्यू सेनानी विहार कालोनी जन कल्याण समिति द्वारा होली मिलन समारोह मनाया गया

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** होली के शुभ अवसर पर 25 मार्च 2024 को न्यू सेनानी विहार जल कल्याणा समिति के सदस्यों द्वारा होली मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी व क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने 'स्वच्छ होली सुरक्षित होली' का नारा देते हुए त्यौहार मनाने का संकल्प किया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष योगेन्द्र नाथ तिवारी, सचिव उमा शंकर सैनी, कोषाध्यक्ष छेदीलाल सैनी, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश प्रजापति, संगठन मंत्री गोविन्द राज, राम कुमार, डा सुधीर तिवारी, अजय सैनी, गुलशन यादव, आदि मौजूद रहे।

जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के खास मेहमान, लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान के.एल. राहुल ने छात्रों को भावी लीडर बनने की प्रेरणा दी

## छात्रों के सामने असाधारण बल्लेबाजी के नमूने पेश किए



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ के दौरे पर आए एलएसजी के कप्तान के.एल. राहुल ने मैनेजमेंट की पढ़ाई को बहुत महत्वपूर्ण बताया और विद्यार्थियों से भविष्य में बड़े बदलाव की कमान संभालने की अपील की। के.एल. राहुल वर्तमान में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हैं और उन्होंने छात्रों के सामने असाधारण बल्लेबाजी के कुछ नमूने भी पेश किए। उनका क्रिकेट कौशल प्रत्यक्ष देख कर सभी दंग रह गए। सब के पसंदीदा क्रिकेटर ने विद्यार्थियों से काफी बातें की और बताया कि कारगर प्रबंधन कौशल और खेल में सफलता के बीच कितनी समानता है। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने कैंपस में सेलिब्रिटी क्रिकेटर से मिलने की खुशी जाहिर करते हुए इसे यादगार अवसर बताया। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ की छात्रा चारु अग्रवाल ने कहा, ''हमारे कॉलेज कैंपस में के.एल. राहुल से मिलना, ऐसा अवसर जीवन में एक बार मिलता है और हम सभी इससे बेहद उत्साहित हैं और इसका अधिक से अधिक आनंद उठाने के लिए तैयार हैं। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ की एक अन्य छात्रा खुशी सारस्वत का कहना है, ''के.एल. राहुल से प्रत्यक्ष मिलना सपना सच होने जैसा है और हम उनकी सूझबूझ भरी बातें सुनने को बेसब्र हुए जा रहे हैं। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ के छात्र देवेश बाजपेयी ने कहा, '' के.एल. राहुल के जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट आने से हमारे जीवन में एक नया सवेरा होने वाला है। यह इस खेल के दीवानों को अपने चहेते क्रिकेटर से मिलने का अनोखा अवसर है। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान होने के नाते के.एल. राहुल ने संस्थान के छात्रों से कहा कि उन्हें शुभकामनाएं और समर्थन दें। उनके संस्थान पहुंचने से छात्रों का हौसला बुलंद हुआ। के.एल. राहुल की मेजबानी कर संस्थान ने पढ़ाई और खेल दोनों में जुनून के साथ छात्रों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के प्रति समर्पण का परिचय दिया है। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. खालिद समदी ने कहा, ''हमारे परिसर में के.एल. राहुल का आना और उनका बहुमूल्य अनुभव हमारे छात्रों को बताना हम सभी के लिए सम्मान की बात है। उनके आगमन से हमारे छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रबंधन कौशल की नई सूझबूझ मिली है और वे करियर के सफर में आने वाली चुनौतियों से निपटने में निपुण होंगे। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ और सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के छात्रों ने के.एल. राहुल के जैपुरिया लखनऊ परिसर आने के प्रति आभार व्यक्त किया और उत्कृष्टता, सत्यनिष्ठा और नवाचार के मूल्यों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता की सराहना की।

## बच्चों के साथ हर्षोल्लास से मनाया होली उत्सव

**प्रयागराज।** भाविनी वेलफेयर सोसाइटी के अंतर्गत संचालित भाविनी डे केयर सेंटर अशोकनगर प्रयागराज के प्रांगण में होली उत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था की सचिव पूनम सिंह ने गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्पेशल बच्चों में तेजस्वी सिंह (कृष्णा,) दर्शनी विशाल (राधा), साइना (रुक्मणी की वेशभूषा में थे। संस्था की सचिव ने इन सभी बच्चों की पूजा अर्चना की। सभी बच्चों, अभिभावक, टीचर्स ने सभी को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सभी बच्चों ने एक दूसरे अबीर गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली। बरसाने की होली का मनोहारी दृश्य देखने को मिला। सोनल श्रीवास्तव, मीनाक्षी सिंह, मंजुला ने खाने पीने का स्टाल लगाए। शरद श्रीवास्तव द्वारा होली के गीत भी प्रस्तुत किए गए। होली के गीतों पर बच्चे और महिलाओं ने खूब उमंग के साथ नृत्य किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग सुनीता मिश्रा, सरिता पाल, शीलू सोनकर, कृष्णा चौधरी, हर्षवर्धन सिंह, डॉक्टर छविराज, प्रीति श्रीवास्तव का रहा।

# ओपेन माइक काव्य सम्मेलन का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ प्र एवं उ प्र हिन्दी संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में उ प्र हिन्दी संस्थान, लखनऊ के प्रेम चंद सभागार में 'माइक टेस्टिंग 1,2,3 ओपेन माइक काव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता, संचालन व अतिथियों का स्वागत संस्थान के अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा, आईएएस ने किया।

कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। श्री विजय प्रसाद त्रिपाठी द्वारा वाणी वन्दना प्रस्तुत की गयी। संस्थान की महामंत्री डॉ0 सीमा गुप्ता द्वारा संस्थान के क्रिया कलापों के सम्बन्ध में बताया गया। 1, 2, 3 माइक टेस्टिंग ओपेन माइक कविता पाठ संस्थान एवं प्रदेश से आये पंजीकृत 100 से अधिक साहित्यकारों ने प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल द्वारा चुने गए साहित्यकार श्रवण कुमार आदि 16 विजेता प्रतिभागियों को 5000 की धनराशि से 1000 तक की धनराशि सहित प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। विजेता साहित्यकारों के नाम इस प्रकार हैं।

सर्वश्री विपुल कुमार मिश्रा, श्रवण कुमार, अमित, डॉ. हरी प्रकाश अग्रवाल हरि, डॉ. ज्योत्सना सिंह, डॉ. सर्वेंद्र विक्रम सिंह, नीलेश ज्वाला, निर्भय निश्चल, आकर्षिका,अनमोल विश्वकर्मा, डॉ. राधा बिष्ट, डॉ.संदीप शर्मा, अभिषेक तिवारी, पुष्पेंद्र प्रेमी, आकांक्षा, सचिदानंद तिवारी शलभ इस अवसर पर राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की बेवसाइट का भी लोकार्पण किया गया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ अखिलेश मिश्रा आई ए एस द्वारा पुरस्कृत साहित्यकारों और उपस्थित अतिथि को आशीर्वचन एवं शुभकामनाएं दी गयीं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन चन्द्रदेव दीक्षित 'चन्द्र' ने किया। समारोह में संस्थान के लगभग सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# टीएमयू सीसीएसआईटी की चार अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाओं का अनावरण आज

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज़ एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएसआईटी उन्नत तकनीक के संग 240 कंप्यूटरों की नई चार लैब्स स्थापित करने जा रहा है। इनका अनावरण आज होगा। ये लैब्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- एआई, मशीन लर्निंग- एमएल, डीप लर्निंग- डीएल, साइबर सिक्योरिटी, ब्लॉकचौन टेक्नोलॉजी, डेटा साइंस, क्लाउड टेक्नोलॉजी, एंड्राइड प्रोग्रामिंग, आईओएस जैसी उन्नत टेक्नोलॉजी पर आधारित हैं। लैब्स का उद्घाटन स्टुडेंट्स के एनालिटिकल, प्रोग्रामिंग, डेटा हैंडलिंग, डेटा एनालिसिस, एंड्राइड एवं आईओएस डवलपमेंट जैसी स्किल्स को बढ़ावा देंगी। इन लैब्स का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. आरके द्विवेदी करेंगे। प्रो. द्विवेदी ने उम्मीद जताई, ये लैब्स शैक्षिणक और शोध कार्यो में मील का पत्थर साबित होंगी। उल्लेखनीय है, लैब्स शोधकर्ताओं को सीधे डवलपर्स से जोड़ेंगी। आउटरीच प्रोजेक्ट्स, स्थानीय प्रौद्योगिकी समुदाय में उद्यमियों के साथ संबंधों को बढ़ावा देंगी। अध्ययन के सभी क्षेत्रों में सीखने की प्रक्रिया के लिए व्यावहारिक प्रयोगशाला अनुभव महत्वपूर्ण हैं। जो छात्र अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए प्रयोगशाला अनुभवों में संलग्न होते हैं, वे समस्या-समाधान और आलोचनात्मक सोच कौशल विकसित करते हैं, साथ ही वास्तविक जीवन की समस्याओं से भी परिचित होते हैं। इन प्रयोगशालाओं का लक्ष्य प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक थिंक-टैंक के रूप में उभरना है और सतत विकास लक्ष्यों तक पहुंचने में उन्नत प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग के लिए कॉर्पोरेट्स और शोधकर्ताओं के बीच सहयोग में मदद करना है। आधुनिक टेक्नोलॉजी के प्रयोग हेतू इन लैब्स में इंटेल कोर आई-7 प्रोसेसर के साथ 16जीबी रैम और 512जीबी एसएसडी के सिस्टमों का इस्तेमाल किया जाएगा।

# आलोक पाण्डेय ने पीडीए में ओएसडी का कार्यभार संभाला

- शहर के सुंदरीकरण, माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई में निभाई थी महत्वपूर्ण भूमिका

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** आलोक कुमार पाण्डेय ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण में आज विशेष कार्याधिकारी का पदभार संभाल लिया है। प्रयागराज के फूलपुर के बरेस्ता कला निवासी आलोक कुमार पाण्डेय की शिक्षा इविवि से हुई थी। वह प्रयागराज विकास प्राधिकरण में विशेष कार्याधिकारी के पद पर कार्यभार संभाला। आलोक पाण्डेय सरल स्वभाव, मृदुभाषी, लोगों की मदद करने वाले ईमानदार छवि के अफसर हैं। वह बीच में सहारनपुर और प्रयागराज कमिश्नरी में सम्बद्ध रहकर अपनी सेवाएं दी।

आलोक कुमार पाण्डेय का माफियाओं और अवैध निर्माण करने वालों में खौफ रहता था। प्रदेश सरकार के निर्देश पर पीडीए ने जब माफियाओं और भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू किया तो ओएसडी आलोक कुमार पाण्डेय ने पीडीए दस्ते का नेतृत्व करते हुए माफियाओं और भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनके साम्राज्य को ध्वस्त कर दिया। आलोक कुमार पाण्डेय ने शहर के सुंदरीकरण, सड़कों के चौड़ीकरण और शहर की सड़को से अवैध निर्माणों को सख्ती से ध्वस्त करते हुए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया था।

पीडीए के ओएसडी आलोक कुमार पाण्डेय के माफियाओं और भूमाफियाओं के अवैध निर्मित भवनों के ध्वस्तीकरण की विशेषग्यता को देखते हुए प्रदेश सरकार ने लखनऊ और सहारनपुर में माफियाओं के अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिम्मेदारी दी थी जिसपर वह पूर्ण रूप से खरे उतरे।

# शिवांश और मनु ने दौलत हुसैन को बनाया चैंपियन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** शिवांश यादव के अर्धशतक (75 रन, 44 गेंद, पांच चौके, छह छक्के) और मनु राजा की बेहतरीन पारी (43 नाबाद, 26 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) के दम पर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने जय सेल्स वॉरियर्स को चार विकेट से हराकर रामबाबू पाल एवं मनोज यादव स्मृति प्रयागराज कप टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमाया। डीएवी कालेज मैदान पर शनिवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में जय सेल्स वॉरियर्स ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 210 रन (राहुल राजपाल 71, आयुष्मान पाण्डेय 48, शिवाकांत शुक्ला 31, शशांक मेहरोत्रा 20, प्रथम मिश्रा 21, मोहम्मद हम्माद 2/37, आशीष रत्नम 2/44) बनाए।

जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 19.5 ओवर में 6 विकेट पर 211 रन (शिवांश यादव 75, मनु राजा 43 नाबाद, अनस अहमद 42, हिमांशु द्विवेदी 30, आदर्श मिश्रा 2/41) बना लिए। मैच में अरुण कुमार व अभिषेक मिश्र ने अंपायरिंग एवं खुर्शीद अहमद ने स्कोरिंग की। मैच से पूर्व रणजी क्रिकेटर सतीश केसरवानी ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि नागरिक सुरक्षा कोर के चीफ वार्डन अनिल कुमार गुप्ता (अन्नू भइया) ने विजेता टीम एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व रणजी क्रिकेटर आशीष विंस्टन जैदी ने उपविजेता टीम को ट्राफी एवं व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किये। आबिद चौधरी ने मैन ऑफ द मैच शिवांश यादव को दिया। जस्टिस ग्रुप ऑफ क्रिकेट प्रयागराज की तरफ से पूर्व क्रिकेटर योगेश सिंह कुशवाहा ने अंकित यादव को बेस्ट बैटर, पूर्व रणजी क्रिकेटर सतीश केसरवानी ने अखिलेश यादव को बेस्ट बॉलर और मुख्य अतिथि ने राहुल राजपाल को मैन ऑफ द टूर्नामेंट से पुरस्कृत किया। आयोजन सचिव प्रदीप सिंह ने मुख्य अतिथि, शैलेंद्र श्रीवास्तव ने विशिष्ट अतिथि एवं प्रयाग क्रिकेट अकादमी के प्रशिक्षक रितेश जायसवाल ने राम नरेश पाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सचिव प्रशांत खरे ने अन्य अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता में विजय सिंह, शरद यादव, अनूप शुक्ला, रवि उपाध्याय, अनूप श्रीवास्तव, विमलेश सिंह, राजेश हेला ने विशेष सहयोग दिया। आयोजन सचिव प्रदीप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एजीयूपी के वरिष्ठ क्रिकेटर विनोद कुशवाहा ने किया। समारोह में शाहनवाज खान, योगेंद्र पाण्डेय, फरासत उल्ला, देवेश मिश्र, अमित पाल, कौशिक पाल, अनूप सिंह, अस्करी अब्बास, अखिलेश त्रिपाठी, मोहम्मद रिजवान, विवेक सिंह, राजेश शर्मा, विनय यादव आदि मौजूद रहे।

## 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में प्रदेश की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन हेतु 20 मार्च, 2024 को अधिसूचना जारी हुई थी। प्रथम चरण के लिए अब तक विभिन्न राजनैतिक दलों के कुल 46 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया।

आज मंगलवार को कुल 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 22 मार्च को 04 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में प्रदेश की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज मंगलवार को जिन राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

## सूचना

मैं कुलदीप कुमार पुत्र रामपाल सिंह निवासी मकान नं.2778 निकट सतनाम टैलर, राधा विहार कालोनी, सहारनपुर अपने पुत्र आनन्द नि. निकट सतनाम टैलर, राधा विहार कालोनी, सहारनपुर को उसकी गलत संगत एवं आचरण के कारण अपनी कुल चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे अपने सभी संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में अपने किसी भी लेन देन और कृत्य हेतु आनन्द खुद ज़िम्मेदार होगा।

# होली की खुशियां मातम में बदली, तालाब में डूब कर किशोर की मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अहिरौली सलोनी गांव में होली की खुशियां मातम में बदल गई। होली खेलने के बाद दोस्तों के साथ नहाने गया मां-बाप के अकेले बेटे की तालाब में डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायत नगर थाना क्षेत्र के अहिरौली सलोनी गांव निवासी रामप्रसाद कहार का 17 वर्षीय बेटा अखिलेश सोमवार को होली खेलने के बाद दोस्तों के साथ गांव से लगभग पांच सौ मीटर स्थित तालाब में नहाने गया था। जहां तालाब में पानी अधिक होने से वह डूबने लगा। किशोर को तालाब में डूबते देखकर उनके अन्य साथियों ने बचाने का प्रयास करते हुए हल्ला गुहार लगाई। हल्ला गुहार सुनकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग वहां पहुंच कर देखा तो किशोर तालाब में डूब रहा था। जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा किशोर के परिजन तथा पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर संदीप कुमार सिंह थाने के उप निरीक्षक अमर बहादुर पटेल सहित पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की टीम बुलाकर स्थानीय लोगों की मदद से पानी में डूब रहे 17 वर्षीय अखिलेश को तालाब से बाहर निकाला और इलाज के लिए सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया गया। जहां मौजूद डॉ पवन मौर्या ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। स्थानीय लोगों की माने तो अखिलेश अपने माता-पिता का अकेला बेटा था। अब उनके माता-पिता के बुढ़ापे का सहारा कौन होगा। मृतक के पिता मेहनत मजदूरी करके किसी तरह परिवार का गुजर बसर करता है। मृतक बलदेव विद्यापीठ इंटर कॉलेज सेवरा में इंटरमीडिएट का छात्र भी था। पढ़ाई के साथ-साथ वह ई-रिक्शा बैटरी की रिपेयरिंग करके घर खर्च में पिता का सहारा भी था। मृतक की तीन बहने हैं जिनमें सबसे बड़ी बहन की शादी हो चुकी है शेष दो बहनों की शादी करनी है।

# अनियंत्रित ट्रक घर में घुसी घर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया

**रामपुर भगन- अयोध्या।** तारुन पिपरी मार्ग के किनारे स्थित ग्राम सभा मीतनपुर मे सड़क किनारे मकान बनाकर रह रहे चंद्रपाल सिंह के मकान में25/3/2024 होली की शाम पिपरी की तरफ से आ रही यूपी42आरटी5653 ट्रक अनियंत्रित होकर घर के अगले हिस्से में घुस गई




जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया और काफी नुकसान हो गया है और चंद्रपाल सिंह जान बचाकर किसी तरह भागने में सफल रहे फिर भी उन्हें हल्की-फुल्की चोटे आई है उधर ट्रक चालक के सिर से खून बह रहा था तो ग्रामीणो व राहगीरों ने उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया ड्राइवर की सीट के पास से शराब की बोतले पाई गई है उसके बाद मौके पर पहुंची मुकामी पुलिस ने ड्राइवर को तारुन थाने ले गई।

# मिल्कीपुर तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत

**अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील में तैनात एक राजस्व निरीक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। सोमवार की रात मिल्कीपुर तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव शहर के कैंटोमेंट इलाके में घूमने निकले थे, जहां किसी वाहन ने उन्हें रौंद दिया। वह सड़क किनारे बेहोशी हालत में पड़े थे। किसी सिपाही ने उनके फोन से उनके बेटे हिमांशु का सम्पर्क नम्बर निकाल कर उसे फोन किया कि आपके पिता का एक्सीडेंट हो गया है, जिला अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया जा रहा है। जानकारी होते ही आनन-फानन में हिमांशु जिला अस्पताल पहुंचा। जहां डाक्टरों ने उसके पिता अशोक कुमार श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया। एसडीएम मिल्कीपुर के स्टोनो ने अमित श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही मिल्कीपुर एसडीएम राजीव रत्न सिंह भी पहुंचे। अशोक कुमार श्रीवास्तव शहर के रिकाबगंज मोहल्ले में अलका टावर के बगल की गली में रहते थे। उनके एक बेटा और एक बेटी, दो संतानें हैं, दोनों अभी अविवाहित हैं। स्वर्गीय श्रीवास्तव मिल्कीपुर तहसील के डीह पूरे बीरबल सर्किल के कानूनगो थे। उनकी मौत की खबर से तहसील मिल्कीपुर में शोक छाया है।

## मिट्टी गिराने को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चले

**अयोध्या।** थाना पूराकलंदर क्षेत्र के अंतर्गत मोकलपुर गांव में रविवार दोपहर दरवाजे के पास विवादित पैतृक जमीन पर मिट्टी गिराने को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चले। घटना में दोनों पक्ष के एक-एक लोग चोटिल हो गए। मौके पर पहुंची पूरा कलंदर पुलिस ने दोनों को मेडिकल व इलाज के लिए सीएचसी मसौधा भिजवाया है। मामले में थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा का कहना है मोकलपुर गांव में रविवार दोपहर मिट्टी गिराने को लेकर दिनेश कुमार और सुरेश कुमार के बीच झगड़ा हुआ था। दोनों को हल्की चोटें आई हैं। दोनों को मेडिकल परीक्षण व इलाज के लिए सीएचसी मसौधा भेजवाया गया है।

# अब नगरवासियों के स्वास्थ्य पर भी नजर रखेगा नगर निगम




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** योगी सरकार के नेतृत्व में नगर निगम अयोध्या अब नगरवासियों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखेगा। इसके लिए नगर निगम ने नगर क्षेत्र के 18 स्थानों पर हेल्थ एटीएम स्थापित किए हैं। इससे फिलहाल 16 प्रकार की जांच की जाएगी। हेल्थ एटीएम स्थापित करने में 292.41 लाख रुपये खर्च हुए है। पब्लिक हेल्थ एटीएम केंद्र पर होगी जांच हेल्थ एटीएम पर चिकित्सक परामर्श सुविधा, डिजिटल हेल्थ, सामान्य एवं विशेष त्वरित जांच , सामान्य शारीरिक जाँघ 16 पैरामीटर्स, हृदय और ईसीजी लिपिड प्रोफाइल, मधुमेह, हीमोग्लेबिन, गर्भावस्था परीक्षण,मूत्र जांच 10 पैरामीटर्स, टाइफाइड, डेंगू, त्वचा परीक्षण, कान की जांच, यूरिक एसिड परीक्षण, फीटल हार्ट रेट समेत अन्य कई प्रकार की जांचें की जाएंगी। इन स्थानों पर लगाया गया है हेल्थ एटीएम नगर निगम अयोध्या के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह ने बताया कि राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नगर निगम की तरफ से 18 स्थानों पर हेल्थ एटीएम स्थापित किया गया है। हेल्थ एटीएम विकास भवन कैम्पस, वेंडिंग जोन कृष्ण पैलेस के पास,रोडवेज बस स्टैंड कैंण्ट फैजाबाद, नगर निगम ऑफिस कैम्पस, डाभा सेमर स्टेडियम, जलकल अमानीगंज, बारात घर जनौरा पक्का तालाब के पास, जोनल आफिस कौशलपुरी, जलकल कैम्पस अयोध्या, जोनल आफिस कैम्पस अयोध्या, जयसिंहपुर कुण्ड, सूर्य कुण्ड, दर्शन नगर, जमथरा रोड, पठान टोलिया, सदर तहसील, फैजाबाद, रीडगंज चौराहा फैजाबाद, डी.एम. आफिस कैम्पस, मल्टीलेवल पार्किंग अयोध्या में स्थापित किए गए हैं।

# वृद्ध महिलाओं को गुलाल लगाकर साड़ी मिष्ठान वितरण कर संस्था ने मनाया होली मिलन समारोह

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह मनाया। अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ककरही बाजार स्थित श्री बिंदेश्वरी शिव मंदिर के प्रांगण में मंदिर अध्यक्ष दिलीप यादव एवं फाउंडेशन संरक्षक बसंत राम के नेतृत्व में 11 निर्धन वृद्ध माताओं को सभी ने संयुक्त रूप से गुलाल लगाकर सभी का आशीर्वाद लेते हुए उपहार में मिष्ठान एवं साड़ी वितरण कर होली मिलन समारोह मनाया। साथ ही अवगत कराया कि संस्था संरक्षक बसंत राम, डॉ सोनी शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक्ट्रेस एवम मॉडल खुशबू शाही, कवित्री शिवानी श्रीवास्तव एवम समाजसेविका प्रज्ञा श्रीवास्तव के सहयोग से माताओ को उपहार दिया गया। संरक्षक बसंत राम ने कहा कि संस्था परिवार प्रत्येक वर्ष अपनी खुशियों में से थोड़ी खुशी त्योहारों के मौके पर समाज के निर्धन परिवारों में बांटने का प्रयास करता है। किसी की चेहरे की मुस्कान से खुद के चेहरे पर मुस्कान आती है किसी के चेहरे पर आपकी सेवा से मुस्कान आए यही मानवता की पहचान है। इस अवसर पर माताओं ने सभी सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए धन्यवाद किया साथ ही सभी सदस्यों ने आपस में गुलाल लगाकर हर्षोल्लाह के साथ होली उत्सव मनाया और एक दूसरे को बधाइयां भी दिया और मंदिर के अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव पूर्व पार्षद ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को होली की बधाई दी और कहा कि संस्था के इस नेक कार्य से युवाओं एवं लोगों में सेवा करने का भाव उत्पन्न होगा। कार्यक्रम में प्रज्ञा श्रीवास्तव, एस बी सागर प्रजापति, सारस्वत श्रीवास्तव, सूरज चौधरी, शिवानी श्रीवास्तव प्राजंलि चौधरी, साधना, डॉ रोली श्रीवास्तव, अरुणिका मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# टाटा पॉवर ने अयोध्या में ई-मोबिलिटी समाधानों का विकास किया, महत्वपूर्ण मार्गों पर चार्जिंग प्वाईंट उपलब्ध कराए

*अवधनामा संवाददाता*

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अग्रणी, टाटा पॉवर और अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी (एडीए) ने शहर में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए हैं। इस रणनीतिक गठबंधन का उद्देश्य अयोध्या में इलेक्ट्रिक वाहन को अपनाने में तेजी लाना और परिवहन के सस्टेनेबल साधनों को बढ़ावा देना है। इस परियोजना द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करके अयोध्या और नजदीकी मुख्य शहरों के बीच महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी स्थापित की गई है। महत्वपूर्ण मार्गों, जैसे एनएच27 द्वारा अयोध्या से लखनऊ के बीच, एनएच330 द्वारा अयोध्या से राय बरेली के बीच, एनएच330 द्वारा अयोध्या से प्रयागराज के बीच और एनएच27 द्वारा अयोध्या से गोरखपुर के बीच स्थित ये स्टेशन यात्रियों और यहाँ के स्थानीय लोगों के यात्रा के अनुभवों में काफी सुधार ले आएंगे। 21 मार्च, 2024 को अयोध्या में कलेक्टर कार्यालय, एमएलसीपी पार्किंग में इन स्टेशनों का आधिकारिक अनावरण कर उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अयोध्या और टाटा पॉवर के गणमान्य लोग मौजूद थे, जिन्होंने इस दूरदर्शी परियोजना के लिए अपने सहयोग का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम में मुख्य शहरों को जाने वाले चार इलेक्ट्रिक वाहनों को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में मौजूद महत्वपूर्ण अतिथियों में अयोध्या के कमिश्नर, श्री गौरव दयाल और अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी (एडीए) के वाईस चेयरमैन, श्री अश्विनी पांडे ने स्थानीय अधिकरणों का प्रतिनिधित्व किया। टाटा पॉवर की ओर से श्री दीपेश नंदा, प्रेसिडेंट-रिन्युएबल्स, सीईओ एवं एमडी-टीपीआरईएल के साथ श्री वीरेंद्र गोयल, हेड बिज़नेस डेवलपमेंट (ईवी), श्री रामकृष्ण सिंह - हेड-बिज़नेस ऑपरेशंस (ईवी) भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

टाटा पॉवर रिन्युएबल एनर्जी लिमिटेड के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री दीपेश नंदा ने कहा, ''अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी के साथ इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशंस परियोजना को पूरा करने की आज की उपलब्धि एक हरित भविष्य के लिए हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। ये स्टेशन इनोवेशन और पर्यावरण का ख्याल रखने का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में यह अभियान नेट जीरो उत्सर्जन की ओर हमारे देश की गति तय करेगा। आवागमन के सस्टेनेबल समाधानों को बढ़ावा देकर हम न केवल स्थानीय परिवहन में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहे हैं, अपितु देश को हरित भविष्य की ओर ले जाने के उद्देश्य में अपना योगदान भी दे रहे हैं। हम मिलकर सभी के लिए एक सस्टेनेबल भविष्य को आकार दे रहे हैं।'' अयोध्या के कमिश्नर, श्री गौरव दयाल ने कहा, ''टाटा पॉवर के साथ हमारा सहयोग एक स्वच्छ और हरे-भरे अयोध्या के हमारे साझा उद्देश्य का प्रतीक है। इन चार्जिंग स्टेशनों से न केवल शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार आएगा, बल्कि प्रगति और पर्यावरण के एक नए युग की शुरुआत भी होगी।'' इस परियोजना के पूरा हो जाने से पर्यावरण की सस्टेनेबिलिटी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। अयोध्या में स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को सक्रियता से अपनाए जाने के साथ यह देश को नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने की ओर ले जाने में एक अग्रणी व महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# जमीनी विवाद में महिला की हत्या पुलिस जांच में जुटी

**अयोध्या।** थाना राम जन्मभूमि के अंतर्गत जमीनी विवाद में महिला की हत्या परिजनों ने शव को रखकर किया विरोध,परिजन अंतिम संस्कार करने से कर रहे थे मना, कड़ी मशक्कत के बाद प्रशासनिक अधिकारियों



ने परिजनों को मनाया, दिया दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही का आश्वासन, प्रशासन के आश्वासन के बाद मृतक महिला के परिवारीजन अंतिम संस्कार के लिए हुए तैयार, पोस्टमार्टम के बाद महिला के शव को अंतिम संस्कार करने से परिजन कर रहे थे मना, रात 2:00 बजे थाना राम जन्म भूमि के कटरा पुलिस चौकी क्षेत्र में जमीनी विवाद में महिला की हुई थी हत्या।

# दो अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों के फांसी पर लटके मिले शव

*अवधनामा संवाददाता*

**सूरतगंज बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग स्थान पर दो युवकों के शव फांसी के फंदे से लटकते हुए मिले। सूचना उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बासुपुर मजरे बतनेरा गांव के निकट सोमवार की दोपहर जामुन के पेड़ से एक शव लटकता हुआ देखा गया। कपड़े से लगा अधूरा फंदा और उसके भूमि से छूते हुए पैरों को देखकर लोग हत्या कर शव को लटकाएं जाने के अंदेशे जाहिर कर रहे थे।उसकी पहचान नहीं हो पाईं तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना लालपुर करौता चौकी में दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। उधर करीब छह घंटे बाद मृतक की पहचान इस चौकी अन्तर्गत लालपुर करौता के सरोज कुमार तिवारी के बेटे मुकेश उर्फ पैरू के रूप में हुई। मृतक मानसिक पीड़ित बताया जा रहा है,इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। वहीं इसी थाना क्षेत्र के मुड़िया कसौंजा निवासी दीपू पुत्र रमेशचंद्र का शव गांव बाहर स्थित राम सुरेश वर्मा के बाग में पेड़ से लटकता हुआ मिला है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा। ग्रामीणों में चर्चा है कि प्रेम-प्रसंग के कारण युवक ने आत्महत्या कर ली है। देर शाम को शव पोस्टमार्टम के बाद घर पर पहुंचा तो कोहराम मच गया। स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।इस संबंध पर थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप का भावाधस ने किया स्वागत

**सहारनपुर।** चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप वाल्मीकि का भरतीय वाल्मीकि धर्म समाज से जुड़े पदाधिकारियों ने नगर आगमन पर उनका स्वागत किया। सभी लोगों ने कहा कि यह समाज के लिए अति गौरव की बात है। निजी कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप वाल्मीकि का भावाधस के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान के नेतृत्व में उनके आवास पठानपुरा में स्वागत किया गया। कुलदीप कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज के लिए अत्याधिक गौरव की बात है कि आज अदना व्यक्ति इतने बड़े राज्य का मेयर बना है। यह संपूर्ण समाज का सम्मान है। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने लड्डू बांटकर खुशियां जतायी।

# अवैध तमंचा के साथ टॉप टेन अपराधी, हिस्ट्रीशीटर गिरतार

*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार- अयोध्या।** थाना महाराजगंज की पुलिस टीम ने एक युवक को गिरफ्तार किया है थानाध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह कांस्टेबल रवि कुमार कांस्टेबल संदीप चौधरी कांस्टेबल अजीत यादव कांस्टेबल रविंद्र यादव चेकिंग के दौरान ग्राम हैसा मोड पर मोहर्मपुर पुर अरती मार्ग पर कुलदीप सिंह पुत्र स्वर्गीय राम धीरज सिंह निवासी ग्राम मोहर्मपुर अरती थाना महाराजगंज अयोध्या को गिरफ्तार किया । थानाध्यक्ष ने बताया कि तलाशी के दौरान कुलदीप सिंह के



पास से 315 बोर का अवैध तमंचा व एक अदद 315 वोर जिंदा कारतूस बरामद हुआ जिसके तहत थाना महाराजगंज में शस्त्र अधिनियम की धारा 3 / 25 के में अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है थानाध्यक्ष ने कहा कि कुलदीप सिंह के खिलाफ थाना महाराजगंज में एक दर्जन से अधिक विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत है कुलदीप सिंह थाना महाराजगंज का टॉप टेन अपराधी व हिस्ट्रीसीटर है।

# जिपं अध्यक्ष राजरानी रावत अब भाजपा की नई उम्मीदवार, तीर एक निशाने दो

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सांसद से जुड़े कथित अश्लील वीडियो कांड के चलते हुई फजीहत और लोकसभा चुनाव के टिकट को लेकर चल रही चर्चाओं का पटाक्षेप हो ही गया। नेतृत्व ने वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत पर दांव लगाते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। वैसे लाइन में कई नाम लिए जा रहे थे। ऐसा करके भाजपा ने एक तीर से दो निशाने लगाए हैं, एक ओर चुनाव के लिए दमदार व बेदाग चेहरा मिल गया तो दूसरी ओर जिला पंचायत अध्यक्ष की खाली सीट मिल गई और किसी अपने को लड़ाने का रास्ता भी साफ हो गया।

बताते चलें कि सांसद उपेंद्र सिंह रावत को भाजपा नेतृत्व में एक बार फिर बतौर प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा था। एक ओर टिकट पाकर बेहद खुश उपेंद्र रावत मंदिर में जाकर दर्शन कर रहे थे तो दूसरी ओर उनसे कथित रूप से जुड़ा एक अश्लील व वीडियो वायरल हो गया। जिसमें उनके शामिल होने की बात कही गई। यह वीडियो वायरल होते ही बाराबंकी के राजनीतिक हलके में हड़कंप मच गया। सांसद कोई सफाई देते इससे पहले ही केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर उन्हें मीडिया में बयान जारी कर निर्दोष होने तक चुनाव न लड़ने की बात कहनी पड़ी। इससे यह स्पष्ट हो गया कि उनकी दावेदारी खतरे में पड़ गई थी। कोई दूसरा उम्मीदवार उतारे जाने तक बाराबंकी में चर्चाओं का माहौल गर्म हो गया, इसी बीच संसद के खास कहे जाने वाले एक और समर्थक पर भी मुकदमा दर्ज हो गया। लोग कयास ही लगा रहे थे कि नेतृत्व ने वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत पर भरोसा जताते हुए लोकसभा प्रत्याशी घोषित कर राजनीतिक जानकारों को भी हैरत में डाल दिया है क्योंकि अभी जिला पंचायत अध्यक्ष के तौर पर राजधानी रावत का कार्यकाल भी बाकी है। बहरहाल भाजपा ने एक चीज से दो निशाने

## सड़क दुर्घटनाओ में तीन घायल, जिला अस्पताल रेफर

**सूरतगंज, बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुए हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हुए हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिलास्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर खाला गांव के मनोज पुत्र राज कुमार, मुकेश पुत्र अमरेंद्र राठौर होली खेलने जा रहें थे। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ कर घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस के मदद से सीएचसी सूरतगंज भेजा गया। जहां से दोनों घायलों को जिलास्पताल भेज दिया गया। वहीं रामनगर के मथुरा गांव निवासी सरोज पुत्र नंदलाल भी घायल हो गए हैं।

# तेज रफ्तार दो बाइक आपस मे टकराईं दो युवको की मौत 3 गम्भीर

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** नशे और तेज़ रफ़्तार के कहर ने हादसों को जन्म दिया। दो मोटरसाइकिलो की आमने सामने हुई भिडन्त में पांच युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी पहुँचाया। जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित करते हुए चार घायलो को ज़िला अस्पताल रेफर कर दिया। ज़िला अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक मौत हो गयी। जबकि तीन घायलो की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार रामसनेहीघाट कोतवाली अंतर्गत भिटरिया हैदरगढ़ मार्ग पर स्थित दयारामपुरवा गाँव के निकट आज सोमवार की दोपहर दो मोटरसाइकिलो की आमने सामने की भीषण टक्कर हो गयी। इस हादसे में गोविंद विश्वकर्मा 30 पुत्र रामप्रकाश निवासी चन्दौली रंजीत 32 पुत्र कुंवर बहादुर निवासी कोहनी रामसनेहीघाट शिवमगन 28 पुत्र अयोध्या प्रसाद चंदौली सोनू 32 पुत्र पुत्तीलाल निवासी मरखापुर थाना असन्दरा व धर्मेंद्र 18 पुत्र आधार निवासी चिकवनपुरवा थाना असन्दरा गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही दलबल के साथ मौके पर पहुंचे कोतवाली रामसनेहीघाट प्रभारी निरीक्षक ने सभी घायलो को एम्बुलेंसों की मदद से सीएचसी रामसनेहीघाट भेजा। जहाँ चिकित्सकों ने गोविंद पुत्र रामप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। जबकि बाकी चार घायलो को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ज़िला अस्पताल में इलाज के दौरान रंजीत पुत्र कुंवर बहादुर की भी मौत हो गयी। जबकि शिवमगन सोनू और धर्मेन्द्र का ज़िला अस्पताल में इलाज चल रहा है

## अलग अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत 4 घायल

**बाराबंकी।** दो दिनों के भीतर अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि इतनी ही संख्या में लोग घायल हो गए। भिटरिया-दरियाबाद मार्ग पर रविवार देर शाम गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली बगल से गुजर रड्डही बाइक पर पलट गई। जिसमें गोड़ियन पुरवा मजरे असेना निवासी कुलदीप कुमार निषाद 18 व राकेश निषाद 22 घायल हो गए। दो को सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान कुलदीप की मौत हो गई। जबकि रेफर करने के बाद जिला अस्पताल पहुंचे राकेश ने दम तोड़ दिया।

# वन्दे भारत ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान, वजह परिवारिक विवाद

*अवधनामा संवाददाता*

**दरियाबाद बाराबंकी।** सोमवार को एक 23 वर्षीय युवक ने वंदे भारत ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि परिजनों से हुए विवाद के बाद युवक ने यह कदम उठाया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर सोमवार उस वक़्त हड़कंप मच गया जब एक युवक वंदे भारत ट्रेन के आगे कूद गया। ट्रेन की चपेट में आने के युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची दरियाबाद पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किये तो मृतक की पहचान रामसनेहीघाट कोतवाली अंतर्गत ग्राम घटमापुर निवासी देवीप्रसाद मिश्रा के 23 वर्षीय पुत्र विकास के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को मामले की सूचना दी। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतक विकास का किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हुआ था। जिसके बाद आवेश में आकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। बहरहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# पंचायत भवन के किनारे मिला युवती का शव रेप कर हत्या की आशंका

**बाराबंकी।** टिकैतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में पंचायत भवन के बगल एक 20 वर्षीय युवती का शव पड़ा देखा गया। शव मिलने की खबर से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के ख़िलाफ़ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

# भगवान नरसिंह की आरती कर जमकर खेली गई होली, खूब उड़े फूल, रंग, गुलाल

## ढोल नगाड़े, बैंडबाजे व डीजे की धुनों पर युवाओं ने जमकर खेली होली

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियगंज सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को सुबह होली के पावन पर्व पर भरत चौक बैदौला चौराहा पर धर्म रक्षा मंच व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में भगवान नरसिंह की भव्य आरती और भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह सहित मंचासिन अतिथियों व श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान नरसिंह की विधिविधान से पूजन, अर्चन व आरती कर की गई। आरती के पश्चात गेंदा व गुलाब के फूल की पंखुड़ियों द्वारा, अबीर-गुलाल और रंगों से होली खेलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी गई और भगवान नरसिंह की शोभा यात्रा का आरंभ हुआ। शोभा यात्रा में एक रथ पर भगवान नरसिंह के स्वरूप में हिरण्यकश्यप का पेट फाड़कर वध करने वाली झांकी तथा दूसरे रथ में पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह खड़े होकर भीड़ पर गेंदा व गुलाब के फूल की पंखुड़िया व अबीर-गुलाल की वर्षा कर सभी को होली की बधाई देते दिखे। वहीं शोभा यात्रा को लेकर लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। होली का जश्न मनाने के लिए पूरा डुमरियागंज उमड़ पड़ा। हजारों हजार की संख्या में लोग शामिल हुए। भक्ति और होली के गीतों, ढोल नगाड़ों, बैंडबाजे, डीजे की धुन पर युवाओं ने जमकर डांस किया। भगवान नरसिंह जी की शोभा यात्रा में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर रंगों के पावन त्यौहार होली की बधाई दी। शोभा यात्रा का आरंभ भरत चौक बैदौला चौराहा से किया गया, जो मन्दिर चौराहा, रोडवेज, थाना, पुरानी बाजार होते हुए श्री हनुमान मन्दिर तेलियाना मोहल्ले पहुंचा, जहां पर प्रसाद वितरण के उपरांत यात्रा का समापन किया गया। भगवान नरसिंह की झांकी का नगर के लोगों द्वारा फूलों, रंगों, गुलालों द्वारा स्वागत कर जगह जगह आरती की गई। इस दौरान कई स्थानों पर लोग गुझिया, कचौड़ी, मिठाई, पानी आदि से भीड़ का स्वागत करते दिखे। इस दौरान पुलिस, प्रशासन सहित धर्म रक्षा मंच के सभी पदाधिकारी मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारियां निभाते दिखे। राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने होली उत्सव पर सभी जनपदवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली उत्सव देश की विविध संस्कृति का परिचायक है, जो आपसी भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करता है। होली के रंग हमारी विविध एवं बहु सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक है, जो विविधता में एकता का संदेश देता है। होली उत्सव लोगों के जीवन में रंग भरता है, जो प्रत्येक व्यक्ति को समाज में सद्भाव के साथ रहने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि होली उत्साह और उमंग का त्यौहार है। होली के दिन सभी ऊंच-नीच, छोटे-बड़े, जात-पात से परे हटकर आपसी स्नेह के रंग में सराबोर नजर आते है। यह लोगों के बीच खुशियां बांटने और आपसी भाईचारा और सौहार्द को मजबूत बनाने का दिन है। इस दौरान भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# हसन की सुल्ह फ़ने जुल्फ़ेक़ार रखती है : अफसर हल्लौरी

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में इमाम जुमा व जमात मौलाना कासिफ रिज़्वी की सदारत में हज़रत अली

**अली के घर में औलाद की आमद पर हुई महफ़िल**

अलैहिस्सलाम के घर मे पहली औलाद हज़रत हसन की आमद (पैदाइश) के मौके पर महफ़िल का आयोजन किया गया। जिसमें मौलाना, ज़ाकिर, मुकामी शायर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

महफ़िल को संबोधित करते हुए ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने कहा कि हज़रत इमाम हसन अलैहिस्सलाम आप इमाम अली अलैहिस्सलाम और हज़रत फ़ातिमा ज़हेरा स.अ. के बेटे और पैग़म्बरे इस्लाम स.ल.व.व. के नवासे हैं, आप की विलादत 15 रमज़ान सन 3 हिजरी शहरे मदीना में हुई और आप की विलादत के बाद पैग़म्बरे इस्लाम स.ल.व. ने आप को गोद में लेकर आप के कान में अज़ान और अक़ामत कही। उन्होंने कहा कि इमाम हसन अलैहिस्सलाम ने अपने वालिद हज़रत अली अलैहिस्सलाम की शहादत के बाद खुदा के हुक्म और इमाम अली अलैहिस्सलाम की वसीयत के मुताबिक़ इमामत और ख़िलाफ़त की ज़िम्मेदारी संभाली और लगभग 6 महीने तक मुसलमानों के मामलात को हल करते रहे। मौलाना कासिफ रिज़्वी ने कहा कि हम सभी को इमाम के बताए रास्ते पर चलना चाहिए इससे हमारी आपकी जिंदगी के साथ आख़ेरत भी संवरेगी। महफ़िल के दौरान ज़ाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर, आले रज़ा, तनवीर हसन, मीसम, आलम, लकी, फहीम हैदर, इक़्तेदार मेंहदी, जमाल, नेहाल, जलाल, बबलू शाहरुख, कामयाब, काज़िम रज़ा, शादाब संजू, साबिर, मंज़र, खुशतर, शानू, शबीह, डब्लू, मोजिज़, नेहाल, अहमद हैदर, मुन्नू, असकरी, अली ताहिर, शमशाद, तनवीर, जलाल, शादाब, कैफ़ी, सोनू, नौशाद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### देवनगर चौराहे पर अतिक्रमण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नगर के देवनगर चौराहा पर सड़क पर लगी दुकानें यातायात व्यवस्था को प्रभावित करती हैं। इसके बाद भी इन्हें नहीं हटावाया जा रहा है। उरई-जालौन राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवनगर चौराहे से औरैया, कोंच, बाबई आदि के लिए रास्ता हैं। इसके साथ ही नगर में अंदर जाने के लिए भी सड़क बनी है। पूरे दिन बड़ी संख्या में छोटे बड़े वाहनों का निकलना देवनगर चौराहे से होता है। नगर में भी आने जाने वालों का तांता लगा रहता है। नगर के व्यस्तमत चौराहे पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस को लगाया गया है। इसके बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर आधी सड़क पर अतिक्रमण कर ठेले ठिलिया आदि की दुकानें लगी हुई है। सड़क पर अतिक्रमण होने के कारण वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। नगर के विनय कुमार, राहुल, विनोद आदि ने बताया कि शिकायत के बाद भी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब कभी चालान कर कर्तव्य की इतिश्री का ली जाती है। जिससे अतिक्रमण जस का तस बना हुआ है। एसडीएम अतुल कुमार ने बताया कि चुनाव के बाद नगर पालिका व पुलिस टीम के साथ सड़क को खाली करा दिया जाएगा साथ ही अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

### दलित बस्ती में लोग तरस रहे बूंद-बूंद पानी पीने के लिए

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** ग्राम पंचायत जगम्मनपुर के वार्ड नंबर 9 में दलित बस्ती में एक महीने से बिजली व नलों की सप्लाई पूर्ण तरह से ठप्प पड़ी है। जिससे लगभग 200 घरों में लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। एक ओर जहां भाजपा सरकार घर-घर पानी पहुंचाने का संकल्प लिए है वहीं दूसरी ओर कुछ जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार की योजनाओं को पूरा नहीं कर रहे हैं। इसका खामियाजा दलित बस्ती एक महीने से भुगत रही है। लोकसभा का चुनाव चरम पर है, ऐसे में लोग सरकार के बारे में तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी सरकार को बदनाम करवा रहे हैं। क्या वजह है जो दलित बस्ती में एक महीने से सप्लाई पानी की बंद है। सैकड़ों दलित लोगों ने मीडिया के जरिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया कि यदि हम लोगों की दलित बस्ती में पानी जल्द से जल्द चालू नहीं किया गया तो हम लोग जिला अधिकारी के यहां अपनी फरियाद लेकर जाने को मजबूर होंगे।

### बस की टक्कर से बाइक सवार सहित चार घायल

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कालपी कोतवाली अंतर्गत हाईवे पर तेज रफ्तार जा रही रोडवेज बस की टक्कर से एक बाइक सवार दो बच्चों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली कालपी के ग्राम लमसर के पास एक रोडवेज बस तेज रफ्तार में जा रही थी। रोडवेज बस से किनारे जा रही एक मोटरसाइकिल में टक्कर लग गई। मोटरसाइकिल पर सवार दो बच्चों सहित चारों लोग गंभीर रूप से घायल होगये। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

### गेहूं की फसल सड़ने के कगार पर

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से पीड़ित जनपद के किसानों को आज उसे समय एक और बड़ा झटका लगा जब नहर विभाग की लापरवाही से पानी ओवरफ्लो होने के कारण कई खेतों में पानी भर जाने के कारण गेहूं की फसल सड़ने की कगार पर पहुंच गई। प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात्रि नहर विभाग द्वारा नहरों में काफी तेज गति से पानी छोड़ा गया। उपरोक्त पानी ओवरफ्लो हो जाने के कारण खेतों में भर गया। जिससे कोच तहसील क्षेत्र के ग्राम मगरा के दो दर्जन से अधिक खेतों में पानी भर गया। पानी भरने के कारण गेहूं की फसल जो पूर्णतया पक चुकी है और कटने को तैयार है वह सड़ने की कगार पर पहुंच गई है। जनपद में पहले ही अतिवृष्टि और ओलावृष्टि के कारण किसान लगभग 75 प्रतिशत अपनी फसलों को खो चुका है और अब नहर विभाग की लापरवाही किसानों को बर्बादी के कगार पर ले जा रही है। पीड़ित किसानों गजेन्द्र, लल्लू, कौशल, हरकिशुन आदि ने जिलाधिकारी जालौन से मांग की है कि दोषी नहर विभाग कि अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए और पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए

### बेतवा नदी में डूबने से एक की मौत

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जनपद के कोटरा थाना अंतर्गत बेतवा नदी के किनारे पिकनिक मनाने गये एक युवक की डूबने से मृत्यु हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार उरई शहर के तीन युवक होली के दिन पिकनिक मनाने के उद्देश्य से कोटरा थाना अंतर्गत आने वाले बेतवा नदी के तट सलाघाट पर गए हुए थे। तीनों लोग मस्ती करते हुए नदी में स्नान कर रहे थे, अचानक एक युवक डूबने लगा। सकपकाए दो अन्य दोस्तों ने भाग कर पास के थाने में युवक के डूबने की सूचना दी। त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना पुलिस व गोताखोरों ने नदी में युवक को ढूंढना शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद गोताखोर युवक को नदी में ढूंढने में सफल हो गये लेकिन तब तक युवक की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। ज्ञातव्य है कि कोटरा थाना अंतर्गत शलाघाट जनपद में एक प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट माना जाता है।

# घाघरा नदी में नहाने गये तीन दोस्तों में से एक की मौत

अवधनामा संवाददाता



**आलापुर (अम्बेडकर नगर)।** थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर अंतर्गत कम्हरिया घाट पर होली के दिन घाघरा नदी में नहाने गए तीन दोस्त नदी में डूबने लगे स्थानीय लोगों की मदद से एक युवक को बचाया गया व दूसरे युवक की डूबने से मौत हो गई जबकि तीसरा युवक का पता नहीं चला जिसकी तलाश आज भी की जा रही है लेकिन गायब युवक को बरामद नहीं किया जा सका है।

मालूम हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहांगीरगंज में तैनात पुष्पेंद्र निवासी राजस्थान, देवेंद्र निवासी मैनपुरी एवं हिमांशु निवासी मथुरा होली खेलने के उपरांत अपने तीन और साथियों के साथ कम्हरिया घाट के घाघरा नदी में नहाने गए नहाते समय छः दोस्तों मे से तीन युवक अचानक नदी में डूबने लगे। नदी में डूब रहे तीनों युवकों को स्थानीय लोगों ने बचाने का प्रयास किया जिसमें एक युवक की डूबने से मौत हो गई, दूसरे युवक का पता नहीं चला, तीसरे युवक को लोगों ने बचा लिया। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने आलापुर उप जिलाधिकारी एवं थाना राजेसुल्तानपुर एवं जहांगीरगंज थाने को दिया सूचना पर पहुंचे आलापुर उपजिलाधिकारी व राजेसुल्तानपुर एवं जहांगीरगंज थाने की पुलिस ने गोताखोरो की मदद से नदी में नहाते समय गायब युवक की

**दूसरे की तलाश जारी एक को बचाया गया**

खोज जारी कर दी परन्तु गायब युवक का पता नहीं चला जिसकी तलाश आज भी एसडीआरएफ की टीम द्वारा की जा रही है।इस संबंध में उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से नदी में डूबे देवेंद्र को बचा लिया गया एवं पुष्पेंद्र की नदी में डूबने से मौके पर मौत हो गई एवं हिमांशु का अभी तक पता नहीं चल पाया है गोताखोरों की मदद से नहाते समय गायब युवक की छानबीन की जा रही है। मौके पर थानाध्यक्ष राजेसुल्तानपुर, थानाध्यक्ष जहांगीरगंज, क्षेत्राधिकारी आलापुर आर,बी, सिंह गोताखोरों एवं एस डी आर एफ की टीम के साथ नदी में डूबे गायब युवक की तलाश आज भी जारी है।

# निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगा

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जालौन नगर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर अक्षरा गार्डन परिसर में ग्रामीण बस्ती के पास आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पूजा सिंह राजपूत एवं भारत विकास परिषद के संरक्षक एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्याक्ष सतीश सिंह सेंगर द्वारा मां भारती, भगवान धन्वंतरि एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर दिया गया।

अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में उपस्थित डॉक्टर पूजा सिंह राजपूत ,प्रशिक्षु डॉक्टर आयुष, आयुष चिकित्सक डॉ भूपेंद्र पटेल आदि ने वात व्याधि ,चर्म रोग ,विषम ज्वर, कास, प्रतिश्याय, उदररोग, गृध्रसी, अतिसार, शिराशूल, आरमदी पथरी, ग्रहणी, प्रदर आदि रोगों से ग्रस्त रोगियों का उपचार किया गया। शिविर में स्टाफ नर्स प्रियंका सिंह राहुल पाठक रतन सिंह, अजीत सिंह, प्रशिक्षु फार्मासिस्ट किशन सोनी आदि ने रोगियों को दवा वितरण की। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव, सचिव प्रेम गुप्ता कल्लू, कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, निवर्तमान अध्यक्ष पवन अग्रवाल, दीप चंद्रगुप्त ,पीयूष गुप्ता, डॉक्टर भूपेंद्र पटेल, विवेक अग्रवाल, मंगल सिंह चौहान, अनुरुद्ध बिश्नोई, शिवराम जाटव पूर्व सभासद, राम बहादुर साहू, राम कुमार गुप्ता एडवोकेट,अनूप सोनी, बृजमोहन कुशवाहा एड,इसरार बेग एड,हिमांशु मिश्रा आदि सदस्यों ने शिविर की सफलता में उल्लेखनीय योगदान दिया। चुर्खी रोड अक्षता गार्डन परिसर में आयोजित आज के शिविर में 529 से अधिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया।

### 11 वर्षीय मोहम्मद हम्माद खान ने भी रखा रोज़ा

**इटावा।** तेरह रमज़ान मुबारक को 11 वर्षीय बच्चें ने भी रविवार को रोज़ा रखा। परिवार के साथ अवतार किया मुकद्दस रमजान के दूसरे इतवार को परिजनों के साथ 11 वर्ष के मोहम्मद हम्माद खान ने भी रोज़ा रखने की ज़िद की और रमजान के दूसरे इतवार की सेहरी के बाद रोजा रख लिया शाम को खुशी-खुशी परिजनों के साथ 11 वर्षीय मोहम्मद मोहम्मद खान ने अवतार किया। नगर के उर्दू मोहल्ला निवासी वासिफ अख्तर के 11 वर्ष के बेटे ने पहले रोज से माता-पिता से ज़िद की माता-पिता ने अपने बालक को बहुत समझाया कि अभी नहीं रखना है, बेटे की ज़िद के आगे परिजनों ने रोजा रखने की इजाजत दे दी,उन्होंने परिवार के साथ सेहरी कर रोजा रखा।रोजा रखने से बच्चों के चेहरे पर भूख प्यास का असर साफ दिखाई दिया मोहम्मद हम्माद ने रमजान के दूसरे इतवार को अपना पहला रोजा पूरा किया घर वालों ने हम्माद की अफ्तारी के लिए विशेष पकवान बनाए और परिजनों में साथ में रोज़ा इफ्तार किया।

## भ्रष्टाचार चरम पर पिला ईंटा लगाकर अव्वल का पैसा निकाला जाएगा



अवधनामा संवाददाता

**बलरामपुर।** ग्राम सभा त्रिलोक पुर बन रहा है कूड़ा घर योगीराज में भ्रष्टाचार चरम पर बगल के बल हुई मिट्टी पिला ईटा लगाकर अव्वल का पैसा निकाला जाएगा।

मोरंग का कहीं आता पता नहीं जनपद बलरामपुर के विकासखंड पचपेड़वा ग्राम पंचायत त्रिलोक पुर में प्रधान द्वारा निर्माण किया जा रहा है कूड़ा घर जिसमें पूरा पीला ईटा बगल के बल हुई मिट्टी लगाया जा रहा है और उसमें घटिया सामग्री का प्रयोग भी किया जा रहा है। इस संबंध में ग्राम सचिव महेंद्र कुमार संवाददाता ने फोन मिलाया तो संवाददाता को पूछा जा रहा है कि आप कौन हैं कहां से आए क्यों पूछ रहे हो / सचिव और प्रधान मिलकर काट रहे हैं मलाई संवाददाता संपर्क किया तो फोन से

बीडीओ पचपेड़वा ने एडीओ पंचायत को भेजा गया जांच में जांच मैं पाया गया काम बंद अधिकारी द्वारा बात को निर्देश दिया गया कि काम करवाया जाए।

# गुरुजी गायब कैसे पूरी हो शिक्षा

अवधनामा संवाददाता

**निरीक्षण के दौरान कई अध्यापक गायब मिले कई विद्यालय बंद पाये गये**


**बलरामपुर।** शासन द्वारा वड़े पैमाने पर धन व्यय करने के वाबजूद सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर उठने का नाम नहीं ले रहा है मुख्य मंत्री व शिक्षा मंत्री के सख्त रवैया अख्तियार करने के वाजूद अनेक गुरुजी सुधरने का नाम नहीं ले रहा है इस सम्बन्ध में हिंदुस्तान का इतिहास मीडिया टीम ने कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जिसमें कई गुरूओं के गायब रहने सहित अन्य कई और गम्भीर कमियां पाई गयी 26 मार्च समय 12:30 बजे प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर में निरीक्षण के दौरान सभी अध्यापक गायब पाये गये विद्यालय पूर्ण रूप से बन्द था इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय सोलहवाँ सिर्फ शिक्षा मित्र के भरोसे संचालित था प्रधानाध्यापक विद्यालय से गायब मिले जब हमारी टीम और आगे बढ़ी तो धुबौलिया का भी विद्यालय




01:05 पर बन्द था जब ग्रामीणों ने कहा आज विद्यालय खुला ही नहीं है इस तरह तमाम कमियों के कारण शिक्षा दीक्षा पर बुरा प्रभाव रहा है यही कारण है भारी भरकम धन व्यय होने के बादजूद भी शिक्षा का स्तर ऊपर नहीं उठ पा रहा है जब इस सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी पचपेड़वा से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि जांच कर उचित कार्यवाही करेंगे।

### मासूम फातिमा ज़हरा ने रखा माहे रमज़ान में रोज़ा

**टाण्डा/अम्बेडकरनगर ( अवधनामा संवाददाता)।** रमज़ान मुबारक रहमत और बरकत का महीना है। इस महीने का दूसरा अशरा चल रहा है। नये रोज़ेदार भी उत्साह के साथ रोज़ा रखने का सौभाग्य ले रहे हैं। इसी के मद्देनजर आज टाण्डा शहर के मीरानपुरा में दस वर्षीय फ़ातिमा ज़हरा पुत्री ऐजाज अहमद अंसारी ने अपना पहला रोज़ा रखकर अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया। इस लड़की का हौसला बढ़ाने के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें परिवार और रिश्तेदारों के अलावा आस-पड़ोस के लोगों ने इफ्तार में हिस्सा लिया और छोटी बच्ची फ़ातिमा ज़हरा की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य तथा दीन और दुनिया में सफलता के लिए दुआ की गयी।



### नगर के प्रमुख व्यवसायी संजीव रहे महामूर्खधिराज




**टाण्डा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर में परम्परागत रूप से मनाया जाने वाला होली मिलन समारोह पुराना रामलीला मैदान पर 25 मार्च 2024 को सांयकाल 7 बजे हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस बार मूर्खाधिराज के सिंहासन पर नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी संजीव कुमार जायसवाल, महामूर्ख पद पर बागवान संस्था के संयोजक विशू सलूजा एवं महाघाघ पद पर जयप्रकाश तिवारी एडवोकेट आसीन हुए। रंगारंग कार्यक्रम समारोह में पंडित राकेश कुमार मिश्र - श्याम बाबू गुप्ता - राम सूरत मौर्य ने अपने मधुर गीत - गायन से मंत्रमुग्ध किया तो साहित्यकार अजय प्रताप श्रीवास्तव एडवोकेट - प्रदीप मांझी ने अपने काव्य पाठ से समारोह में उपस्थित लोगों से खून वाह-वाही पायी। इस अवसर पर नगरवासियों की धड़कन बहुप्रतीक्षित हास्य - व्यंग्य से लवरेज गुदगुदी पत्रिका का नि- शुल्क वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिरुद्ध अग्रवाल ने किया। अंत में होली मिलन समारोह के संयोजक ईश्वर दयाल जायसवाल एवं सरदार त्रिलोक सिंह ने समारोह में उपस्थित नगरवासियों को सहृदय आभार व्यक्त किया।

### एनएसएस शिविर का हुआ समापन



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सावित्री श्रीनाथ महाविद्यालय रसूलपुर बाकरगंज अंबेडकर नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन दिवस रहा। इस समारोह में संजय कुमार पूर्व प्रधान कजपुरा की अध्यक्षता में समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया वैसे तो कार्यक्रम में अतिथियों की भरमार रही जिनमें श्याम बहादुर पाण्डेय, डॉश अवधेश नारायण सिंह, रविन्द्र, मौजूद रहे, मुख्य अतिथि के भाषण का सूत्र प्रतिभागियों ने सुनकर आह्लादित हो अपनी मुस्कान को नहीं रोक सके। मंच पर आए महाविद्यालय के प्रवक्ता के द्वारा प्रस्तुत मुक्तांकों को सुनकर पूरा कक्ष ठहाको से गूंज उठा, बड़ा ही रोचक माहौल रहा। वक्ताओं के आदर्श वाक्य समारोह में संजीवनी प्रभावित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी तथा कार्यक्रम अधिकारी द्वारा शिविर में किए गए कार्यों का सारांश प्रस्तुत किया गया अंत में कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा अतिथियों को आभार ज्ञापन करते हुए एवं बच्चों को आशीर्वाद देते हुए किया गया।

### देवनगर चौराहे पर अवैध स्टैंड से परेशानी

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश सरकार द्वारा चौराहों पर अवैध स्टैंड पर रोक लगा रखी है। इसके बाद भी नगर में अवैध स्टैंड चल रहे हैं। लोगों ने अवैध स्टैंड को हटवाने की मांग की है। अवैध स्टैंड के चलते एक ओर जहां राजस्व को नुकसान होता है तो दूसरी ओर दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता है। ऐसे में प्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन के साथ परिवाहन विभाग को सख्त आदेश दिए थे कि प्रदेश में किसी भी स्थान पर अवैध स्टैंड संचालित न हों। इसके बाद भी नगर के देवनगर चौराहे पास टैंपो व लग्जरी व प्राइवेट टूरिस्ट बसों का अवैध स्टैंड संचालित हो रहा है। दिन भर देवनगर चौराहे के आसपास टैंपो खड़े नजर आते हैं। शाकिर हसन वारिसी बताते हैं कि टैंपो को लाइसेंस सिर्फ 18 किलोमीटर के एरिया में चलने के लिए दिया जाता है। लेकिन टैंपो चालक औरैया 42 किमी, ईंटो, गोहन 25 किमी आदि स्थानों के लिए सुबह से ही चलते हुए देखे जा सकते हैं। अवैध रूप से टैंपो चलने से आए दिन बस वालों का टैंपो वालों से विवाद होता रहता है। इसके अलावा नगर से दिल्ली, जयपुर, राजस्थान आदि के लिए लग्जरी बसें निकलती है। इनके रुकने का यहां स्टैंड न होने के बाद भी इनके बुकिंग काउंटर चल रहे तथा सवारियों को बैठा व उतार रहे हैं। अवैध स्टैंड के बाद भी जिम्मेदार इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इसको लेकर एआरटीओ विनय कुमार ने बताया कि समय समय पर चेकिंग अभियान चलाया जाता है और पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाती है।



# मुक्त व्यापार समझौतों की अहमियत

हम उम्मीद करें कि ईएफटीए के बाद अब भारत के द्वारा ओमान, ब्रिटेन, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, अमरीका, इजरायल, भारत, गल्फ कंट्रीज काउंसिल और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जा सकेगा। हम उम्मीद करें कि देश मुक्त व्यापार समझौतों की ताकत के साथ आगे बढ़ेगा, साथ ही देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के अनुरूप तैयार की गई विकसित भारत 2047 की विस्तृत कार्ययोजना के एजेंडे पर 8 से 9 फीसदी विकास दर के साथ विकसित भारत की डगर पर भी तेजी से आगे बढ़ेगा। मुक्त व्यापार समझौतों से भारत को निश्चय ही लाभ होने वाला है। हाल ही में 10 मार्च को भारत और चार यूरोपीय देशों के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) ने निवेश और वस्तुओं एवं सेवाओं के दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसे व्यापार और आर्थिक समझौता (टीईपीए) कहा गया है। गौरतलब है कि मुक्त व्यापार समझौता दो या दो से अधिक देशों के बीच एक ऐसी व्यवस्था है जहां वे साझेदार देशों से व्यापार की जाने वाली वस्तुओं पर सीमा शुल्क को खत्म कर देते हैं या कम करने पर सहमत होते हैं। इन संधियों के अंतर्गत 10 से 30 विषय शामिल होते हैं। दुनिया में 350 से अधिक एफटीए वर्तमान में लागू हैं और भारत के द्वारा ईएफटीए देशों के साथ जो एफटीए किया है, वह दुनिया में अहम माना जा रहा है। 2022-2023 के दौरान ईएफटीए देशों को भारत का निर्यात 1.92 अरब डॉलर रहा था। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान इन देशों से भारत का कुल आयात 16.74 अरब डॉलर था। यानी व्यापार घाटा 14.82 अरब डॉलर हुआ था। नए एफटीए के तहत ईएफटीए ने अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यह भारत का ऐसे समूह के साथ पहला व्यापार करार है, जिसमें विकसित देश शामिल हैं। ईएफटीए के सदस्य देशों में आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन शामिल हैं। इस समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें वस्तुओं के व्यापार, उत्पत्ति के नियम, शोध एवं नवाचार, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं का व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां निर्मित होंगी। इस समझौते में व्यापार से ज्यादा निवेश पर जोर दिया गया है और भारत में इस समय निवेश के बेहतरीन मौके हैं। गौरतलब है कि इन चार यूरोपीय देशों से होने वाले भारत के कुल व्यापार में स्विट्जरलैंड की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत से अधिक है तथा बाकी की हिस्सेदारी में अन्य तीनों देश शामिल हैं। इस समझौते से डिजिटल व्यापार, बैंकिंग, वित्तीय सेवा, फार्मा, टेक्सटाइल जैसे सेक्टर में इन चार देशों के बाजार में भारत की पहुंच आसान होगी। इसके बदले में भारत भी इन देशों की विभिन्न वस्तुओं के लिए अपने आयात शुल्क को कम करेगा। यद्यपि कृषि, डेयरी, सोया व कोयला सेक्टर को इस व्यापार समझौते से दूर रखा गया है, साथ ही प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम से जुड़े सेक्टर के लिए भी भारतीय बाजार को नहीं खोला गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि ग्रीन व विंड एनर्जी, फार्मास, फूड प्रोसेसिंग, केमिकल्स के साथ उच्च गुणवत्ता वाली मशीनरी के क्षेत्र में ईएफटीए देश भारत में निवेश करेंगे जिससे इन सेक्टर में हमारा आयात भी कम होगा और भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों के लिए यूरोप के बड़े बाजार में पहुंच आसान हो जाएगी। इस समझौते में स्विट्जरलैंड के शामिल होने से भारत में लोकप्रिय स्विटजरलैंड के चॉकलेट्स, घड़ी व बिस्कुट भारतीय बाजार में पहले की तुलना में कम कीमत पर मिलेंगे। समझौते के मुताबिक इन दोनों ही वस्तुओं पर लगने वाले वर्तमान के आयात शुल्क को अगले सात साल में चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना है। इसलिए हर साल शुल्क में थोड़ी-थोड़ी कटौती होती रहेगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि इस समझौते से भारत के साथ ईएफटीए देशों को वृद्धि के लिए भारत के बड़े बाजार तक पहुंच मिली है। भारतीय कंपनियां भी अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक जुझारू बनाते हुए उनमें विविधता लाने का प्रयास करेंगी।

# दिशाहीन होता धार्मिक अतिवाद और औपनिवेशिक विस्तारवाद



संजीव ठाकुर

**वर्तमान परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर धार्मिक अतिवाद औपनिवेशिक विस्तारवाद के कारण कई देशों के मध्य युद्ध तथा हिंसा का तांडव मचा हुआ है जो वैश्विक शांति, मानवता, सौहार्द के लिए सर्वथा बहुत ज्यादा घातक एवं भविष्य में अप्रिय परिणाम देने वाले हैं। धर्म की अवधारणा परोपकार, जनकल्याण, अहिंसा तथा मानवता को निरंतर आगे बढ़ाना है। जबकि अतिवाद किसी मान्यता विचार व अवधारणा को जबरन लागू करने की प्रक्रियागत सोच है। अतिवाद ही किसी भी विचारधारा या किसी पंथ को अति होने तक ले जाना है। अतिवाद किसी भी धार्मिक और राजनीतिक विषय में ऐसी विचारधारा के लिए प्रयुक्त होता है जो समाज की मुख्यधारा के नजरिए को स्वीकार नहीं करती है। यह एक ऐसा राजनीतिक अथवा धार्मिक सिद्धांत है जो अमर्यादित नीति का पक्षधर है तथा इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाइश भी नही होती है।**

यह धर्म की ओर एवं कठोर मान्यताओं को लोगों पर जबरदस्ती थोपने का कार्य करता है, तथा हिंसा, हत्या बलात्कार आदि को सर्व मान्य रूप से सही ठहराता है। भारत में धार्मिक विवाद का असर युवाओं पर सबसे ज्यादा पड़ता है क्योंकि युवा मन अपरिपक्व तथा किसी विचारधारा में ढला हुआ नहीं रहता और भारत में 65 प्रतिशत 35 साल से कम उम्र के युवा निवासरत हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैद्य स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है।



देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैंद्य देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई जातीय संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है।

आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं।

# चुनाव में भाषा का संयम एवं वचनों की मर्यादा जरूरी



ललित गर्ग

लोकसभा चुनावों जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, कई नेताओं की जुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी ज़िंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क है। चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? चुनाव की तारीख तय होने एवं चुनावी पारा बढ़ने के बाद नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है। एक तरफ गर्मी चुभन का अहसास करा रही है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है।



नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मो के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप भाजपा के लिये रामबाण औषधि बना है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान बना है।

ईवीएम के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि तथ्यों के सत्यापन के बिना इस तरह का 'दुष्प्रचार और गलत सूचना' राष्ट्रीय अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए नुकसानदायक है। ईवीएम और निर्वाचन आयोग के बारे में भ्रामक टिप्पणी 'लोक अव्यवस्था पैदा करने के इरादे' से की गई हैं। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के चरण आगे बढ़ रहे हैं, विवादास्पद बयानों की झड़ी भी लगने लगी। हमारे देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल-बयान एक महत्वपूर्ण अंग होती है। लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। आजादी के बाद देश में जिस प्रकार राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज कुछ राजनीतिक दलों के नेता अपने विपक्षी राजनेता को 'पप्पू' जैसे शब्दों से ताना मारते हैं, तो कोई विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये चौकीदार चोर है या चायवाला जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्या हमारे देश की राजनीति में मर्यादा नाम का कोई शब्द बचा है? ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए बहुत ही सस्ते शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने तो नीच, कातिल जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया था जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो सूची काफी लंबी है। चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम और प्रियंका गांधी। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने तो सारी हदें पार कर दी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने ईवीएम की निंदा 'चोर' के रूप में की थी। सभी ने मौका देखकर बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने करोड़ों समर्थकों के सामने इन शब्दों और उन्हें बोलने वालों के खिलाफ माहौल बना दिया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है। मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। क्षणिक रोमांच एवं तत्काल चुनावी लाभ के लिए मर्यादा को तार-तार करने वाले इन नेताओं को आत्म-चिंतन की सख्त जरूरत है। मर्यादित भाषा में विभिन्न दलों और नेताओं की आलोचना इस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है। भाषा की मर्यादा और वाणी में संयम भारत के लोकतंत्र का आधार है। बेलगाम भाषा से क्षणिक प्रचार और सुर्खियां बटोरना सम्भव है लेकिन अतीत में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जो ये दर्शाते हैं कि ऐसे नेताओं को जनता भी कुछ समय बाद ही भूल जाती है। नेताओं को हर हालत में भाषा की मर्यादा एवं शालीनता को बनाए रखना चाहिए। भले ही चुनाव का वक्त आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है और खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन यह सब करते हुए भाषा की शालीनता एवं कड़वे बोल से बचने की जरूरत है। यह वक्त मतदाता के जागने एवं विवेक से मतदान करने का भी है। वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। विडंबना ही है कि अमृतकाल से गुजरते देश में मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग विष और अमृत के भेद को पूरी तरह महसूस नहीं कर पाया है। नेताओं के गलत, बेबुनियाद एवं तथ्यहीन बयानों कर सत्यता को जाने बिना उन पर विश्वास कर मतदाता लोकतंत्र को कमजोर करता है। भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बढ़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। निश्चित रूप से मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता।

# सियासत में सेक्स, संसद में बोसा!



के. विक्रम राव

अमूमन हर चुनाव की ऐन बेला पर किसी न किसी राजनेता का यौन प्रकरण उछलता ही रहता है। इस बार तृणमूल सांसद लावण्यवती महुआ मोइत्रा की संसदीय घटना खूब प्रचारित हुई। मगर वह आर्थिक अपराध वाली थी। हालांकि उनकी पार्टी के ही कद्दावर नेता माफिया डॉन मियां शाहजहां शेख का नाम खूब चल रहा है। उस पर महिला यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप हैं। पर वह चुनाव का प्रचारक है, प्रत्याशी अभी नहीं। सरसरी तौर पर एक उदगार याद आया 87-वर्षीय सांसद मियां मुहम्मद फारूक अब्दुल्ला का 2021 वाला। जम्मू के एक पुस्तक विमोचन समारोह (17 जनवरी) में वे बोले जब से यह महामारी (कोविड) आई है, मैं अपने शरीके–हयात (जीवन संगिनी) का बोसा नहीं ले पाया हूं। आलिंगन तो दूर की बात है। सभागार ठहाकों से गूंज उठा। (नवभारत टाइम्स, लखनऊ, 18 जनवरी 2021, अन्तिम पृष्ठ,12,आठवां कालम)। अनायास याद आ गयी राज्य सभा के चुम्बन पर चली एक पुरानी रोचक बहस (शुक्रवार, 27 फरवरी, 1970)। चौवन वर्ष हुए। इसमें तब साठ साल पार कर चुके सांसदों ने चुस्कियां लेते हुये चुंबन पर विचारों का दिनभर आदान–प्रदान किया था।

सदन में विषय था क्या चित्रपट पर चुम्बन का दृश्य हो ? न्यायमूर्ति जीडी खोसला आयोग की रपट मेज पर रखी गयी थी। फिल्म सेंसर बोर्ड के गठन की आवश्यकता पर बहस हो रही थी। इसमें कम्युनिस्ट, प्रजा सोशलिस्ट, संगठन कांग्रेस आदि के सांसद वक्ताओं में थे। अध्यक्षता उपराष्ट्रपति न्यायमूर्ति (रिटायर्ड) गोपाल स्वरुप पाठक कर रहे थे। वे स्वयं 75 पार कर चुके थे। उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायमूर्ति रहे थे। इलाहाबाद में नेहरु परिवार के वकील रहे। चर्चा खुलकर हो रही थी। तभी प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के बांका बिहारी दास ने सुझाया कि पचास वर्ष से ऊपर, अर्थात अधेड़ सदस्य, प्रश्न न पूछें। उनको प्रतिबंधित कर दिया जाये। इस पर संगठन (एस. निजलिंगप्पा की अध्यक्षता वाली) कांग्रेस ने विरोध दर्ज किया। उनका सुविचारित सुझाव था कि रुमानियत हेतु कोई आयु सीमा नहीं होती। उनकी राय में वस्तुत- पचास साल पर ही रुमानी भाव प्रस्फुटित होते हैं। इस पर फुर्ती से 68–वर्षीय (1902 में जन्में) अजित प्रसाद जैन (चन्दौसी) ने रहस्योद्घाटन किया कि साठ के पश्चात ही तो रंगीला मिजाज उपजता है। अर्थात इश्क का सठियाने से कोई सिलसिला नहीं है। बुजुर्गियता की यह नूतन परिभाषा लगी। जैन साहब यूपी में खाद्य मंत्री रह चुके थे तथा कर्नाटक के राज्यपाल भी थे। इतनी देर तक गुदगुदाती, हृतंत्री को निनादित करने वाली परिचर्चा को सुनकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के (1952 से प्रथम राज्य सभा के सांसद रहे) कामरेड भूपेश गुप्ता (पश्चिम बंगाल) क्यों बगले झांकते? क्यों पिछड़ते? उनकी राय थी कि, हम उम्रदराज सांसदों को युवा पीढ़ी से प्रतिस्पर्धी नहीं करनी चाहिये। रुमानी दौर उनका है।

हमारा तो बीत चुका है। तब अध्यक्ष पीठ से न्यायमूर्ति गोपाल स्वरुप पाठक ने भूपेश गुप्ता को टोका कि आप की इस उक्ति से सदन में कोई सहमत होगा ? इस पर कई सदस्यों ने ठिठोली की। दखल भी दिया कि, भूपेश गुप्ताजी तो आजीवन अविवाहित है, उन्हें चुम्बन प्रक्रिया से कैसा सरोकार? आपको क्या तजुर्बा? देरतक नोक झोंक होती रही।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# किशोरियों की शिक्षा में मददगार साबित होता डिजिटल साक्षरता



सैय्यदा तैयबा कौसर

**डिजिटल तकनीक के विकास ने भारत के जिन क्षेत्रों को सबसे अधिक लाभ पहुंचाया है उसमें शिक्षा भी प्रमुख है. इसकी मदद से न केवल शहरी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियां भी अपनी शैक्षणिक बाधाओं को दूर कर रही हैं. डिजिटल साक्षरता ग्रामीण भारत में किशोरियों को शैक्षिक संसाधनों की एक ऐसी विशाल श्रृंखला तक पहुंच प्रदान करती है जो पहले उनकी पहुंच से बाहर थी. मोबाइल फोन के माध्यम से इंटरनेट तेजी से सुलभ होने के साथ साथ किशोरियां अब ऑनलाइन पाठ्यक्रम, शैक्षिक वीडियो और ई-पुस्तकों तक पहुंच सकती हैं। यह पहुंच भौगोलिक बाधाओं को भी पार कर रही है, जिससे दूरदराज के गांवों में भी उन्हें गणित से लेकर कोडिंग, भाषा से लेकर विज्ञान तक विषय सीखने का अवसर मिल रहा है. डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म अक्सर स्थानीय भाषाओं में सामग्री प्रदान करते हैं, जिससे उन किशोरियों के लिए भी सीखना अधिक सुलभ और आकर्षक हो गया है जिनकी पहली भाषा अंग्रेजी नहीं है. देश के अन्य दूर दराज़ ग्रामीण इलाकों के साथ साथ जम्मू के सीमावर्ती जिला पुंछ के ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियां भी इसका एक उदाहरण हैं। जहां तबस्सुम रफीक, जुबैदा चौधरी और सैय्यदा आयरा जैसी किशोरियों ने डिजिटल डिवाइस के माध्यम से अपना भविष्य रोशन किया है।**

तबस्सुम रफीक 17 वर्षीय किशोरी है जो पुंछ के बांडी चेंचियां गांव की रहने वाली है। वह वर्तमान में 11वीं कक्षा की छात्रा है. तबस्सुम के अनुसार जब मैं 10वीं कक्षा में थी, तो मेरा सपना क्लास में अच्छा प्रतिशत हासिल करना था. इसी उद्देश्य से मैं कोचिंग संस्थान से जुड़ना चाहती थी, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति और घर से कोचिंग संस्थान की दूरी के कारण मैं इसमें शामिल नहीं हो सकी। तब मेरे पिता ने एक स्मार्टफोन खरीदा और मुझे पढ़ाई के लिए दिया. जिसमें यूट्यूब का इस्तेमाल कर मैंने विभिन्न विशेषज्ञों के माध्यम से अपने विषयों को गहराई से समझना शुरू किया, जिसकी बदौलत मैंने 10वीं बोर्ड में 85 प्रतिशत अंक हासिल करने में सफलता प्राप्त की। वह बताती है कि, ÷विभिन्न मुद्दों के कारण स्कूल में सब कुछ सीखना और समझना काफी कठिन था, कभी-कभी हमें संकाय उपलब्ध नहीं होते हैं तो कई बार विषयों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त शिक्षक नहीं होते हैं।

मेरे फिजिक्स और केमिस्ट्री विषय कमजोर थे, इसलिए मैंने कोचिंग लेकर उन पर काम करने का सोचा, लेकिन यह विचार योजना के अनुसार पूरा नहीं हुआ. इसलिए मेरे पिता ने मुझे पढ़ाई के लिए यूट्यूब का उपयोग करने का सुझाव दिया. इन डिजिटल टूल्स की वजह से मुझे सीखने और पढ़ने में काफी मदद मिली. इससे मेरी पढ़ाई बहुत आसान और मजेदार हो गई, जिससे मैं बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने में सफल हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में, विशेष रूप से निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों की कई लड़कियां हैं जो अपने



परिवार पर कोई वित्तीय बोझ डाले बिना अपनी शिक्षा पूरी करने के लिए इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रही है।

इसी गांव की 19 वर्षीय जुबैदा चौधरी कहती हैं कि मैं पढ़ लिख कर आगे बढ़ना चाहती थी लेकिन मेरी सरकारी स्कूल की पृष्ठभूमि के कारण, मैं निजी स्कूलों के छात्रों की तुलना में हीन महसूस करती थी. मैंने अपने विषयों को व्यापक और बेहतर तरीके से सीखने के लिए डिजिटल टूल का उपयोग करने पर कुछ अतिरिक्त समय खर्च करना शुरू किया, इससे मुझे बहुत मदद मिली. मेरे घर की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है इसलिए मैं हर किताब खरीद कर पढ़ने में सक्षम नहीं थी. इस मामले में इंटरनेट और गूगल जैसे तमाम डिजिटल प्लेटफॉर्म मेरे लिए मददगार साबित हुए जुबैदा कहती है कि मेरे इलाके की कई अन्य लड़कियां भी इंटरनेट के इस सकारात्मक और मददगार तरीके का बखूबी इस्तेमाल कर रही हैं. हम लड़कियां आर्थिक रूप से भले ही कमजोर हैं लेकिन शिक्षित बनने की हमारी इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प बहुत मजबूत है और इस यात्रा में डिजिटल दुनिया हमारे लिए एक वरदान है। जैसे-जैसे शिक्षा की आवश्यकता और जागरूकता बढ़ी है, शिक्षा के महत्व के प्रति लड़कियों के दृष्टिकोण में भारी बदलाव आया है. पहले ग्रामीण इलाकों में 10वीं तक पढ़ाई करने वाली लड़कियां कभी भी अपने भविष्य के बारे में नहीं सोचती थीं, लेकिन अब परिदृश्य काफी बदल गया है. बांडी चेचिंयां के करीब एक गांव क़स्बा की 21 वर्षीय सैय्यदा आयरा स्नातक की छात्रा है. उसका सपना पढ़ाई के बाद लोक सेवा आयोग की परीक्षा देने और एक अधिकारी बनने का है. वह बताती है कि एक बार यूट्यूब पर स्क्रॉल करते समय मुझे जम्मू और कश्मीर लोक सेवा आयोग के बारे में विस्तृत जानकारी मिली. काफी शोध करने के बाद मुझे इस क्षेत्र में अपनी रुचि से संबंधित विषयों के बारे में जानकारियां प्राप्त हुईं।

मैं उन विषयों का पीडीएफ़ डाउनलोड करने के लिए गूगल जैसे डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करती हूँ. मैं व्याख्यान के लिए यूट्यूब और परीक्षा देने के लिए टेस्ट बुक एप्लिकेशन का उपयोग कर रही हूँ। डिजिटल प्लेटफॉर्म की मदद से आयरा को उम्मीद है कि वह अब लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर राज्य प्रशासन में एक अधिकारी बनने के अपने सपने को पूरा करने में सक्षम हो गई है। यह सिर्फ तबस्सुम रफीक, जुबैदा चौधरी और सैय्यदा आयरा की कहानी नहीं है, बल्कि इनके जैसी ग्रामीण इलाकों की कई लड़कियों ने डिजिटल साक्षरता के माध्यम से एक नए बदलाव की शुरुआत की है।

वह इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म का बखूबी इस्तेमाल कर रही हैं. डिजिटल दुनिया ने निस्संदेह उन लड़कियों का हाथ थामा है, जिन्होंने संसाधनों की कमी के कारण पढ़ाई छोड़ दी होगी या फिर उन्हें उतनी जानकारी नहीं थी, जितनी अब है।

इसके अलावा गूगल या यूट्यूब इन किशोरियों के लिए एक अनुकूल मंच साबित हुआ है जहां कई संसाधन उन्हें मुफ्त में उपलब्ध हो रहे हैं। इसकी वजह से अब लड़कों और लड़कियों की शिक्षा के बीच का अंतर भी कम हो गया है. जो लड़कियां कभी अपने घर की चारदीवारी से बाहर किसी चीज़ के बारे में सपने नहीं देखती थीं, वे अब प्रबुद्ध, शिक्षित, स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रही हैं, जिससे समाज को अपनी मानसिकता बदलने का स्पष्ट संदेश मिल रहा है. वह बता रही हैं कि डिजिटल साक्षरता के माध्यम से अब ग्रामीण भारत की किशोरियां भी शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त होकर अपने सपनों को पूरा कर रही हैं. यह आलेख संजॉय घोष मीडिया अवार्ड 2023 के तहत लिखा गया है।

# भाजपा सदर विधायक के आवास पर होली मिलन समारोह में जमकर खेली गई होली





- सरिता भदौरिया ने जनपद वासियों को दी होली की शुभकामनाऐं

वहाज अली निहाल

**इटावा।** होली मिलन समारोह भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं। भाजपा सदर विधायका के आवास पर होली मिलन समारोह में जमकर खेली होली विधायका सरिता भदौरिया ने जनपद वासियों को दी होली की शुभकामनाएं। देश होली का त्यौहार मना रहा है न सिर्फ मथुरा वृंदावन बल्कि जनपद में भी होली के रंग में लोग रंगे नजर आये हैं। इस दौरान कई सियासत के दिग्गज भी अपनों के साथ होली खेलते दिखे। होली के अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर होली खेली इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली त्योहार भक्ति का प्रतीक है प्राचीन काल से भगवान भक्त की रक्षा करते चले आए राम वर्ष 2024 भक्तों का वर्ष है इस वर्ष में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अबकी बार 400 पार पहुंच रही है। इस अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने सभी कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला महांमंत्री अन्नू गुप्ता जिला मंत्री जितेन्द्र गौड पूर्व जिला अध्यक्ष शिव प्रताप राजपूत विधायक प्रतिनिधि हरि नारायण बाजपेई पूर्व सांसद विधायक रघुराज सिंह शाक्य ब्लाक प्रमुख गणेश राजपूत पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक चौबे इकदिल पूर्व चेयरमैन सौरभ दिक्षित वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश राजपूत विधान सभा मीडिया प्रमुख ओम रतन कश्यप पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार चौधरी क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदोरिया युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजू चौधरी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिरला शाक्य नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला संरक्षक एमपी सिंह तोमर पूर्व महिला जिला अध्यक्ष गुड्डी बाजपेई जिला मंत्री अशोक चौहान भाजपा नेता राम शरण गुप्ता वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक रंजन गुप्ता जितेन्द्र जैन महिला नेत्री नीतू नारायण मिश्रा सुशांत दीक्षित द्वितीय मंडल अध्यक्ष अनुग्रह सेंगर इकदिल मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक चौबे हिंदू सेवा समिति की प्रदीप शर्मा विद्यार्थी परिषद से आशीष बाथम पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष मनीष बघेल व्यापारी नेता अनंत अग्रवाल कृष्ण मुरारी गुप्ता बादशाह राजपूत प्रदीप अग्रवाल महिला जिला प्रभारी सुप्रिया मिश्रा किसान मोर्चा दिनेश भदोरिया हरिशंकर चतुर्वेदी रंजीत वर्मा पूर्व नगर अध्यक्ष राजकुमार वर्मा सुधीर वर्मा सभासद शरद बाजपेई प्रमोद राठौर अनंत वर्मा प्रशांत दीक्षित अंशु दुबे नगर उपाध्यक्ष अखिलेश कौशिक नगर कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा जितेंद्र राजपूत अमित कुमार युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष तरुण रंजन गुप्ता नगर मंत्री चंदन पोरवाल अंकुल चौहान सहित कई भाजपा के जिला के नेता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सैय्यदा की गोद में नूरे मोहम्मद आ गया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** स्थानीय घटिया अज़मत अली स्थित मस्जिद पंजतनी में रोजा अफ्तार एंव इशां की नमाज के बाद रसूल अल्लाह के नवासे इमाम हसन अ.स.की पैदायश की खुशी में महफ़िल का आयोजन किया गया। महफ़िल में तस्लीम रज़ा ने कलाम पेश करते हुए कहा जुलमतें छटने लगीं हर सू उजाला छा गया,सैय्यदा की गोद में नूरे मोहम्मद आ गया। सलीम रज़ा ने कलाम पेश करते हुए कहा सरवरे कौनो मका के हैं अता प्यारे हसन, जानशीने हज़रते शेरे खुदा प्यारे हसन। तनवीर हसन ने कलाम पेश करते हुए कहा नबी के लाल हुए हैं इमाम मौला हसन, नवासे पहले बने हैं इमाम मौला हसन। अख्तर अब्बास ने कलाम पेश करते हुए कहा जश्ने हसन की बड़ी आनबान है, लगता है मेरे पांव तले आसमान है। इसके अलावा आसिफ रिज़वी अश्शू, अली अब्बास रिज़वी सलमान, आबिद रज़ा ने भी कलाम पढ़े। मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा ने इमाम हसन की शान में बेहतरीन कलाम पेश किए। उन्होंने कहा जहां देश मे हिन्दू भाई होली का पर्व मना रहे हैं वही शिया समुदाय ने अपने इमाम मौला हसन की पैदायश का जश्न मनाया। श्री जैदी ने देश मे अमनचैन और आपसी सौहार्द के लिए अल्लाह से दुआ की। मौलवी ताबिश रिज़वी ने दुआए मुजीर की तिलावत की। इसी क्रम में अंजुमन हैदरी के अध्यक्ष राहत अक़ील शक्कन के जन्मदिन पर मस्जिद पंजतनी में रोज़ा अफ्तार का आयोजन हुआ। महफ़िल और रोज़ा अफ्तार में हाजी कमर अब्बास नक़वी, हाजी अरशद मरगूब, शावेज़ नक़वी, राहत हुसैन रिज़वी, मो.मियां, मो. अब्बास, तहसीन रज़ा, हसन अब्बास, जुनैद, जावेद, सुहेल अली, इबाद रिज़वी, आतिफ एड., शब्बर अक़ील, जीशान हैदर, शौजब रिज़वी, अली साबिर, अदनान जाफ़री, आले रज़ा नक़वी आदि लोगों ने भाग लिया।

## मुख्यमंत्री योगी आज मथुरा में प्रबुद्ध जन सम्मेलन से चुनावी शंखनाद करेंगे

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के चुनाव प्रचार में जुटेंगे। उनके चुनाव प्रचार अभियान का शुभारंभ 27 मार्च से शुरू होने वाले प्रबुद्ध सम्मेलनों की श्रृंखला से होगी। मुख्यमंत्री योगी प्रत्येक दिन तीन लोकसभा क्षेत्रों में प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। उनका पहला प्रबुद्ध सम्मेलन भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में होगा। उसके उपरांत वह मेरठ और गाजियाबाद में प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री बुधवार सुबह करीब 11 बजे के पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे फिर वहां से कार्यक्रम स्थल गोवर्धन चौराहा स्थित मंगलम रिसोर्ट में प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित करेंगे। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए भाजपा पदाधिकारियों की बैठक कार्यक्रम स्थल पर आयोजित की गई। बैठक में पदाधिकारियों को कार्यक्रम संबंधी दिशा निर्देश दिए गए। भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री नगेंद्र सिकरवार ने बताया कि सम्मेलन में डॉक्टर, वकील, शिक्षक, व्यापारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, नगर की प्रतिष्ठित संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अन्य प्रबुद्ध वर्गों से भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन जुटाएंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने बताया कि नगर के प्रत्येक मंडल से प्रबुद्धजनों को सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। बैठक में राजू यादव, सुनील चतुर्वेदी, राजवीर सिंह, मुकेश खंडेलवाल, राजेश गुप्ता, मूलचंद गर्ग, संजय शर्मा, राजेंद्र पटेल, श्याम सिंघल, जुगल किशोर अग्रवाल, चंद्रपाल कुंतल, हेमंत अग्रवाल, धर्मेश सोनकर, अवधेश उपाध्याय, सुरभि अग्रवाल, ज्ञानेंद्र राणा, कुंजबिहारी चतुर्वेदी, पंकज वशिष्ठ, नितिन शर्मा, गजेंद्र चौधरी, सुरेंद्र निषाद, रामरतन चौधरी, विनीत शर्मा, यशराज चतुर्वेदी, विक्रम मुदगल, सुनील तरकार, राहुल रजावत, दीपांकर भाटिया, शुभम ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# होली नाम एक रूप अनेक: फूलों की होली, रंगों की होली, लठमार होली होली और कीचड़ की होली

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** नौहझील कस्बा में होली के दूसरे दिन कीचड़ की होली खेलने की परंपरा चली आ रही है। परंपरा अनुसार मंगलवार को सुबह से ही लोग कीचड़ की होली खेलने लगे। रंग और फूलों की होली की तरह ही उल्लास के साथ कीचड़ की होली खेली गई। सभी बाजार बंद रहे। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। हुरियारों ने आने-जाने वाले वाहनों और लोगों को भी कीचड़ में घसीटकर होली खेली।मान्यता है कि भगवान श्री कृष्ण को होली का त्योहार सबसे अधिक प्रिय है। कान्हा के प्रिय त्योहार की बात हो तो उनके भक्त त्योहार को विशेष बनाने की कोशिश में लगे रहते हैं। तभी तो सारी दुनिया ब्रज की होली की दीवानी है। फिर वो चाहे बरसाना की लठमार होली हो या नंदगांव की लड्डू होली। आपको जानकर हैरानी होगी कि ब्रज में रंगों, लट्ठों के अलावा कीचड़ से भी होली खेली जाती है।

वैसे तो पूरे ब्रज मंडल में होली खेलने का अलग ही रिवाज है। लेकिन, मथुरा का नौहझील कस्बा ऐसा है जहां रंगों की होली के अगले दिन कीचड़ की होली होती है। मंगलवार को भी उत्साही नवयुवकों एवं हुरियारनों की टोलियां अलग-अलग गली मोहल्लों में निकलीं। सभी ने कीचड़ की होली का आनंद लिया। कीचड़ की होली खेलने वाले हुरियारों और हुरयारिनों की कितनी दहशत रहती है कि कस्बे के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रखते हैं। बाजार से लगे हुए गांवों से कोई भी व्यक्ति इनकी दहशत की वजह से कस्बे में नहीं आता। दोपहर तक यातायात के साधन भी पूरी तरह बंद रहे। होली खेलने के शौकीनों ने बुग्गी और ट्रैक्टरों से दो दिन पूर्व ही मिट्टी लाकर कीचड़ की व्यवस्था कर ली थी। इसमें एक दूसरे को सराबोर कर दिया। इसके बाद मोहल्ले की महिलाओं को भी कीचड़ में पूरी तरह सराबोर कर दिया। बिना जानकारी के यदि कोई व्यक्ति किसी वाहन से अथवा पैदल कस्बे में आ गया तो उसका भी वही हाल हुआ।

# पश्चिम बंगाल से राजकीय महाविद्यालय की मिली



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पिछले 18 वर्षो से नृत्य एवं कला के क्षेत्र मे निरंतर कार्य कर रही शुभेद्र सिंह मेमोरियल रेड चिली अकादमी ऑफ़ डांस एंड आर्ट्स को पश्चिम बंगाल से राजकीय महाविद्यालय की मिली मान्यता। अब इटावा मे साढ़े तीन साल के बच्चे से लेकर युवा तक सभी लोग शुभेद्र सिंह मेमोरियल रेड चिली अकादमी ऑफ़ डांस एंड आर्ट्स मे नृत्य की शिक्षा कर सकेंगे ग्रहण। पश्चिम बंगाल से संगीत एवं कला की राजकीय मान्यता मिलने के बाद इटावा के लोग डिग्री लेकर किसी भी विद्यालय मे नृत्य के शिक्षक के रूप मे नियुक्त। शुभेद्र सिंह मेमोरियल रेड चिली अकादमी ऑफ़ डांस एंड आर्ट्स का निर्माणधीन विद्यालय द्वीप किरण नर्सिंग होम के सामने है जो जुलाई 2024 तक पूर्ण रूप से शुरू हो जायेगा। उपरोक्त विद्यालय के निदेशक शीलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया की संगीत कला विद्यालय मे विष्णु देव विश्वकर्मा जी क्लासिकल एंड वोकल के एच ओ डी,संजीव यादव सरल गायन के एच ओ डी,चंचल गोयल फाइन आर्ट्स व स्वदेश डेकोश्ता सरल संगीत की शिक्षा प्रदान करेंगे। शुभेद्र सिंह मेमोरियल रेड चिली अकादमी ऑफ़ डांस एंड आर्ट्स निर्माणधीन विद्यालय मे एक प्ले ग्रुप के विद्यालय का निर्माण भी करवा रहा है जिसमे छोटे बच्चो को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।

# भारतीय पत्रकारिता के सर्वोच्च प्रकाश स्तंभ थे विद्यार्थी जी

अवधनामा संवाददाता

- होली मिलन समारोह में मनाया गया 93 वा बलिदान दिवस

**मथुरा।** मूर्धन्य स्वतंत्रता सेनानी और पत्रकारिता का प्रकाश स्तंभ गणेश शंकर विद्यार्थी जी का बलिदान दिवस कौमी एकता मंच मथुरा और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ( माले) की जिला कमेटियों के संयुक्त तत्वावधान में भगतसिंह पार्क में होने वाले वार्षिक होली मिलन समारोह में मनाया गया। महान क्रांतिकारी भगत सिंह की शहादत दिनांक 23 मार्च 1931 के बाद देश के नौजवानों के उबाल को भटकाने के लिए अंग्रेजों की शह पर कानपुर में सांप्रदायिक तत्वों ने हिंदू मुस्लिम दंगा भड़का दिया था। विद्यार्थी जी उस दंगे को शांत करने की कोशिश में सांप्रदायिक गुंडों के हाथों 25 मार्च 1931 को शहीद हो गए थे। ऐसी स्थिति में जब न्यूज रूम और एडिटर केबिन में बैठकर बहुत से सत्ता पोषित लोग दिन रात देश के हिंदू मुसलमानों को आपस में लड़ाने की योजनाएं बनाते हैं और असल मुद्दों से जनता को भटका कर सरकारी एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं , विद्यार्थी जी का जनपक्षधर पत्रकारिता के लिए सर्वोच्च बलिदान और अधिक प्रासंगिक हो गया है। वे उन पत्रकारों की सदैव प्रेरणा बने रहेंगे जो मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी जान की कीमत अदा कर सकेंगे। समारोह में वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता शिवदत्त चतुर्वेदी , भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी ( माले ) के नेता नसीर शाह एडवोकेट और गिरधारी लाल चतुर्वेदी , पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुर्वेदी एडवोकेट, कौमी एकता मंच मथुरा के अध्यक्ष जीसस चतुर्वेदी %उत्कर्ष% एडवोकेट , सांप्रदायिकता विरोधी समिति के मनोज गौड़, पत्रकार विवेक मथुरिया, आरटीआई कार्यकर्ता उमाशंकर शर्मा, एआईएसएफ के नेता रवि शर्मा, कौमी एकता मंच मथुरा के कार्यकारिणी सदस्य खलील खान, शरद चतुर्वेदी एडवोकेट, विकाश चतुर्वेदी , अमित चतुर्वेदी एडवोकेट और अनंत चतुर्वेदी तथा मानव सेवा धर्म के फतेह सिंह एडवोकेट ने गणेश शंकर विद्यार्थी जी की छवि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया।

# आबकारी विभाग बना गांधारी, नियम भांग विक्रेताओं के ठेंगे पर

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कभी भांग के कारोबार में भोले की नगरी पहले नंबर पर रहा करती थी, आज मथुरा जनपद मैं भांग का कारोबार सबसे अधिक हो रहा है। करोवरियों ने अभी नियम कायदों को ताक पर रख अपने कारोबार को भांग की आड़ में चरम पर पहुंचा रखा है। आबकारी नियमावली के अनुसार भांग शराब की दुकान पर भांग और शराब के अलावा कोई और वस्तु का व्यापार नही हो सकता किंतु सूत्रों की मानें तो करोवरियों ने आबकारी विभाग के अधिकारियों पर पैसों का जूता फेंक मुंह बंद कर धड़ल्ले से भांग के साथ ठंडाई, शिकंजी का भी खेल शुरू कर दिया है, भांग कारोबारी अपने ग्राहकों को भांग की गोली के साथ शिकंजी और ठंडाई को भी परोसा जा रहा है। मथुरा जनपद के ज्यातार ठेका इसी प्रकार का खेल खेल रहे हैं, सूत्रों के हवाले से पता चला है कि सबसे ज्यादा होलीगेट ठेका, मंडी चौराहे का ठेका, मसानी ठेका, चौक बाजार के ठेकों से मोटी रकम आबकारी विभाग को भेजी जा रही है। भांग के ठेकेदार बढ़ी अकड़ के साथ इस वात को कहते भी घुम रहे है कि, जो काम कर रहे हैं उसका हिस्सा अधिकारियों को भेज रहे है। आबकारी विभाग हमारी दुकानों कि और ताक भी नहीं सकता।

## राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**मथुरा।** किशोरी रमन कन्या स्नाकोत्तर महाविद्यालय मथुरा की प्रथम एवं द्वितीय इकाइयों के सप्त दिवसीय शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 लकी गुप्ता के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मनीषा शर्मा एवं डॉ0आम्रपाली के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता स्वीप टीम कोऑर्डिनेटर प्रो0 पल्लवी सिंह, मांट विधानसभा कोऑर्डिनेटर डॉ0 दीन दयाल, जिला साक्षरता क्लब प्रभारी मनीष दयाल एवं प्रधानाचार्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 महिपाल सिंह की उपस्थिति में हुआ. अतिथियों द्वारा युवाओं के प्रेरक स्वामी विवेकानंद पर पुष्प अर्पित करने के बाद छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना गीत की प्रस्तुति की तथा मतदाता जागरूकता टीम ने 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूरी कर चुके कर चुकी प्रत्येक छात्र छात्रा को मतदाता पंजीकरण आवश्यक रूप से करने के लिए प्रेरित किया तथा इसके लिए मतदाता पंजीकरण की ऑफलाइन एवं ऑनलाइन विधि से परिचित कराया तथा 26 अप्रैल 2024 को मतदाता के रूप में पंजीकृत प्रत्येक नागरिक को सभी कार्यो को छोड़कर पहले मतदान हेतु केंद्र पहुंचने की अभियान को तीव्र गति देने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली जो स्टेट बैंक मुख्य शाखा से होती हुई बस स्टैंड पहुंची वहां छात्राओं ने मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर लोगों को मतदान की प्रति जागरूक किया।

# गिलट व्यवसायियों का होली मिलन रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** गिलट आभूषण व्यवसायी समिति रजि0 मथुरा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह चित्रकूट मशानी पर हुआ। सर्वप्रथम भाजपा पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, भारतीय जनता पार्टी के माहानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी,एम एल सी योगेश नोहवार , समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल सादाबाद वालों के द्वारा श्री गिर्राज महाराज की छवि पर पुष्पमाला पहनाकर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की। समिति के समस्त सदस्य होली के रंग में नजर आ रहे थे राधा कृष्ण व सखी के पात्र होली के गानों की धुनो पर रास कर रहे थे। फाग खेलन बरसाने आये है नटवर नंद किशोर के गानों पर राधा कृष्ण के पात्रों ने समस्त माहौल को होली के रंग में रंग दिया और समिति के सदस्य उनके साथ झूमने नाचने लगे। कार्यक्रम के अंत में फूलों की होली हुयी। उपस्थित सभी सदस्यों ने ठंडाई का आनंद लिया, होली मिलन कार्यक्रम में ठंडाई के साथ पानी की टिकिया,पाव भाजी,मटर कुलचे,चीला,दही गुजिया झोल कचोड़ी व मिष्ठान का आनंद सभी सदस्यों ने भरपूर लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, एम एल सी योगेश नोहवार,बीजेपी माहानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी,समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल सादाबाद वाले, धौलीप्याऊ मंडल अध्यक्ष रामरतन चौधरी बीजेपी, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सहमंत्री सुरेन्द्र चौधरी, महामंत्री शंकर अग्रवाल, कार्यक्रम मुख्य संयोजक गुड्डु अग्रवाल, सह संयोजक वालकिशन अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, शरद कुमार वसंल, नीरज अग्रवाल, पवन सोनी, लोकेश तायल, कार्यकारिणी सदस्य सुभाष अग्रवाल, मीडिया प्रभारी आशीश गर्ग, पलाश अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, अंकुर सिंघल, संदीप अग्रवाल, आदि सदस्यगण मौजूद थे।

# दाऊजी का हुरंगा: गोपों के नंगे बदन पर बरसे प्रेम पगे कोड़े

अवधनामा संवाददाता

**बलदेव (मथुरा)।** तीर्थनगरी मथुरा के बलदेव में मंगलवार को ब्रज के राजा श्री दाऊजी महाराज का विश्व प्रसिद्ध हुरंगा मनाया गया। हुरंगा पर हुरियारिनें नृत्य महारास किया। इसे देखने को लोगों का जनसैलाब उमड़ा। बैंड-बाजे की धुन पर होली रसिया गीतों का गायन किया गया। नृत्य महारास चला। सैकड़ों महिलाएं परंपरागत पोशाक लहंगा, फरिया, स्वर्ण आभूषण पहनकर गायन के साथ नृत्य किया।

श्री दाऊजी महाराज का विश्व प्रसिद्ध हुरंगा देखने को भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। हुरियारिनों ने हुरियारों के नंगे बदन पर तड़ातड़ कोड़ों की मार लगाई। हुरंगा के नायक शेषावतार श्री दाऊजी महाराज रहे।

हुरंगा में पुरुषों के गोप समूह को महिलाओं की गोपिका स्वरूपों द्वारा प्रेम से भीगे कोड़ों की मार लगाई गई। कपड़े फाड़कर नंगे बदन पर कोड़े पड़े तो दृश्य देखकर दर्शक आनंदित हो उठे। हुरंगा 12 बजे शुरू हुआ।

गोपिका स्वरूप महिलाएं परंपरागत लहंगा फरिया पहनकर पहुंची। मंच पर श्रीकृष्ण-बलराम सखाओं ने अबीर गुलाल उड़ाया। हुरंगा में गोस्वामी श्री कल्याण देव जी के वंशज सेवायत पांडेय समाज ही खेलते हैं। समाज गायन में %होली आई रे श्याम सुध लीजो% के स्वर सुनाई दिए।

महिलाओं ने नंद के तोते गोरी जब खेलूं मेरी पोहची में नग जड़वाय, स्वरों का गायन किया। महिलाएं, पुरुषों के बदन से कपड़े फाड़कर उसका कोड़ा बनाया। इसे टेशू के रंग में भिगोकर उनके नंगे बदन पर कोड़े बरसाए। कोड़े पड़ने के साथ ही पुरुष थिरक पड़ते। वह अपनी चोट छिपाने के लिए गायन और नृत्य करने लगे। छतों से गुलाल, फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गईं। इस मौके पर लाल रंग के गुलाल से जैसे लाल बदरा ही छा गए हों।

हुरंगा में हुरियारिनें झंडा छीनने का प्रयास करती रहीं। वहीं पुरुष उसे बचाने के प्रयास में जुटे रहे। अनंत- महिलाएं झंडा छीनने में सफल हो गईं। इसके बाद महिलाओं ने %हारे रे रसिया जीत चली ब्रज नारि का गायन किया। इसके बाद हुरंगा संपन्न हुआ। लोगों ने अपने घरों को प्रस्थान किया।

# जो हित की करेगा बात उसी को मिलेगा पसमांदा का साथ: एआईपीएमएम

- लोकसभा चुनाव हेतु एआईपीएमएम ने की जूम मीटिंग
- जगह जगह नुक्कड़ सभाएं करें जिला अध्यक्ष: परवेज

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पिछड़े मुसलमानों के लिये संघर्षत सामाजिक संगठन आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने विगत 25 मार्च को जूम मीटिंग का आयोजन किया जिसमें संगठन के विभिन्न प्रदेशों पदाधिकारी जुड़े। संगठन का मुख्य एजेंडा लोकसभा चुनाव-2024 था, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने करते हुए कहा हमें हिन्दू मुस्लिम छोड़कर आने वाले लोकसभा चुनाव में पसमांदा मुसलमानों को यह तय करना चाहिए कि उनका हितैषी कौन है? जो पार्टी हमें राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक हिस्सेदारी दे या देने की बात कहे हमारे समाज को उसी को मतदान करना है। उन्होंने कहा मतदान के प्रति पसमांदा मुसलमानों को जागरुक करने के लिये ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के जिलाध्यक्षों को जगह-जगह नुक्कड़ सभा कर पसमांदा मुसलमानों को जागरुक करना होगा। उन्हें मतदान की ताकत के बारे में अवगत कराना ही हमारे संगठन के उद्देश्यों में से एक है।

संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद यूनुस ने कहा आज पसमांदा देश की राजनीति में विचार का विमर्श बना है तो उसका पूरा क्रेडिट ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज को जाता है। उन्होंने कहा कि हमें किसी राजनीतिक पार्टी से बैर नहीं है चाहे वह कोई भी पार्टी क्यों न हो, कहा कुछ वर्ग विशेष द्वारा



पसमांदा मुसलमानों में भाजपा का खौफ भरने की कोशिश की जाती रही है, जिससें कि पसमांदा मुसलमान सिर्फ अपने बचाव की खातिर भाजपा को छोड़ किसी को भी वोट कर देता था, मगर अब ऐसा नहीं है, जबसे प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न मंचों से पसमांदा मुसलमानों की बदहाली के बारे में बात की है तब से वह भी जान चुका है कि उसका बीते वर्षो से सिर्फ राजनीतिक इस्तेमाल किया गया है। इस अवसर पर गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष सलीम गरासिया ने कहा कि पिछली बार गुजराती पसमांदा मुसलमानों 9 प्रतिशत भाजपा को वोट किया था, मगर अब उन्हें उम्मीद है कि इस बार यह करीब 15 प्रतिशत जायेगा।

इं. अख्तर हुसैन ने बिहार में चुने गये उम्मीदवारों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा 4 मुस्लिम उम्मीदवारों में एक भी पसमांदा नहीं यह अफसोसा की बात है मगर थोड़ा अच्छा यह हुआ कि नीतीश की पार्टी ने एक पसमांदा उम्मीदवार मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि हमारे संगठन आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज को और परिश्रम करने की आवश्यकता है, जिससे कि यह राजनीतिक पार्टियां हमें इलेक्शन के टिकट खुद देने आयें।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष फैयाज अहमद अल्वी, झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अब्दुल कलीम अंसारी, बुंदेलखंड अध्यक्षः अकबर अली मंसूरी, बिहार के प्रदेश प्रवक्ता, शब्बीर अहमद, कोषाध्यक्ष मोहम्मद इदरीस, रहीस कुरैशी, शहनवाज, मोहम्मद कमरुद्दीन, अख्तर हुसेन, मोहम्म नफीस मंसूरी, अब्दुल रकीब आलम, रीमुद्दीन सैफी, अरशद अमानुल्लाह, एहतेशाम अयूबी, अज़हर आलम, उल्फत अली, शकील लेड़ी जिला अध्यक्ष अनवर अली राईन (बाराबंकी) , अधिवक्ता सलीम अंसारी (रामपुर), रशीद कमाल (आजमगढ़), डॉक्टर इम्तियाज़ अल्वी (प्रतापगढ़) आदि कार्यकर्ताओं ने मीटिंग में भाग लिया। **नोट** ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने पहले ही सभी मुख्य दलों को अपना मांग पत्र सौंपा दिया है।

# 6 लाख रुपए की नकदी बरामद



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** बिलग्राम में कार सवार दंपती से पुलिस ने पौने 6 लाख रुपए की नकदी बरामद की है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू की गई है। जिसको लेकर 50 हजार से अधिक की नकदी लेकर चलने पर अगर कोई व्यक्ति पकड़ा गया तो उसको 50 हजार से अधिक की नकदी का ब्योरा देना पड़ेगा कि वह रुपया कहां से लाया और कहां खर्च करने जा रहा था।

इसी क्रम में बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के हैबतपुर गांव के पास एक टीम व बिलग्राम प्रभारी निरीक्षक द्वारा संयुक्त टीम बनाकर हैबतपुर गांव में वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक कारोबारी की कार से तकरीबन 5 लाख 75000 हजार रुपए बरामद किए हैं। कारोबारी फिलहाल पुलिस को रुपए के संबंध में कोई अभिलेख नहीं दिखा पाया। ऐसे में चुनाव सेल के जरिए रुपयों को कोषागार में जमा करने का निर्णय लिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि पुलिस द्वारा हैबतपुर गांव के पास वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। तभी हरदोई की ओर से आ रही एक कार को पुलिस द्वारा रोका गया और कार की तलाशी लेने पर उसमें लगभग 5 लाख 75000 हजार रुपए बरामद हुए।

पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम आशीष मिश्रा पुत्र रामशरण मिश्रा निवासी थाना पिहानी हरदोई का निवासी बताया है, जो दिल्ली में आईटी बिजनेस का कारोबारी है, जो अपने घर से वापस दिल्ली जा रहा था। फिलहाल पुलिस को कारोबारी ने पैसों के संबंध में कोई अभिलेख ना दिखा पाने को लेकर पुलिस ने पैसों को कोषागार में जमा कर दिया है।

# दर्शन करने जा रहे चार दोस्तों की कार बोलेरो से टकराई एक की मौत, तीन गम्भीर

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** खाटू श्याम जयपुर राजस्थान दर्शन करने जा रहे चार दोस्तों की बोलेनो कार की बोलेरो से आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई जबकि तीन युवकों को गम्भीर हालत में जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना बीती रात एक बजे की है।23 मार्च को मुंगराबादशाहपुर से हर्षित केशरी (25) निवासी आदर्श कालोनी स्टेशन रोड,शिवम् सोनी (23) निवासी साहबगंज, शिवम उमरवैश्य (22) निवासी नईबाजार व बोलेनो वाहन मालिक शेबू उमरवैश्य (26) निवासी सीढा सतहरिया मथुरा, वृंदावन और खाटू श्याम जयपुर राजस्थान दर्शन के लिए निकले।

मथुरा, वृंदावन मन्दिरों के दर्शन पूजन करने के बाद चारों दोस्त खाटू श्याम मंदिर जयपुर राजस्थान दर्शन के लिए निकले।वाहन शेबू उमरवैश्य चला रहे थे।आगे की सीट पर हर्षित केशरी बैठे हुए थे। पिछली सीट पर शिवम् सोनी, शिवम् उमरवैश्य बैठे हुए थे। जयपुर के पास एक टर्निंग प्वाइंट पर बोलेनो कार की बोलेरो वाहन से आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये।हादसे के बाद कोहराम मच गया। स्थानीय लोग मदद के लिए जुट गए।

पुलिस भी मौके पर पहुंचीं और चारों युवकों को गाड़ी से बाहर निकाल कर जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह 8 बजे हर्षित केशरी की मौत हो गई। जबकि शिवम् सोनी, शिवम् उमरवैश्य व शेबू उमरवैश्य को गम्भीर हालत में जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना की जानकारी परिजनों को रात दो बजे हुई तो घर में मातम छा गया। परिवार के सदस्य जयपुर राजस्थान के लिए निकल गए हैं।

# होली में जम कर उड़े अबीर गुलाल और फूल

- प्रयागराज में कपड़ा फाड़ होली की धूम, रंगों की फुहार के बीच झूमे लोग



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** रंगों का महापर्व होली संगमनगरी में सोमवार और मंगलवार को पूरे जोश, खुशी और उत्साह के साथ मनाया गया। होलिका दहन के बाद से रंगभरी होली पूरे शहर में दिनभर खेली गई। यहां लोकनाथ और ठठेरी बाजार की सुप्रसिद्ध कपड़ा फाड़ होली मशहूर है। यहां पूरे शहर के अलावा दूर दूर से लोग होली खेलने आते है। होली का पर्व शांति से मनाया गया। सनातन धर्म के लोगों ने सुबह होलिका की पूजा और परिक्रमा की। इसके बाद होली खेलने का क्रम आरंभ हुआ। ऐतिहासिक लोकनाथ चौराहा पर युवाओं की भारी भीड़ जुटी है। कपड़ा फाड़ होली खेलने के लिए दूर- दूर से लोग आए हैं। यहां आने लोगों के अपना कपड़ा फाड़कर घर जाने की परंपरा है।

गानों की धुन पर होरियारे जमकर झूमते दिखे। खास बात यह रही कि इस बार यहां 14 फीट लंबी पिचकारी से 60 फीट दूर तक रंगों की फुहार फेंकी गई।

लोकनाथ की अनूठी और मशहूर होली में लोग शामिल होने के लिए जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश भर से लोग आते है। इस बार खास इंतजाम किए गए थे।। फूलों के रंगों वाले ड्रम तैयार किये गये। इसके लिए 20 से अधिक ड्रम में गेंदा, गुलाब की पंखुड़ियां भरकर होली खेली जा रही है। पांच कुंतल से अधिक गुलाब की पंखुड़ियां, 15 कुंतल अबीर -गुलाल और तीन कुंतल कागज की कतरने मशीनों से उड़ाई गई।

लोकनाथ के अलावा भी पूरे शहर की गलियां और चौराहे पर सिर्फ नकाबंदी गाने की धूम रही। लोकनाथ चौराहे पर 40-50 स्पीकर लगाए गए। दिनभर नाकाबंदी का गीत बजता रहा। यह होली सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक खेली जाएगी। यहां की होली को जब तक प्रशासन बंद नहीं कराता तब तक यहां होली का हुड़दंग चलता रहता है।

## बीएसएनवी कॉलेज के दो छात्रों ने आईआईटी जैम की परीक्षा में लहराया परचम

**प्रयागराज।** तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी अपना हौसला बनाए रखते हुए बीएसएनवी पीजी कॉलेज के छात्र अभिषेक सिंह एवं दीपक कौशल ने केमिस्ट्री एवं फिजिक्स सब्जेक्ट में देश की प्रतिष्ठित आईआईटी जैम परीक्षा उत्तीर्ण की है। अत्यंत विषम आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद भी दोनों छात्रों ने अपना रुझान पढ़ाई की ओर बनाए रखा एवं बीएसएनवी के साथ ही साथ आईआईटी जैम की परीक्षा उत्तीर्ण की जिसके द्वारा इन्हें परास्नातक के लिए आईआईटी अथवा एनआईटी जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ने का अवसर मिलेगा। इन दोनो छात्रों को कॉलेज के प्राचार्य संजय मिश्र, केमिस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर देवेंद्र कुमार एवं भौतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रामकुमार ने बधाई दी।

# डीजे के सामने नाचने को लेकर मारपीट एक की मौत कई घायल

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** होली का पर्व मनाते समय डीजे के सामने नाचने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई , इस खूनी संघर्ष में एक की मौत हो गई तथा कई लोग घायल हो गए है। यह वारदात रामपुर थाना क्षेत्र के मई गांव में हुई है। होली की दोपहर डीजे पर नाचने को लेकर दो पक्ष शराब के नशे में हाथापाई हुई। जिसके बाद नंदकिशोर पक्ष के लोग घर पर चले आए। बताया जाता है कि दूसरे पक्ष के लोग घर पर लाठी डंडा लेकर आ गए। जिसको लेकर एक बार फिर मामला गर्म हुआ और कहासुनी के बाद लाठी चटकने लगी। देखते ही देखते नंदकिशोर पक्ष के नौ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी रामपुर इलाज के लिए ले गए। जहां से पांच लोगों को गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, इलाज के दौरान नंदकिशोर की मौत हो गई। जबकि उनके बड़े भाई नंदलाल पटेल की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया है। सूचना पर एसपी डॉक्टर अजय पाल शर्मा ,एडिशनल एसपी शैलेंद्र कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं समेत आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुटे हुए हैं। घटना की जानकारी देते हुए एसपी ग्रमीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना रामपुर अंतर्गत मई गॉव में दो पक्षों के बीच नाँच गाने को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। केस दर्ज कर नामजद 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## गौशाला में मिला दिव्यांग का शव, जानवरों ने नोचा

**प्रयागराज।** कोरांव स्थित बेलहट गौशाला में मंगलवार सुबह एक दिव्यांग का शव मिला, जिसे जानवरों ने नोचा था। इसकी जानकारी होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौके की औपचारिकताएं पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोरांव पुलिस को मंगलवार सूचना मिली कि ग्राम बेलहट गौशाला के पास एक 45 वर्ष के अज्ञात पुरुष का शव पड़ा है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा तो मृतक देखने से विक्षिप्त अथवा भिखारी जैसे लग रहा था। पुलिस ने आसपास के ग्राम प्रधानों व लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। बताया जाता है कि मृतक के दाहिने हाथ के पंजे का कुछ भाग जानवरों द्वारा खा लिया गया था, जिस पर चीटियां लगी थीं। उसकी दोनों आँखें नहीं थी।

# शव आते ही मची चीख पुकार, घरों में नहीं जले चूल्हे

- सड़क हादसे में दो युवक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खेतासराय)** सोमवार को गुरैनी में सड़क हादसे में दो युवक की मौत से पोस्ट ऑफिस वार्ड में मातम छा गया। देर रात्रि लाश आते ही दोनों घरों में चीख़ पुकार से हर किसी की आंखे छलक उठी। मंगलवार की भोर में शवों का पिलकिछा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

सनोज यादव उर्फ़ नाटे 38 की मौत से पत्नी कुसुम देवी जहाँ विधवा हो गई वही 4 वर्ष का मात्र एक बेटा रेहान का पिता का साया उठ गया। पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक आठ भाइयों में दूसरे नम्बर पर था। वह वेल्डिंग का काम करके परिवार का भरण पोषण करता था।

वही दिलीप 30 ड्राइविंग कर परिवार की गाड़ी को आगे बढ़ा रहे थे। सनोज के साथ वह भी बाइक से होली मिलन कर वापस घर आ रहा था। दोनों एक ही मुहल्ले के निवासी है। दिलीप के चार बच्चे है।

पत्नी संगीता को बज्र पात हो गया है। अब किसके सहारे वह पहाड़ सी जिंदगी को काटेगी। कौन चलाया गया परिवार की आजीविका। ये तमाम सवाल अनुत्तरित रहेगा। मृतक के बच्चे पायल (11), सानू (9), सौम्या (7), दीप (5) अब अनाथ हो गए। दोनों परिवारों के करुण क्रंदन से पूरे वार्ड में मातम छा गया। लोगों के घरों में चूल्हे नही जले। घर पर शोक संवेदना के लिए घर पर तांता लगा हुआ है।

# पुलिस कर्मियों ने अधिकारियों के साथ जमकर खेली होली

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में पुलिस कर्मियों की होली मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित की गई। जिसमें सहयोगियों के साथ एसपी अनुराग आर्य जम कर ठुमके लगाए तो वहीं कपड़ा-फाड़ होली के साथ ही अबीर-गुलाल उड़ाए गए। पुलिस लाइन परिसर में पुलिस कर्मियों ने अधिकारियों के साथ जम कर होली का त्योहार मनाया। होली पर्व पर पुलिस कर्मियों की छुट्टी कैसिल रहती है। जिसके चलते अगले दिन पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों की होली आयोजित होती है। वर्षो से चले आ रहे इस परंपरा का इस होली पर भी निर्वहन हुआ। होली के अगले दिन मंगलवार को पुलिस लाइन में पुलिस



कर्मियों की रंगभरी होली का आयोजन किया गया। इसके लिए लाइन परिसर में मंगलवार को डीजे की व्यवस्था करने के साथ ही अबीर-गुलाल व रंग की व्यवस्था की गई थी। एसपी अनुराग आर्य के पहुंचते ही मौजूद पुलिस कर्मियों ने होली का हुड़दंग शुरू कर दिया। मातहतों के साथ एसपी अनुराग आर्य ने भी फिल्मी गीतों पर जम कर ठुकमे लगाया। एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर होली का जम कर जश्न मनाया गया। इस दौरान एसपी के अलवा एएसपी सिटी शैलेंद्र लाल, एएसपी ग्रामीण चिराग जैन व सभी क्षेत्राधिकारी व लाइन में तैनात पुलिस कर्मी आदि शामिल हुए। पुलिस लाइन के अलावा सभी कोतवाली व थानों पर भी मंगलवार को पुलिस कर्मियों की होली आयोजित की गई।

## बस-कार की आमने सामने हुई टक्कर, एक की मौत, एक दर्जन घायल

**प्रयागराज।** प्रयागराज से बांदा की ओर जा रही बस की शंकरगढ़ स्थित अमिलिहाई गांव के सामने कार से टक्कर हो गई। घटना के बाद वहां चीख पुकार मच गई। मौके पर जुटे लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हादसे मे एक अधेड़ की मौत हो गई जबकि दर्जन भर लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सवारियों से भरी एक बस प्रयागराज से बांदा की ओर जा रही थी। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के शिवराजपुर में अमिलिहाई गांव के सामने बस की सफारी कार में भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद वहां कोहराम मच गया। सवारियां चीखने चिल्लाने लगीं। आसपास के लोग मौके पर दौड़ते हुए पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस के साथ ही एसीपी बारा संत लाल सरोज भी वहां पहुंच गए। हादसे में सफारी कार सवार शत्रुघ्न पटेल (40) की मौके पर मौत हो गई। वहीं सफारी चालक छोटे यादव (45) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए प्रयागराज नगर में रेफर कर दिया गया। दोनों वाहनों की टक्कर में बस में सवार पूजा पुत्री कुबेर निवासी कर्वी, सारिका निवासिनी शंकरगढ़, अमन अग्रहरी निवासी बड़गढ़ सहित दर्जन भर लोग घायल हुए हैं।

# होलिका दहन के बहाने रिहायशी मढ़हा व दुकान फूंका

- परिवार हुआ बेघर, लाखों का नुक़सान
- दो लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर। (मुंगराबादशाहपुर)** स्थानीय थाना क्षेत्र के नान्हूके पूरा गांव में होलिका फूंकने के बहाने रिहायशी मढ़हा और गोमती में रखा सामान फूंक दिया जिससे घर गृहस्थी व दूकान का सामान जल कर राख हो गया।घटना के बाद परिवार दाने दाने का मोहताज व छत विहीन हो गया है।रविवार की रात नान्हू के पूरा गांव निवासी राजेश गौतम पुत्र राम लखन गौतम खाना पीना खाकर अपने परिवार सहित अपने रिहायशी मढ़हे में सोया हुआ था। आरोप है कि रात दो बजे अराजक तत्वों ने उसके रिहायशी मढ़हे में आग लगा दी।आग की लपटों में घिरा परिवार किसी तरह से बाहर निकला तो देखा कि मढ़हे के बगल गोमती में रखी चाय पान की दूकान भी धूं-धूं कर जल रही थी।शोर सुनकर गांव के लोग दौड़े और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जब तक लोग आग पर काबू पाते तब तक रिहायशी मढ़हा और चाय पान की दूकान पूरी तरह से जलकर राख हो गई। अगलगी में लाखों का सामान जल गया। घटना के बाद राजेश गौतम का परिवार जहां एक तरफ दाने दाने का मोहताज हो चुका है वहीं दूकान भी जलने के कारण रोजी रोटी भी लाले पड़ गए हैं। भुक्तभोगी ने गांव के ही कुछ लोगों पर मढ़हा और दूकान को जलाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष संतोष पाठक का कहना है कि तहरीर के आधार पर गांव के ही दीपक और बुलबुल के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# श्री बड़े हनुमान मंदिर में पांच दिवसीय अनुष्ठान का समापन

- कोरिडोर निर्माण के लिए किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** काशी विश्वनाथ की तर्ज पर प्रयागराज में संगम कोरिडोर बनने जा रहा है। संगम स्थित श्री बड़े हनुमान जी मंदिर कोरिडोर माघ मेला, कुंभ में ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत साबित होगा। इस निर्माण कार्य के सफल आयोजन के लिए बाघम्बरी मठ के महंत बलवीर गिरी जी महाराज की ओर से पांच दिवसीय अनुष्ठान कराया गया जो मंगलवार को संपन्न हुआ। उत्तर दक्षिण के ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक अनुष्ठान से श्रीमठ बाघंबरी गद्दी के महंत बलवीर गिरि जी महाराज ने शुक्रवार यानी 22 मार्च को अष्टद्रव्य गणपति हवन से पूजन की शुरुआत की थी। अनुष्ठान के



अंतिम दिन 26 मार्चको अधिवास हवन पूजन महापूजन और अनुज्ञा कलश से महाभिषेक किया गया। श्रीमठ बाघंबरी गद्दी के महंत बलवीर गिरि जी महाराज ने बताया कि अनुष्ठान की शुरुआत गणपति अष्टद्रव्य हवन से हुआ था। इसमें शुलीनी दुर्गे यंत्र पूजन, रूद्र हवन, तक्षक यंत्र पूजनकर्म, महासुदर्शन यंत्र पूजन कर्म व हवन यंत्र, हनुमान मूल मंत्र हवन, कलश स्थापना एवं अभिषेक हुआ। उन्होंने बताया कि जीर्णोद्धार कार्य पर कोई भी अनिष्ठ न हो उसके लिए महासुदर्शन हवन किया गया। हनुमान मूल मंत्र पूजन में मंदिर प्रांगण में जो मूर्तियां हैं उनको अपने स्थान से निकालने के लिए वैदिक विधि से कलश स्थापना किया। तक्षक पूजन अर्थात जमीन के अंदर रहने वाले समस्त जीवों से प्रार्थनाक की गई कि मूल चूक में कोई जीव किसी यंत्र के कारण चोटिल होता हैतो उन सभी जीवों के लिए पूजन कर्म किया गया। साथ ही साथ क्षमा याचना की गई। हनुमान मंदिर में दैवीक, दैहीक व भौतिक रूप से सबका कल्याण हो। जिसमें रामजानकी मंदिर व गणेश व छोटे हनुमान मंदिर गदा इत्यादि मंदिर प्रांगण के सभी मूर्तियों के लिए वैदिक अनुष्ठान किया गया। मंदिर जीर्णोद्धार पूर्ण होने पर पुनः अनुष्ठान करके उन्हें प्राण प्रतिष्ठित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएल टूर्नामेंट कमेटी ने कराया रोजा इफ्तार



**प्रयागराज।** रसूलपुर प्रीमियर लीग (आरपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट की आयोजन समिति ने सोमवार को खिलाड़ियों के लिए रोजा इफ्तार का आयोजन किया। टूर्नामेंट कमेटी के वरिष्ठ सदस्य रॉकी खान के रसूलपुर स्थित आवास पर आयोजित रोजा इफ्तार में प्रतियोगिता की आठों टीमों के कप्तान, कोच और खिलाड़ी शामिल हुए। इफ्तार और नमाज के बाद सभी ने मुल्क की सलामती और आपसी भाई-चारा बढ़ाने के लिए दुआ मांगी। हर साल होली पर आयोजित होने वाली लीग का आयोजन इस बार रमजान के कारण होली में न होकर ईद के दूसरे दिन शुरू होगा, जो तीन दिन चलेगा। इफ्तार में आयोजन सचिव एवं क्षेत्रीय पार्षद वसीम अहमद (गुड्डू), हफीज खान, अकरम खान, शाहिद कमाल खान (बब्लू), रियाज खान, कुतुबुद्दीन, रॉकी खान, नईम उल्ला, मो. असलम, मो. शफीक, फरदीन जलाल, एहतेशाम सिकरा, इनायत रसूल आदि शामिल हुए।

### पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने खेली होली



**प्रयागराज।** होली के दिन जब सभी लोग हर्षोल्लास से होली मना रहे होते हैं, तब पुलिस बल सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी पर कार्यरत रहता है। इसलिए पुलिस के द्वारा होली का त्योहार, होली के अगले दिन मनाया जाता है। प्रयागराज में होली के दूसरे दिन भी होली कई स्थानों पर मनाई जाती है। जिसमें सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल ड्यूटी पर कार्यरत रहता है। आज जनपद प्रयागराज में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटियों को रवाना करने के उपरांत पुलिस लाइन्स प्रयागराज में पुलिसजन एवं उनके परिवार द्वारा होली के त्यौहार को संकेतात्मक/प्रतीकात्मक रुप से अल्प समय के लिए मनाया गया। जिसमें पुलिस आयुक्त, प्रयागराज, अपर पुलिस आयुक्त, प्रयागराज, पुलिस उपायुक्त नगर, पुलिस उपायुक्त लाइंस के साथ अन्य पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

## अनियंत्रित बाइक पेड़ मे टकराई चालक घायल

**जौनपुर (चन्दवक)** स्थानीय थाना क्षेत्र के चन्दवक गाज़ीपुर मार्ग पर रसडा के पास तेज़ बाईक सवार पेड़ से टकरा गई।जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थनीय लोगो ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र बिरीबारी भेजा। जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायल रामकिशोर पुत्र रामसूरत जनपद वाराणसी का निवासी बताया जा रहा है।

# सरकार के सात वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं का इन्फास्ट्रक्चर मॉडल बना मिसाल

- प्रयागराज में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आम आदमी तक पहुंची स्वास्थ्य सुविधाएं
- जेल में भी कैदियों के लिए हेल्थ एटीएम का हो रहा है निर्माण


अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** यूपी में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। योगी सरकार के 7 साल में सरकारी चिकित्सा सुविधाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंच रहा है। सरकार ने इसके लिए जहां शहरी क्षेत्र में सरकारी अस्पतालों और सुविधाओं का विस्तार कर उन्हें अधिक संसाधन उपलब्ध करा रही है तो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और हेल्थ एटीएम का निर्माण किया गया है । जेल के कैदियों के लिए भी हेल्थ एटीएम का निर्माण किया जा रहा है।

योगी सरकार के सात साल के कार्यकाल में प्रयागराज में स्वास्थ्य सुविधाओं के इंफ्रास्ट्रक्चर में नई तस्वीर सामने आई है । मंडल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी विंग की शुरुआत की है । यहाँ 200 बेड के सुपर स्पेशलिटी का निर्माण हुआ है । नए ट्रॉमा सेंटर का निर्माण हुआ है। मोतीलाल नेहरू नेहरू मेडिकल कॉलेज में 7.5 करोड़ की लागत की प्रदेश की पहली राजकीय कोबोस लैब की स्थापित हुई है। शहर में काल्विन और तेज बहादुर सप्रू राजकीय अस्पतालों में भी सरकार ने वार्ड की संख्या में इजाफा करते हुए जांच की अत्याधुनिक मशीनें लगवाई है। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य सेवा मिशन के अंतर्गत शहर में गुणवत्तापरक और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाए उपलब्ध कराने के लिए नगरीय क्षेत्र में प्रयास किए गए हैं। सीएमओ प्रयागराज डॉक्टर आशू पांडे के मुताबिक जनपद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की संख्या 23 से बढ़ाकर 25 कर दी गई है । लगातार शहरी क्षेत्र के विस्तार और आबादी बढ़ने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाले दबाव को कम करने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मददगार साबित हो रहे हैं । प्रयागराज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशू पांडे बताते हैं की शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में 555 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाये गए हैं । समाज में आर्थिक रूप से कमजोर जनता को इससे बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उसके आसपास ही उपलब्ध हो सकेगी। ग्रामीण इलाकों में 21 हेल्थ एटीएम बनाए गए हैं। प्रयागराज की नैनी सेंट्रल जेल, प्रताप गढ़ और कौशांबी की जेल सहित यूपी की 41 जेलों में जल्द ही हेल्थ एटीएम की सुविधा होगी। इस प्रोजेक्ट के लिए स्वीकृत कुल 4 करोड़ रुपये के बजट में से राज्य सरकार द्वारा पहले चरण में 1.63 करोड़ रुपये की धनराशि भी जारी की जा चुकी है। नैनी सेंट्रल जेल में कैदियों की संख्या अधिक होने के कारण मेडिकल स्टाफ को अक्सर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। किसी बड़ी बीमारी की स्थिति में नैनी सेंट्रल जेल के कैदियों को बेहतर इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। ऐसे में जेल में हेल्थ एटीएम स्थापना से जेल में ही कैदियों को सामान्य स्वास्थ्य जांच की तुरंत रिपोर्ट मिल सकेगी। हेल्थ एटीएम से रक्त शर्करा स्तर, ऑक्सीजन स्तर, वजन, नाड़ी की दर, शरीर का तापमान, तरल प्रोफ़ाइल आदि सहित 53 मेडिकल जांच हो सकेगी।

# दुल्हन की तलाश में निकली बुढ़वा की बरात

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** होली की पूर्व संध्या पर देर शाम नगर में बुढ़वा की बरात और झांकी निकाली गई। दुल्हन की तलाश में निकला, लेकिन बुढ़वा को उसकी दुल्हन एक बार फिर नहीं मिली, जिससे उसे निराश ही लौटना पड़ा। मुंह में लमचुस डाले बैरंग वापस लौटना पड़ा। वहीं बुढ़वा की बारात में युवा डीजे की धुन पर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए जमकर थिरके। जबकि झांकी में श्रीखाटु श्याम की झांकी सहित अन्य देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण की केंद्र रहीं। पुरानी कोतवाली स्थित श्रीरामलीला मैदान से श्री जगदीश जी हनुमान दल अखाड़ा को ओर से लाग की झांकी और बुढ़वा की बरात देर शाम निकाली गई। देवी देवताओं की बनाई गई झांकियों की आरती के बाद झांकी की शुरूआत हुई। बुढ़वा की बारात में मुख्य रूप से भगवान खाटू श्याम की झांकी, भगवान शिव, भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को गीता का उपदेश, भगवान श्रीराम की भक्ति करते हुए हनुमान, ब्रिटिश हुकूमत द्वारा क्रांतिकारियों को यातना देने की झांकी आदि आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं बुढ़वा दूल्हा बनकर एक बार फिर दुल्हन की खोज में सज-धज कर निकला, लेकिन निराशा ही हाथ लगी। बिना दुल्हन के बैरंग वापस लौटना पड़ा। उधर, डीजे की धुन पर युवा अबीर-गुलाल उड़ाते, नाचते-गाते चल रहे थे। झांकी जामा मस्जिद से निकलकर, पुरानी कोतवाली, तकिया, कोट, दलालघाट, सीताराम होते हुए पुनः पुरानी कोतवाली, मुख्य चौक, मातबरगंज, लालडिग्गी पुरानी सब्जीमंडी होते हुए जामा मस्जिद पहुंची। झांकी सकुशल संपन्न होने पर अखाड़े के प्रबंधक विभाष सिन्हा ने सभी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, श्रीचंद, संतोष नेता, सुरेश केसरी, जयप्रकाश, भोला, अशोक, पवन, अजय आदि मौजूद रहे।

# सड़क किनारे मिला युवक का शव हत्या की आशंका

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना के खुजिया गांव के पास सड़क किनारे सोमवार की सुबह एक युवक का शव मिला। ग्रामीणों ने शव देख हत्या की आशंका व्यक्त किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया आजमगढ़-मऊ मुख्य मार्ग पर स्थित खुजिया गांव के पास सड़क किनारे ग्रामीणों ने एक युवक का शव पड़ा देखा। शव की दशा देखकर ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे थे। सूचना पर मुबारकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान की कवायद में जुट गई। कुछ ही देर बाद मृतक की पहचान रौनापार थाना क्षेत्र के सहसपूरा गांव निवासी सुनील यादव (35) के रूप में हुई। मृतक मुबारकपुर क्षेत्र में वाहन चलाने का काम करके जीवन यापन करता था। सिधारी थाना क्षेत्र के ओदरा मठिया गांव में मृतक सुनील की चचेरी बहन रहती है। सूचना पर पहुंचे बहन के परिजनों ने ही उसका शिनाख्त किया। पहचान के बाद पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों व परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। जिसपर पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगालने की कवायद में जुट गई है।

# रेशमी नगरी मुबारकपुर से धर्मेन्द्र यादव ने चुनाव अभियान छेड़ दिया

अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर में बोले सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव इस चुनाव प्रचार का प्रारंभ करते हुए कहा कि जब हमलोग हाथों में हाथ लेकर चलेंगे तो भारतीय जनता पार्टी का कहीं अता पता नहीं चलेगा। दरसअल शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव चुनाव प्रचार में देर रात इस्लामपुरा व मुबारकपुर के बड़ी अर्जेन्टी पर जनसंपर्क किया स इस दौरान उनके साथ क्षेत्रीय विधायक अखिलेश यादव ,एमएलसी गुड्डु जमाली ,विधायक संग्राम यादव,सना परवीन,जियाउल्लाह अंसारी सहित तमाम नेता लगातार उनके साथ जनसंपर्क कर रहे थे, ऐसे में धर्मेंद्र यादव को भरोसा है कि इस बार जनता बेहतर फैसला लेगी और उन्हें चुनाव जिताएगी। इस दौरान धर्मेंद्र यादव ने बसपा छोड़कर आये दिग्गज नेता गुड्डु जमाली को लेकर कहा की आपके क्षेत्र मुबारकपुर में लोगों के बीच मैं कहता हूँ हम लोग आपका हाथ छोड़ने वाले नहीं हैं , धर्मेंद्र ने कहा की जब हमलोग हाथों में हाथ लेकर चलेंगे तो भारतीय जनता पार्टी का कहीं अता- पता नहीं चलेगा , उन्होंने ने कहा की नेताजी मुलायम सिंह यादव ने जबसे राजनीत शुरू की है तबसे आजमगढ़ और मुबारकपुर का दिलों का रिश्ता बना हुआ है , उस रिश्तों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अखिलेश यादव ने मुझे दी है मेरी कोशिश होगी की उन रिश्तों को उन जज्बातों को उन परंपराओं को आगे ले जा सकूँ मेरी अपनी पूरी कोशिश होगी स यह मैं विश्वास दिलाना चाहता हूँ ... धर्मेंद्र ने कहा की 2022 में चुनाव मैं हारा था और मैं उसी दिन कहा था मैं चुनाव हारा हूँ हिम्मत नहीं हारा हूँ। वहीँ गुड्डु जमाली ने कहा की मुबारकपुर से जो मेरा रिश्ता है मेरे मरने के बाद मेरी औलादें भी ये रिश्ता निभाएंगी।

# टीईडीएक्स महिन्द्रा युनिवर्सिटीः सीमाओं से परे-वैश्विक चुनौतियों के लिए अंतरक्षेत्रीय समाधान



**हैदराबाद/नई दिल्ली।** महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने शनिवार, 23 मार्च को सीमाओं से परेः वैश्विक चुनौतियों के लिए अंतरक्षेत्रीय समाधान विषय के तहत अपने टीईडीएक्स कार्यक्रम के दूसरे संस्करण की मेज़बानी की। टीईडीएक्स से लाइसेंसशुदा इस स्वतंत्र रूप से आयोजित कार्यक्रम में महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों को लेकर अनूठे दृष्टिकोण तलाशने के लिए विविध क्षेत्र से वक्ता और दर्शक शामिल हुए।

सीमाओं से परे थीम हमारे विश्व की गतिशील प्रकृति को परिलक्षित करती है जहां पारंपरिक समाधानों के पुनर्मूल्यांकन की जरूरत है। यह जलवायु परिवर्तन, प्रौद्योगिकीय हस्तक्षेप और सामाजिक-आर्थिक असमानता जैसी जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में गठबंधन की जरूरत पर बल देता है। टीईडीएक्स महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने विभिन्न क्षेत्रों सेचिंतकों, स्वप्न देखने वालों, नेताओं और नवप्रवर्तकों को अपना दृष्टिकोण साझा करने का मंच प्रदान किया। इस आयोजन ने एक ऐसे माहौल का निर्माण किया जहां विविध अंतर्दृष्टि के आदान प्रदान से ऐतिहासिक समाधानों के सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ।

इस आयोजन में ड्राइव ऑन माई ओन फाउंडेशन की संस्थापक डाक्टर अनिता शर्मा, डेवलपर ऑफ टीचर टेलिंग टेल्स से स्टोरीटेलर डाक्टर अंकित द्विवेदी, डेल्ही कॉलेज ऑफ आर्ट्स के संस्थापक, प्रधानाचार्य और प्रबंध निदेशक अश्वनी कुमार पृथ्वीवासी, प्ले2ट्रांसफॉर्म ग्रुप के संस्थापक और क्यूरेटर इंडियाज़ बुक ऑफ ड्रीम्स- डाक्टर अविनाश झांगियानी, उद्यमी, लेखक और आविष्कारक प्रॉक्सजी पुलकित आहुजा, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, टेक महिन्द्रा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राजेश धुड्डू, योरदोस्त की सीईओ एवं संस्थापक सुश्री रिचा सिंह और फुल स्टैक ब्लॉकचेन डेवलपर और संस्थापक फोर्जवाइज़ सुश्री श्रुति मंधेना प्रमुख वक्ताओं में शामिल थे। इन वक्ताओं ने शिक्षा से लेकर कला, किस्सागोई, नवप्रवर्तन, मानसिक स्वास्थ्य और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी तक विभिन्न विषयों पर अपनी विशेषज्ञता साझा की।

वर्ष 2009 में लांच टीईडीएक्स स्थानीय तौर पर आयोजित एक कार्यक्रम है जो टीईडी जैसे अनुभव को साझा करने के लिए इस समुदाय को एक साथ लाता है। टीईडीएक्स आयोजनों से कुछ सर्वश्रेष्ठ बातों का उल्लेखटीईडी डॉट कॉम पर किया गया है जिसे विश्वभर से लाखों लोगों ने देखा है।

## एसपी समूह ने गोपालपुर बंदरगाह को 3,350 करोड़ रुपये में बेचा

**नई दिल्ली।** एसपी समूह ने बताया कि ब्राउनफील्ड गोपालपुर बंदरगाह ने हाल ही में ग्रीनफील्ड एलएनजी पुनर्गैसीकरण टर्मिनल स्थापित करने के लिए पेट्रोनेट एलएनजीके साथ अनुबंध किया है। शापूरजी पल्लोनजी समूह ने मंगलवार को ओडशा के ब्राउनफील्ड गोपालपुर बंदरगाह को अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड को 3,350 करोड़ रुपये के मूल्य पर बेचने की घोषणा की है। बता दें कि 2017 में निर्माणाधीन गोपालपुर बंदरगाह को एसपी समूह ने अधिग्रहित किया था। मौजूदा समय में यह 20 एमटीपीए संभालने में सक्षम है। एसपी समूह ने बताया कि बंदरगाह ने हाल ही में ग्रीनफील्ड एलएनजी पुनर्गैसीकरण टर्मिनल स्थापित करने के लिए पेट्रोनेट एलएनजी के साथ अनुबंध किया है। शापूरजी पल्लोनजी समूह के प्रवक्ता ने कहा, ÷महत्वपूर्ण उद्यम मूल्य पर गोपालपुर बंदरगाह और धरमतार बंदरगाह का नियोजित विनिवेश हमारे समूह की परिसंपत्तियों को बदलने और अपेक्षाकृत कम समय में हितधारक मूल्य बनाने की क्षमता को दर्शाता है।

# हिंदवेयर लिमिटेड ने गाजियाबाद में लॉन्च किया हिंदवेयर गैलेरिया शोरूम

**गाजियाबाद।** भारत के अग्रणी बाथवेयर ब्रांड, हिंदवेयर लिमिटेड ने गाजियाबाद के प्रसिद्ध रमते राम रोड में स्थित हिंदवेयर गैलेरिया शोरूम का उद्घाटन किया। हिंदवेयर गैलेरिया में, ग्राहकों को एक ही जगह पर कई प्रकार के ब्रांड मिलेंगे, जिसमें प्रीमियम ब्रांड हिंदवेयर इटालियन कलेक्शन और प्रतिष्ठित ब्रांड हिंदवेयर शामिल हैं। रणनीतिक रूप से स्थित यह शोरूम बाथरूम के लिए व्यापक समाधान चाहने वाले ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हिंदवेयर के नवीनतम सैनिटरीवेयर, नल, और वेलनेस प्रोडक्ट की विशेषता के साथ, यह ब्रांड की शिल्प कौशल और नवीनता की विरासत को दर्शाता है।

हिंदवेयर गैलेरिया का उद्घाटन हिंदवेयर लिमिटेड में बाथ कारोबार के सीईओ श्री सुधांशु पोखरियाल द्वारा किया गया, और इसमें आर्किटेक्ट और कारोबार साझेदार भी उपस्थित थे।


लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, हिंदवेयर लिमिटेड के बाथ एंड टाइल्स कारोबार के सीईओ श्री सुधांशु पोखरियाल ने कहा, हिंदवेयर में, हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता ग्राहकों को नए अत्याधुनिक डिज़ाइन और प्रोडक्ट उपलब्ध करना है, जिससे उन्हें अपने सपनों का बाथरूम बनाने में मदद मिलेगी। सैनिटरीवेयर और फॉसेट के क्षेत्र में अनुभवी फ्रेंचाइजी भागीदारों के साथ हमारी साझेदारी के साथ इस बाजार में हिंदवेयर का पर्याप्त निवेश असाधारण सेवा प्रदान करने और दिल्ली एनसीआर में हमारी उपस्थिति को मजबूत करने की



हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हिंदवेयर के मजबूत रिटेल और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में 35,000 से अधिक एक्टिव रिटेल टचप्वाइंट तक फैला एक विशाल नेटवर्क शामिल है, जिसमें 700 जिलों में 500 डीलर और पूरे भारत में 575 से अधिक रणनीतिक रूप से स्थित ब्रांड स्टोर हैं।

# अमेज़ॅन मिनीटीवी पर ये मेरी फ़ैमिली के तीसरे सीज़न के लौटने के साथ पुरानी यादों में खो जाइए

**मुंबई।** अमेज़ॅन मिनीटीवी- अमेज़ॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, प्रसिद्ध पारिवारिक नाटक ये मेरी फैमिली के बहुप्रतीक्षित तृतीय सीज़न के साथ जोरदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। स्ट्रीमिंग सेवा ने आज शो के नए सीज़न की घोषणा की, जिसमें प्रिय अवस्थी परिवार को वापस लाया जाएगा, जिसमें हेतल गड़ा, अंगद राज, राजेश कुमार, और जूही परमार शामिल हैं। तीसरा सीजन दर्शकों को एक भावनात्मक यात्रा पर ले जाएगा, जिसे 11 वर्षीय शरारती लड़के ऋषि के माध्यम से बताया जाएगा, जिसका दिल उसके सपनों के जितना बड़ा है। पुरानी यादों को जगाते हुए और सुनहरे युग के जादू को फिर से खोजते हुए परिवार की सुंदरता का जश्न मनाते हुए, टीवीएफ प्रोडक्शन, ये मेरी फैमिली, जल्द ही विशेष रूप से अमेज़ॅन मिनीटीवी पर मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा। 1995 के मज़ेदार बहार के माहौल के साथ, ये मेरी फ़ैमिली स3 अच्छे पुराने दिनों और अटूट बंधनों की याद दिलाते हुए, पारिवारिक




गतिशीलता की जटिलताओं को खूबसूरती से प्रस्तुत करता है। जैसे-जैसे अवस्थी परिवार जीवन की जटिलताओं से गुजरता है, हर पल गर्मजोशी, हँसी और पुरानी यादों के सही संतुलन के साथ उभरता है। हलचल भरी सड़कों से लेकर घर की आरामदायक सीमा तक, बॉलीवुड के उन गौरवशाली दिनों को पुनः याद करते हुए, जब सलमान और शाहरुख दिलों पर राज करते थे, और सचिन द्वारा बनाए गया प्रत्येक शतक देश को उत्साह के उन्माद में डाल देता था। दर्शकों के लिए एक हृदयस्पर्शी आनंद, यह कहानी उन्हें उस समय में वापस ले जाएगी जब मारुति 800 का मालिक होना प्रतिष्ठा का प्रतीक था, और परिवार और दोस्तों के साथ घर पर बिताई गई शामें बेहद यादगार होती थीं। अमेज़ॅन मिनीटीवी के कंटेंट हेड, अमोघ दुसाद ने साझा किया, अमेज़ॅन मिनीटीवी को यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी है कि ये मेरी फैमिली का तृतीय सीज़न वापस आ रहा है। एक पारिवारिक नाटक जिसने दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बना ली है, यह दर्शकों को अपने प्यारे पात्रों और भरोसेमंद कहानी के साथ पुरानी यादों की यात्रा पर ले जाने का वादा करता है और सभी को गर्मजोशी से गले लगाता है। जूही परमार ने तीसरे सीज़न के साथ वापस आने पर अपने विचार साझा किए, नीरजा ने दर्शकों से बहुत प्यार पाया है और मुझे खुशी है कि मुझे एक ऐसा संबंधित और मजेदार किरदार निभाने का मौका मिला है। मैं ये मेरी फ़ैमिली सीज़न 3 को लेकर उत्साहित हूं क्योंकि इसमें फ्लेवर के साथ मनोरंजन भी जारी है। हम सभी को पुरानी यादों और 90 के दशक से प्यार है और ये मेरी फैमिली बस वही है, जीवन के सादे पुराने दिन। जहां तक नीरजा की बात है, वह आपको याद दिलाने आई है कि प्यार, दया और अनुशासन साथ में मौजूद हो सकते हैं, यही जीवन का संतुलन है!

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो के सबसे पहले मेहमान रणबीर कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी और नीतू कपूर ने काफी गपशप की और कैसे!



आखिरकार इंतज़ार खत्म हुआ! नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो 30 मार्च को प्रीमियर के लिए तैयार है, जिसमें हर शनिवार रात 8 बजे नए एपिसोड आएंगे। इस वीकेंड, शो के पहले मेहमान कोई और नहीं बल्कि मशहूर कपूर परिवार है, जिसे बॉलीवुड का सबसे प्रसिद्ध परिवार कहा जाता है। भाई-बहन रणबीर कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी अपनी खूबसूरत मां नीतू कपूर के साथ गपशप करते नज़र आएंगे और कपिल और पूरी टीम पूरे उत्साह के साथ उनका स्वागत करेगी। बी-टाउन में नवीनतम पिता, रणबीर कपूर ने जब राहा के बारे में बात की, तो उनके एक्सप्रेशन ने सब कुछ कह दिया। अपने बेटे रणबीर के एक प्यारे पिता के रूप के बारे में बताते हुए, नीतू कपूर ने कहा, ÷जब भी राहा कमरे में आती है, तो आपको रणबीर का चेहरा देखना चाहिए, यह भावों से भरा होता है। वह बहुत उत्साहित होता है। मैं आपको बताना चाहूंगी कि मैंने कई पिता देखे हैं लेकिन मैंने उसके जैसा कोई नहीं देखा। राहा इसे ढूंढती रहती है और उसे अपने पिता के साथ खेलना पसंद है। जब रणबीर से पूछा गया कि क्या उन्हें डायपर बदलने का पर्याप्त अनुभव है, तो उन्होंने तुरंत कहा कि वह डकार दिलाने के विशेषज्ञ हैं! यहां देखने के लिए बहुत कुछ है क्योंकि रणबीर और रिद्धिमा ने अपने बचपन की यादों और भाई-बहन के रूप में अपने रिश्ते पर बात की; नीतू कपूर ने एक पिता के रूप में ऋषि कपूर का किस्सा सुनाया।

## सिम्बायोसिस यूजी प्रोग्रामों के आवेदन जल्द बंद होने वाले हैं

**नई दिल्ली।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) (एसआईयू) अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम्स की व्यापक रेंज के लिए आवेदन अवधि समाप्त करने जा रही है। छात्र तीन प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से इन प्रोग्रामों में प्रवेश ले सकते हैंः सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट, सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट, और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेन्स एक्ज़ाम। इन तीनों परीक्षाओं के लिए आवेदन की अंतिम दिनांक 12 अप्रैल 2024 है। इन प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से छात्र अपनी उच्च शिक्षा शुरू करने का अवसर पा सकते हैं और संस्थान में लर्निंग का व्यापक अनुभव पा सकते हैं। परीक्षा देश भर के 76 शहरों में कम्प्यूटर बेस्ड मोड में होगी, यह परीक्षा 1 घण्टे तक 5 मई 2024 और 11 मई 2024 को होगी। सिम्बायासिस के यूजी इंस्टीट्यूट्स में प्रवेश के लिए छात्र दो टेस्ट अटेम्प्ट कर दो सर्वश्रेष्ठ शॉट्स चुनने का मौका पा सकते हैं।नेगेटिव मार्किंग लागू नहीं होगी।

## फैंटेसी स्पोर्ट्स के लिए आईपीएल का ऑफिशियल पार्टनर बना माय11सर्किल, ड्रीम11 के वर्चस्व को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** आगामी आईपीएल सीजन से पहले क्रिकेट प्रशंसकों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। अग्रणी फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किल आईपीएल का ऑफिशियल पार्टनर बन गया है। माय11सर्किल ने ड्रीम11 को पछाड़ते हुए आईपीएल से 5 साल का करार किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और इंडियन प्रीमियर लीग गवर्निंग काउंसिल (आईपीएल जीसी) ने 26 मार्च, 2024 से शुरू हो रहे टाटा आईपीएल 2024 के लिए नए फैंटेसी स्पोर्ट्स ऑफिशियल पार्टनर के नाम का एलान किया है। माय11सर्किल अग्रणी रियल मनी फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म है, जो अपने खिलाड़ियों को खेल से जुड़ी उनकी जानकारी एवं एनालिटिकल स्किल्स के दम पर पुरस्कार जीतने का मौका देता है। यहां उन्हें अद्वितीय गेमिंग एक्सपीरियंस मिलता है, जहां हर मैच से जुड़ने, मनोरंजन करने और बड़ा पुरस्कार जीतने का मौका होता है। आईपीएल के दौरान जिस तरह से देश में क्रिकेट का उत्साह होता है, उसे देखते हुए फैंटेसी क्रिकेट के प्रशंसकों को न केवल अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को मैदान पर खेलते हुए देखने का आनंद मिलेगा, बल्कि वे माय11सर्किल पर रोमांचक फैंटेसी स्पोर्ट्स प्रतिस्पर्धाओं में भी हिस्सा ले सकेंगे। यूजर्स यहां परफॉर्मेंस मैट्रिक्स को पॉइंट में बदलते हुए असली खिलाड़ियों के साथ अपनी वर्चुअल टीम बना सकते हैं। माय11सर्किल भारत की सर्वाधिक इनोवेटिव एवं यूजर सेंट्रिक ऑनलाइन स्किल गेमिंग कंपनी गेम्स24×7 का हिस्सा है।

## द ग्रैंड शॉप्सी मेला के चौथे एडिशन में नए ग्राहकों और विक्रेताओं की संख्या में बढ़त दर्ज

**लखनऊ।** भारत के तेजी से बढ़ रहे हाइपरवैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफार्म शॉप्सी ने 12 से 17 मार्च के दौरान द ग्रैंड शॉप्सी मेला के चौथे एडिशन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस दौरान ग्राहकों को किफायती कीमतों पर जोरदार उत्पाद उपलब्ध कराए गए। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शॉप्सी ने ग्रैंड शॉप्सी मेला के चौथे एडिशन के दौरान 16करोड़+ उत्पादों को फ्री डिलीवरी तथा आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध कराया। द ग्रैंड शॉप्सी मेला के चौथे एडिशन में दैनिक मांग और नए ग्राहकों में 2एक्स बढ़त दर्ज की गई। द ग्रैंड शॉप्सी मेला के दौरान सामने आए ट्रैंड्स के बारे में कपिल थिरानी, प्रमुख - शॉप्सी, फ्लिपकार्ट ने कहा, ÷शॉप्सी में हमारा मिशन भारत के शॉपिंग अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करना है ताकि ग्राहकों को बटन दबाने भर से ही तरह-तरह के प्रोडक्ट्स तक आसान पहुंच का लाभ मिले और वो भी किफायती कीमत पर। ग्रैंड शॉप्सी मेला हमारे उन ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो जी-भरकर खरीदारी करने के लिए इस तरह के सेल इवेंट्स का उत्सुकता से इंतजार करते हैं और बिना किसी दबाव के अपनी इच्छाओं को पूरा करना चाहते हैं। हम लोकल बिजनेस और सैलर्स को भी सपोर्ट करते हुए गर्व महसूस करते हैं, जो इस ग्रैंड शॉप्सी मेला का उत्साहपूर्वक इंतजार करते हैं, और इस तरह से आर्थिक अवसरों तथा मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। हम आगे बढ़ते हुए अपने ग्राहकों के लिए उत्पादों तक पहुंच तथा विकल्पों में विस्तार करने की अपनी नीति को और मजबूत बना रहे हैं और साथ ही, ग्रैंड शॉप्सी मेला जैसे आयोजनों के जरिए आकर्षक कीमतें भी सुनिश्चित करते हैं।

## सैन्य अफसरों के वित्तीय फायदों पर चली कैंची, अब जीपीएफ खाते में जमा करा सकेंगे केवल पांच लाख रुपये

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने तीनों सेनाओं के अधिकारियों के वित्तीय फायदों पर कैंची चला दी है। प्रधान रक्षा लेखा नियंत्रक (अधिकारी) द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि अब रक्षा क्षेत्र के सभी अधिकारी, अपने जनरल प्रोविडेंट फंड अकाउंट यानी सामान्य भविष्य निधि खाते में एक वर्ष के दौरान केवल पांच लाख रुपये ही जमा करा सकेंगे। सरकार ने जीपीएफ में पैसा जमा कराने की अधिकतम सीमा तय कर दी है। जानकारों का कहना है कि इससे पहले सेना के वरिष्ठ अफसर हर माह अपनी पूरी बेसिक सेलरी, जीपीएफ में जमा करा देते थे। इसके चलते सरकार ने अब जनरल प्रोविडेंट फंड में जमा कराई जाने वाली राशि की एक सीमा निर्धारित कर दी है। भारत सरकार के सबसे पुराने विभागों में से एक रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के अंतर्गत आने वाले पीसीडीए (ओ) द्वारा 19 मार्च को उक्त आदेश जारी किया गया है। इस प्रतिष्ठित विभाग के शीर्ष पर रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) है। यह विभाग सेना के अधिकारियों को वेतन, भत्ते की अपरिहार्य सुविधा प्रदान करने, सावधानीपूर्वक लेखांकन करने और व्यापक आंतरिक ऑडिट करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विभाग का पूरा ध्यान, रक्षा अधिकारियों के व्यय और प्राप्तियों के प्रबंधन पर रहता है।

इससे पहले साल 2023 में अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के लिए भी जनरल प्रोविडेंट फंड में पैसा जमा कराने की अधिकतम सीमा तय कर दी गई थी। भारत सरकार के लोक शिकायत, कार्मिक और पेंशन मंत्रालय के तहत पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा छह जनवरी, 2023 को जारी अपने आदेश में कहा था, अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी, पांच लाख रुपये से ज्यादा की राशि जीपीएफ में जमा नहीं करा सकेंगे। जब तक अखिल भारतीय सेवा भविष्य निधि नियम 1955 में संशोधन नहीं होता है, तब तक वहीं नियम लागू होंगे, जिनके तहत केंद्रीय कर्मचारियों के लिए पांच लाख रुपये से ज्यादा की राशि जीपीएफ में जमा नहीं कराने का आदेश जारी किया गया था।

# पिज़्ज़ा हट का बैस्टसैलर मैल्ट्स भारत में लॉन्च हुआ

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा और भरोसेमंद पिज़्ज़ा ब्रांड ने अपने बैस्टसैलर 'मैल्ट्स' को अब भारत में लॉन्च किया है, इसके साथ ही भारतीय बाजार में इस ब्रांड ने एक नई श्रेणी में कदम रख दिया है। तेज रफ्तार ज़िंदगी जीने वालों के लिए मैल्ट्स उचित पेशकश है, इसे किसी भी समय कहीं भी खाया जा सकता है। पिज़्ज़ा हट इंडियन सबकॉन्टिनेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर मेरिल पेरेरा ने कहा, ''मैल्ट्स एक ऐसा प्रोडक्ट है जैसा अब तक भारत में पेश नहीं किया गया है और इसके साथ हमने एकदम नई श्रेणी में कदम रखा है। ऐसा ज़ायकेदार प्रोडक्ट पेश करते हुए हम बेहद रोमांचित हैं जो खाने में इतना सुविधाजनक है कि हमारे जो ग्राहक तेज रफ्तार ज़िन्दगी जीते हैं वे इसे किसी भी वक्त, कहीं भी खा सकते हैं। स्वादों की विविधता और आकर्षक कीमत के साथ यह मैल्ट्स बेशक पिज़्ज़ा हट प्रेमियों को चकित और खुश करेगा। हमें उनकी प्रतिक्रिया का बेसब्री से इंतज़ार है।''

**स्वादिष्ट**

**क्रिस्पी, चीज़ी और लोडेड यह नया मैल्ट्स थिन एन' क्रिस्पी क्रस्ट से बना है जो स्वादिष्ट फिलिंग और सॉस से भरपूर है,**




क्रिस्पी, चीज़ी और लोडेड यह नया मैल्ट्स थिन एन' क्रिस्पी क्रस्ट से बना है जो स्वादिष्ट फिलिंग और सॉस से भरपूर है, इसमें पिघला हुआ 100 प्रतिशत मॉज़रेला चीज़ शामिल है। इसे उम्दा ढंग से बेक किया गया है। मैल्ट्स दुनिया भर में सनसनी फैला चुका है और अब इसे भारतीय स्वाद के मुताबिक तैयार किया गया है, इसमें 6 स्वादिष्ट प्रकार प्रस्तुत किए गए हैंः लोडेड वैजी बीबीक्यू, लोडेड चिकन बीबीक्यू, चीज़ी चीज़, चीज़ी चीज़ चिकन, मैजिकल मखनी पनीर, और चिकन टिक्का और कीमा सुप्रीम। चाहे आप घर पर मूवी का मज़ा ले रहे हों, आप दिन भर काम में बहुत व्यस्त रहे हों या आप बस बढ़िया स्वाद का लुत्फ लेना चाहते हों तो क्रिस्पी, चीज़ी व लोडेड मैल्ट्स निश्चित तौर पर आप ही के लिए है। मैल्ट्स केवल रु. 169 की किफायती कीमत से शुरु होता है और यह पूरे भारत में 850 से ज्यादा पिज़्ज़ा हट रेस्टोरेंट्स में डाइन-इन, डिलिवरी व टेकअवे के लिए उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, पिज़्ज़ा हट शानदार मैल्ट्स कॉम्बो व डील्स भी पेश करता है जैसे मैल्ट्स मील फॉर 1 और 3 कोर्स मील फॉर 2 ऑप्शंस।मैल्ट्स के साथ ही पिज़्ज़ा हट ने अपना सिग्नेचर व बहु-प्रतीक्षित थिन एन' क्रिस्पी क्रस्ट भी प्रस्तुत किया है, जिसमें कई तरह की अनूठी टॉपिंग के कॉम्बिनेशन हैं, जो ग्राहकों को और भी ज्यादा पिज़्ज़ा क्रस्ट के विकल्प देते हैं। अधिक जानकारी प्राप्त करने और नए मैल्ट्स आज़माने के लिए अपने करीबी पिज़्ज़ा हट रेस्टोरेंट में पहुंचें या फिर पिज़्ज़ा हट ऐप के जरिए ऑनलाइन ऑर्डर करें।

# स्पार्क मिंडा के हेलमेट श्रृंखला से हाल ही में जुड़े विस्टा के साथ बेजोड़ सुरक्षा का अनुभव प्राप्त करें



**गोरखपुर।** स्पार्क मिंडा, ऑटोमोटिव घटकों और सहायक उपकरण की दुनिया का एक अग्रणी नाम, 2023 के अंत में अपने वेलॉर फ्लिप-अप हेलमेट की सफल शुरुआत के बाद, अब विस्टा हेलमेट के लॉन्च के साथ गर्व से अपनी हेलमेट श्रृंखला का विस्तार कर रहा है। स्पार्क मिंडा की नवाचार और सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्धता का जीता-जागता उदाहरण, विस्टा हेलमेट, चालकों की सुरक्षा और सुविधा के नए युग की पहल करता है।

स्पार्क मिंडा में आफ्टरमार्केट के सीईओ, अरुण नागपाल ने नए लॉन्च किए गए विस्टा हेलमेट के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, विस्टा हेलमेट के लॉन्च के साथ, हम एक बार फिर ऑटोमोटिव उद्योग में नवाचार और सुरक्षा की सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। विस्टा हेलमेट की सफलता के बाद, विस्टा हेलमेट चालकों को सड़क पर बेमिसाल सुरक्षा और सुविधा प्रदान करने के हमारे सफर में अगले अध्याय की एक शुरुआत है। सटीकता के साथ तैयार किया गया और उत्कृष्टता के लिए परिकल्पित, विस्टा हेलमेट चालक के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक डिज़ाइन का एक संगम है। अपने पूर्ववर्ती, विस्टा हेलमेट द्वारा रखी गई नींव पर निर्माण करते हुए, विस्टा हेलमेट ने चालकों को बेजोड़ सुरक्षा और सहुलियत प्रदान करने के मकसद से कई सुधार पेश किए हैं, हेलमेट प्रभाग के सेल्स प्रमुख, आशीष गर्ग ने बात को आगे बढ़ाते हुए कहा। विस्टा हेलमेट की मुख्य विशेषताओं में बेहतर प्रभाव प्रतिरोध के लिए एक उच्च-स्तरीय ABS शेल शामिल है, जो आराम से समझौता किए बिना ज़्यादा से ज़्यादा सुरक्षा सुनिश्चित करता है। आसानी से निकाले जा सकने और धोने योग्य चीक पैड्स स्वच्छता और आराम को प्राथमिकता देते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि चालक हर सफर पर बिल्कुल तरोताज़ा और आरामदायक महसूस करें। चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए विस्टा हेलमेट में हेलमेट लॉक और पीछे एक रिफ्लेक्टर के जुड़ाव जैसे नवाचारी तत्व भी शामिल हैं, जो सफर के दौरान चालकों के लिए सुरक्षा और दृश्यता को बढ़ाते हैं।

## विप्रो जीई हेल्थकेयर ने की स्थानीय विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास में 8000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की घोषणा

**नई दिल्ली।** एक अग्रणी वैश्विक चिकित्सा प्रौद्योगिकी फार्मास्युटिकल डायग्नोस्टिक्स और डिजिटल समाधान नवप्रवर्तक के रूप में विप्रो जीई हेल्थकेयर ने आज अगले 5 वर्षों में विनिर्माण उत्पादन और स्थानीय अनुसंधान एवं विकास में 8000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा की तेजी से विकास के लिए तैयार, मेडटेक, सनराइज सेक्टर भारत में अस्पताल उद्योग के साथ तेजी से बढ़ रहा है जो कुल स्वास्थ्य



सेवा बाजार का 80 प्रतिशत हिस्सा है और इसमें स्थानीय और वैश्विक स्तर पर मजबूत निवेशक मांग दिख रही है। यह रणनीतिक निवेश बढ़ते घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार को संबोधित करने के लिए विप्रो जीई हेल्थकेयर के स्थानीय विनिर्माण पदचिह्न को मजबूत करेगा और संगठन के लिए आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन का निर्माण करेगा।

## सेल्सफोर्स और एयू स्मॉलफाईनेंस बैंक की साझेदारी वाहन लोन प्राप्त करने वाले ग्राहकों की डिजिटलऑनबोर्डिंग संभव बनाएगी

**मुंबई।** सीआरएम समाधानों में ग्लोबल लीडर, सेल्सफोर्स ने आज भारत के अग्रणी एसएफबी, एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक(एयू एसएफबी) के साथ गठबंधन की घोषणा की। इस गठबंधन का उद्देश्य बैंक के वाहन लोनके ग्राहकों के लिए एडवांस्ड डिजिटल कस्टमर ऑनबोर्डिंग सॉल्यूशन का क्रियान्वयनकरना है। इस साझेदारी से टेक्नोलॉजी अपनाने की एयू एसएफबी की प्रतिबद्धताप्रदर्शित होती है, ताकि ग्राहक के साथ जुड़ावबढ़ाकर ऑपरेशनल एफिशियंसी में सुधार लाया जा सके। इस साझेदारी के बारे में भास्करकरकेरा, हेड ऑफ रिटेल एस्सेट्स, एयू स्मॉल फाईनेंस बैंकने कहा, ''हमें अपने सबसे पुराने और सबसे मजबूत उत्पादों में से एक, वाहन लोन के ग्राहकों के लिए प्रक्रिया को डिजिटाईज़ करने के लिए सेल्सफोर्स केसाथ साझेदारी करने की खुशी है। एयू एसएफबी में हम अपने प्रयासों को ग्राहकों परकेंद्रित रखते हैं, और सेल्सफोर्स के साथहमारा यह सहयोग इस प्रतिबद्धता को मजबूत बनाएगा। इस सहयोग से न केवल हमारीउत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि ग्राहकों का अनुभवएक नए आयाम में पहुँच जाएगा। यह इनोवेशन टेक्नोलॉजी को अपनाने से बढ़कर है; इससे हमें तेजी से विकसित होते हुए वित्तीय परिदृश्य में सबसे आगे निकलने मेंमदद मिलेगी, जो टेक्नोलॉजी के विस्तृत उपयोग द्वारा संभवहोगा। यह एंड-टू-एंड डिजिटल ऑन-बोर्डिंग ऐप वैल्यू चेन में सभी हितधारकों को लाभपहुँचाएगा, जिनमें ऑटो डीलर,हमारे सेल्स ऑफिसर, बैक-ऑफिस टीम, और ग्राहक शामिल हैं।''सेल्सफोर्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर - सेल्स, अरुण कुमार परमेश्वरन ने कहा,''आजटेक्नोलॉजी बैंकिंग में इनोवेशन के लिए आकर्षक अवसर प्रदान करती है। सेल्सफोर्समें हम जानते हैं कि इन इनोवेशन के लिए विश्वास, डिजिटाईज़ेशन और पर्सनलाईज़ेशन बहुत आवश्यक है। वित्तीय सेवा संस्थानों को ग्राहकों की पसंद के चैनलद्वारा उनसे संपर्क करना चाहिए, और उन्हें एंड-टू-एंडअनुभव प्रदान करना चाहिए। यह सहयोग वित्तीय सेवा के क्षेत्र में इनोवेशन औरएफिशियंसी लाने में सेल्सफोर्स की शक्ति का प्रदर्शन है। हमें एयूए एसएफबी केडिजिटल परिवर्तन के सफर में उनके साथ सहयोग करने की खुशी है। हम एयू एसएफबी केव्यवसाय में सफलता लाने के लिए उनका सहयोग करने के लिए आशान्वित हैं।''सेल्सफोर्स की मदद से एयू एसएफबी रिलेशनशिप ऑफिसर्स एवं बिज़नेस मैनेजर्स कीजरूरतों को पूरा करने के लिए पूर्णतः डिजिटाईज़्ड समाधानों का निर्माण करेगा। इससहयोग के साथ बैंक अपने ग्राहकों द्वारा क्रेडिट एवं ऑपरेशंस का पूरा सफर एक हीप्लेटफॉर्म पर ले आएगा। इससे वो टर्नअराउंड टाइम (टीएटी) में तेजी ला सकेंगे, और विभिन्न डिजिटल चैनलों पर ग्राहक प्राप्त कर सकेंगे। बैंक द्वारासेल्सफोर्स की मदद से अपने मौजूदा एपीआई स्टैक का उपयोग किया जाएगा।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकारिणी का हुआ गठन

**प्रयागराज।** भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा प्रयागराज अल्पसंख्यक मोर्चा की कार्यकारिणी का गठन हुआ। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष के पद पर नवाब खान, उपाध्यक्ष मोहम्मद फैजान, परमजीत सिंह बग्गा, अकबर हुसैन, बिलाल अहमद, निगहत एजाज, रशीद राईन, महामंत्री सैय्यद उस्मान हुसैन, मनु चावला, मंत्री सुशील जैन, निगहत खान, हरेंद्र सिंह लाली, मोहम्मद इम्तियाज अंसारी, मोहम्मद मुजीब, मोहम्मद सरवर, जसवीर सिंह, मोहम्मद मुस्तफा, मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता शहर नकवी माही बनाए गए। कार्य समिति सदस्यों में हैदर अब्बास नकवी, हसमत कमाल, शबाब खान जहां आरा, खुर्शीद अहमद, रुखसार बेगम, रजी अहमद, जीशान सिद्दीकी, एजाजुद्दीन, अरुण जैन, अनिल जैन, मोहम्मद शरीफ, डॉक्टर रहमान, गुड्डु अटाला, महताब आलम, अस्मत कमाल, मोहम्मद सलीम रेहाना खातून, मोहम्मद मुजीब, शैला बेगम, कमरबानो ,सीमा बानो, प्रफुल्ल विलियम, डॉक्टर अहमद, मोहम्मद अदनान, आदिल नकवी, सोजेब मलिक आदि मनोनीत किए गए।

# रोटरी क्लब ने पत्रकारों संग मनाया रंगोत्सव, जमकर उड़े अबीर गुलाल

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** रोटरी क्लब कुशीनगर के तत्वाधान में कसया स्थित एक होटल में देश के चौथे स्तंभ पत्रकार बंधुओं के संग होली मिलन एवं सम्मान समारोह रंगोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकार बंधुओं को रोटरी के सदस्यों द्वारा अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, मिष्ठान एवं होली किट देकर सम्मानित किया गया। रोटरी के संरक्षक राकेश जायसवाल ने उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया एवं होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि रोटरी के रूप में हमारा उद्देश्य हमेशा समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देना रहा है। आज के रंगोत्सव समारोह में हम पत्रकार बंधुओ के साथ मिलकर न केवल होली मना रहे हैं, बल्कि समाज में जागरूकता और सद्भावना फैलाने का संकल्प भी ले रहे हैं। रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने होली की बधाई देते हुए सत्र 2023-24 में रोटरी द्वारा कुशीनगर में किए गए सामाजिक कार्यक्रमों का



संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। सचिव अजय कुमार सिंह सभी उपस्थित पत्रकार साथियों का कार्यक्रम में पधारने हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मुजीबुल्लाह राही एवं दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने किया। इस अवसर पर गायक सुनील मिश्रा एवं वीरेश राय ने होली के गीतों से सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव ने भी सम्बोधित किया। रोटरी के सदस्य और पत्रकार बंधुओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर और गले मिल कर होली की अग्रिम बधाई दी। इस अवसर पर रोटरी के संरक्षक राकेश जायसवाल, अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष साहिल अहमद, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष अनिल जायसवाल, संयुक्त सचिव अखिलेश शर्मा, संयुक्त कोषाध्यक्ष सदरेआलम, निदेशक अमित श्रीवास्तव, निदेशक शंभू कुशवाहा, रक्तदान संयोजक विजय कृष्ण द्विवेदी, अरूण कुमार वर्मा, डॉ सुनील सिंह, गौरव मद्धेशिया, फैयाज खान, इम्तियाज आलम, विशाल शर्मा, अश्वनी जायसवाल, डॉ. जेके पटेल, गोपीचंद कसौधन, हसमुद्दीन अंसारी, राजीव तिवारी, विनोद वर्मा, अरूण कुमार मौर्य, पवन अग्रवाल, आनन्द जायसवाल, डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल, अमरेंद्र नारायण सिंह, राजाराम जायसवाल, कृष्णा मद्धेशिया, लतीफ अंसारी, वरुण कुमार यादव एवं आदिल खान के अलावा पत्रकार बंधुओं में हेमंत चौरसिया, अशोक शुक्ला, संदीप त्रिपाठी, मनीष मिश्रा, कुंदन मिश्रा, मनीष यादव, वीरेश राय, बृज बिहारी त्रिपाठी, राजकुमार गिरी, हृदयानंद शर्मा, अजय मिश्रा, अनिल त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी, अनिल तिवारी, नितेश मिश्र, सुधीर मिश्र, शैलेश सिंह, प्रमोद कुमार गोंड, दिनेश ओझा, संदीप मिश्र, अनुराग रंजन, रितेश सिंह, सुरेंद्रनाथ द्विवेदी, असलम अंसारी, आफताब आलम, उमर फारूक अंसारी, कन्हैया कुशवाहा, बृजेश पासवान, विकास श्रीवास्तव, मुकेश पटेल, कृष्ण मोहन पाण्डेय, अजय तिवारी, कृष्णानंद पाठक, ज्ञानेश्वर बरनवाल, राकेश कुशवाहा, मोहन वर्मा, विजय तिवारी, आलोक तिवारी, संदीप सिंह, नीरज दुबे, सतीश सिंह, आदित्य शाही, दिलीप जायसवाल, दीपक मिश्र, शैलेश प्रजापति, शकील अहमद, विनय सिंह आदि मौजूद रहे।

**अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, मिष्ठान एवं होली किट देकर किया सम्मानित**

# अनियंत्रित बाइक सवार पेड़ से टकराई, एक की मौत

**हाटा कोतवाली क्षेत्र के मुजहना गांव के समीप हुआ हादसा**

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** कोतवाली क्षेत्र के मुजहना गांव के समीप मंगलवार को अनियंत्रित बाइक सवार पेड़ से टकरा गया। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर परिजनों में मौत की खबर मिलते ही कोहराम मच गया।

हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरायनपुर निवासी कमलेश सिंह का इकलौता बेटा चंद्रभूषण सिंह उम्र 25 वर्ष अपने गांव से संतोष पुत्र मिश्री प्रसाद निवासी नरायनपुर के साथ बाइक से हटा कप्तानगंज मार्ग से कही जा रहा था। अभी व मुजहना गांव के पास पहुंचा ही था कि अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। घटना स्थल पर ही बाइक चला रहा चंद्रभूषण गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से सी एच सी हाटा ले गए जहां डाक्टरों ने जांचोपरांत चंद्रभूषण को मृत्यु घोषित कर दिया।

वही संतोष की स्थिति गंभीर देख मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है चंद्रभूषण की बीते दिसंबर माह में शादी हुई थी, वह अपने मां बाप का इकलौता संतान था। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में चीख पुकार मच गई है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। सभी लोग नियति को कोसते नजर आ रहे थे।

## लू से बचाव के लिए खुद का ख्याल रखेंगे मतदानकर्मी

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** मतदानकर्मियों को गर्मी और लू से बचाव के लिए अपना ख्याल रखना होगा। बूथों पर छाया के लिए प्रशासन की ओर से टेंट लगाया जाएगा। डीएम ने एडवाइजरी जारी की। डीएम उमेश मिश्र कहा कि सातवें चरण में पहली जून को जिले में मतदान होना है। मतदाता और मतदानकर्मियों को लू से बचाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से खास इंतजाम किया जाएगा। बूथों के बाहर टेंट लगाया जाएगा और शीतल पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। डीएम ने बताया कि पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान के दिन सभी मतदान कर्मियों को हल्के सूती वस्त्र पहनने के साथ ही धूप से बचाव के लिए छाता, सिर ढकने के लिए सफेद सूती गमछा, पैरों में आरामदायक जूते, पीने के लिए बोतल में शीतल जल रखने, नींबू पानी या ओआरएस का अधिक इस्तेमाल करने, बासी भोजन से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों को ओआरएस और फर्स्ट एड किट दी जाएगी, ताकि मतदान के दौरान किसी तरह की कोई दिक्कत न आए। बूथों पर आने वाले मतदाताओं के लिए भी इंतजाम किए जाएंगे। उनके पीने के लिए पानी और छाया का बेहतर व्यवस्था की जाएगी, ताकि लू और गर्मी में परेशानियों का सामना न कराना पड़े।

## अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण नगर एक लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सड़क की पटरियां गायब हो चुकी है उन पर बाजार लगी है।सड़के सकरी हो गई हैं लिहाजा आए दिन जाम में फंस कर राहगीर कराह रहे हैं। ककवा रोड पर ओवर ब्रिज निर्माण के दौरान टूटे कई मकानों के मलबे और निर्माण सामग्री आज भी सड़क के किनारे जमा है। स्थानीय नगर पंचायत में एक लंबे समय से अतिक्रमण विरोधी अभियान नहीं चला है जिसके कारण गांधी चौक सगरा तिराहा अंबेडकर तिराहा राजर्षि तिराहा पोस्ट ऑफिस के सामने और तहसील के सामने जाम की समस्या विकराल हो चुकी है।स्कूल आने जाने वाले बच्चे जाम में फंसकर प्रायः कराहते रहते हैं। वहीं राहगीर भी नगर अमेठी के जाम की चुनौती से परेशान है विभिन्न तिराहों और चौराहों पर सुरक्षा बल तैनात जरूर रहता है लेकिन जाम से निपटने में वह नाकाम साबित होते हैं। नगर पंचायत अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने की पहल नहीं कर रही है जिसे लेकर जाम की समस्या से ग्रस्त लोग चिंतित नजर आ रहे हैं और स्थानीय प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

## गुलाल लगाकर होली की दी शुभकामनाएं

**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** सनशाइन स्कूल में शनिवार को होली के उपलक्ष्य पर छात्र-छात्राओं को विद्यालय की अध्यक्ष मनीषा चतुर्वेदी द्वारा गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक/प्रबंधक शिखर चतुर्वेदी ने कहा कि होली खुशियों का त्यौहार है,सभी को इस त्यौहार को मिल-जुलकर कर मनाए।इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

## रहमानी मस्जिद, जंगीगंज, फूलवाली स्ट्रीट में दो हिस्सों की पूरी तरावीह

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** रहमानी मस्जिद, जंगली गंज, फूल वाली गली में तरावीह की नमाज में हाफिज कारी मौलाना गुलरेज़ आलम ने पवित्र कुरान की दो पारे की तरावीह मुकम्मल की। इस मौके पर मौलाना ने कहा कि आज का मुसलमान रोजा और नमाज से दूर होता जा रहा है. अगर रमज़ान की अहमियत और एहतराम नहीं रहेगा तो बरकत कहां से आएगी हमें रमज़ान में अच्छे से इबादत करनी चाहिए. उपवास, और इफ्तार आध्यात्मिक भोजन है और यह हमें सृष्टिकर्ता का आशीर्वाद देता है और हमारे दिलों में ईश्वर का भय पैदा करता है। कुरान की समाप्ति के साथ ही इस्लामी जगत में शांति, एकता और सद्भाव के लिए विशेष प्रार्थना की गई। इस मौके पर इजराइल और हमास के बीच युद्ध के पीड़ित फिलिस्तीनी लोगों और गाजा शहर के मुसलमानों के लिए विशेष प्रार्थना की गई है. उपस्थित सभी लोगों ने फिलिस्तीन और पूर्वी भूमध्य सागर में शांति की बहाली के लिए विशेष प्रार्थना का आयोजन किया। उन्होंने आगे कहा कि पवित्र कुरान सभी के मार्गदर्शन के लिए अवतरित हुआ था। इसलिए इसे केवल सवाब के लिए नहीं पढ़ना और सुनना चाहिए, बल्कि इसके आदेशों का पालन करके जीवन को उज्ज्वल बनाना चाहिए। तरावीह की नमाज में पवित्र कुरान की तिलावत मुकम्मल करने वाले हाफिज व कारी मौलाना गुलरेज ने दुआ की फजीलत समझाते हुए कहा कि दुआ इस तरह करें कि जब तक आपका मकसद पूरा न हो जाए तब तक दुआ करते रहें। सभी नमाजियों ने मौलाना को हदया और उपहार भेंट किये। इस मौके पर मस्जिद कमेटी के ट्रस्टी और तमाम पदाधिकारियों के अलावा सैयद जलालुद्दीन मोनो, मुहम्मद वकार, मुहम्मद समीर, मुहम्मद कैफ, मुहम्मद नदीम, मुहम्मद अफाक, मुहम्मद अदनान, अब्दुल अहद कुरेशी, फैजू , मुहम्मद हुजैफ, मुहम्मद अदनान कुरेशी, मुहम्मद फरदीन हाफ़िज़ व कारी मौलाना गुलरेज़, जिन्हें कलाम अल्लाह पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, को गुलपोशी की।

## हाईकोर्ट के आदेशों को पढ़ें और समझें: पुलिस कमिश्नर

**प्रयागराज अवधनामा संवाददाता।** कमिश्नरेट कोर्ट प्रयागराज में इन दिनों गुंडा एक्ट के मामलों की आख्या, नोटिस और सुनवाई में तेजी आई है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने 3 साल से गुंडा एक्ट की उन 498 फाइलों को स्पष्ट आदेश के साथ थानों को लौटा दिया जो अब तक डीएम कार्यालय में दबी रह गईं थीं। तीन सालों से रुकी इन 498 चालानी रिपोर्ट की वर्तमान आख्या मांगी गई है। श्री शर्मा ने निर्देश दिया है कि मौजूदा वक्त में आरोपितों की जानकारी होनी चाहिए। कौन कहां, किन परिस्थितयों में है, आपराधिक गतिविधियां क्या हैं, समाज में इनका मौजूदा क्रिया कलाप क्या है, यह जांचे फिर रिपोर्ट के साथ फाइलों को अग्रिम कार्रवाई के लिए पेश करें। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर ने पुलिसकर्मियों के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में पुलिसकर्मियों को गुंडा एक्ट के मामलों में इलाहाबाद हाईकोर्ट के नजीर बने फैसलों, आदेशों के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस लाइन में हुई वर्कशॉप में पुलिस कमिश्नर ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसलों, आदेशों, निर्देशों का शत प्रतिशन पालन हो इसके लिए पुलिसवाले फैसलों को पढ़ें, सीखें, समझें ताकि उन्हें हर बिंदु पर कोर्ट के आदेशों का संज्ञान रहे। हाईकोर्ट के आदेश नजीर हैं, उन्हीं आधारों पर गुंडा एक्ट के मामलों में आगे की कार्रवाई होती है। वर्कशॉप में प्रेजेंटेशन के जरिए पुलिस आयुक्त, प्रयागराज ने हेड मोहर्रिर, दीवानों व मुंशी को समझाया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश सीखने, समझने के लिए फैसलों का अध्ययन जरूरी है। आदेश ऑनलाइन अपलोड हों तों उन्हें पढ़ें। पुलिस आयुक्त ने कहा कि यदि कुछ बिंदुओं पर समझने में दिक्कत हो तो अधिकारियों के सामने पेश होकर बेहिचक सवाल करें और कोर्ट के आदेश का पालन करें। वर्कशॉप में अपर पुलिस आयुक्त एन कोलांचे, पुलिस उपायुक्त नगर दीपक भूकर, पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय, पुलिस उपायुक्त गंगा नगर अभिषेक भारती, पुलिस उपायुक्त यमुनानगर अभिजीत सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध सतीश चन्द्र, सहायक पुलिस आयुक्त लाइन्स पुष्कर वर्मा मौजूद रहे।

# दो दिन की होली में डबल मस्ती, रंगों से सराबोर रहे शहर से लेकर गांव

## होली खेले रघुवीरा अवध में, होली खेले रघुवीरा... पर जमकर थिरके

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में रंगोत्सव का त्योहार सौहार्द व आपसी भाईचारे के बीच मंगलवार को संपन्न हुआ। इस बार की होली दो दिन मनी। डबल मस्ती, रंगों से सराबोर रहे शहर से लेकर गांव तक। छिटपुट घटनाओं को छोड़ उमंग व उत्साह का त्योहार होली संपूर्ण जिले में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जगह-जगह प्रशासन का पहरा रहा। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में शांतिपूर्ण माहौल में होली त्योहार सम्पन्न हुआ।

बता दें कि हर वर्ष की भांति इस बार होली में डबल मस्ती से सराबोर रहा। रंगों से सराबोर हए बच्चे, नौजवान व बुजुर्ग सभी टोली बनाकर होली खेलते नजर आए। एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर होली की मुबारक बाद देते दिखे। खासकर बच्चों व नौजवानों में होली को लेकर खासा उत्साह दिखा। नौजवानों की टोली द्वारा जोगीरा गाकर होली के उमंग को दुगुना कर दिया, वहीं कई जगह डीजे के साथ होली गीत पर थिरकते नजर आए युवा। परंपरा के अनुरूप लोगों ने अपने से बड़ों के पैर पर गुलाल चढ़ा आशीष लिया तो वहीं छोटों को गुलाल लगा त्योहार की मर्यादा को सार्थक बनाया। वहीं रंगों का त्योहार होली ग्रामीण इलाकों में परंपरागत तरीके से मनाई गई। इस दौरान गांवों में ढोल की थाप सुबह से लेकर देर शाम तक गूंजती रही। लोगों ने गांवों में मिट्टी से लेकर रंग व अबीर तक की होली खेली। इस दौरान करीब आधा दर्जन स्थानों पर मारपीट की भी घटनाएं हुई। लेकिन गांवों का माहौल पूरी तरह से शांतिपूर्ण बना रहा।

**ग्रामीण क्षेत्र में भी सौहार्द पूर्ण मनी होली:** ग्रामीणों क्षेत्र में होली पर्व शांतिपूर्वक एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में सभी ग्रामीण क्षेत्र में मनाया गया। रंग गुलाल और परंपराओं का निर्वहन करते सभी आयु वर्ग के लोग नजर आए। रंगों के इस पर्व का लुत्फ बच्चों एवं युवाओं में खासा जोश दिखा जो टोलियों में और झुंड में एक दूसरे को रंग लगाकर सराबोर होते रहे। परंपराओं का निर्वहन करते हुए दूसरे पहर में लोग एक-दूसरे के घरों में पहुंचकर गुलाल लगते हुए बड़ो से आशीर्वाद लिया और शुभकामनाएं दी। कहीं हुड़दंग का माहौल इस बार नहीं बन पाया।





### कलेक्ट्रेट में बना था कंट्रोल रूम

कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसका फोन नंबर-05564-260590 है। कंट्रोल रूम की प्रभारी नेबुआ नौरंगिया की बीडीओ उषा पाल को नामित किया गया है। किसी भी विवाद या घटना दुर्घटना की सूचना उनके मोबाइल नंबर- 9452061141 पर भी दी जा सकती है। 108 नंबर की चार एएलएस जिला अस्पताल में खड़ी रहेंगी। किसी भी वक्त इनके टोल फ्री नंबर पर फोन कर एंबुलेंस बुला सकते हैं।

### तैनात किए गए थे मजिस्ट्रेट

त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी तहसीलों के संपूर्ण क्षेत्र के लिए संबंधित एसडीएम को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट नामित किया है। सभी नगरीय क्षेत्रों में निगरानी के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की गई है। थानावार सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। ये अधिकारी आठ मार्च को होली संपन्न होने के बाद ही अपना क्षेत्र छोड़ेंगे। कोई भी समस्या आने पर डीएम और एसपी को सूचना देंगे।

# हंसी ठिठोली से परिपूर्ण है भठही बुजुर्ग का होली, लोगों ने खेली जमकर होली

अवधनामा संवाददाता

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** खुशनुमा रंगों और हसी-ठिठोली से भरपूर भठही बुजुर्ग की होली फाजिलनगर क्षेत्र में काफी फेमस है। इस साल भी होली के दिन यहां के लोग गांवों में होने वाले एक बेहतरीन आयोजन को लेकर जुट गए। इस आयोजन को कुर्ताफाड़ होली के नाम से जाना जाता है, सुबह-सुबह भठहीवासियों ने यहां ऐसे ही रंग खेलना चालू किया। भठही के समतस्थान से लेकर हनुमान मंदिर पर इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डीजे, पानी और रंग के तमाम बंदोबस्त किए गए थे।



बता दें हर साल यहां होली के मौके पर इस कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस बार भी बड़े धूमधाम से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कुर्ता फाड़ होली का लुत्फ उठाने के लिए यहां इस बार भी दूर दराज के तमाम लोग जमा हुए। भठही में कुर्ता फाड़ होली काफी लोकप्रिय है। कुर्ता फाड़ होली का नजारा देखने के लिए हर साल क्षेत्र के सैकड़ो लोगो का जमावड़ा लगता है। सैकड़ो की तादात में शहर के युवा, बूढ़े, बच्चे इस आयोजन में शामिल हुए। सभी ने पानी का फुहारों और हवा में उड़ रहे अबीर के बीच पहले जमकर डांस किया। फिर धीरे-धीरे कर कुर्ता फाड़ होली शुरू हुई। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ धीरे-धीरे कर युवा अपनी बाइकों पर सवार होकर यहां आने लगे। आते ही सभी ने अपने कपड़े फाड़ कर ताबड़तोड़ डांस किया। मस्ती भरा ये नजारा देखने लायक था। तारों पर झूलते फटे हुए कुर्ते और पानी की लगातार बौछार और हवा में उड़ रहा अबीर ने दृश्य को मनोरम बना दिया। साथ ही अनूप शुक्ल भगवान भोले नाथ का रूप लेकर तांडव किए, इसी मस्ती में सुबह तकरीबन 7 बजे से 1 बजे तक लगातार लोगों ने डांस किया। कुर्ता फाड़ होली खेलने के बाद बच्चों ने सभी का शुक्रिया अदा किया। अंत में इलाहाबाद हाईकोर्ट के सहायक समीक्षा अधिकारी अनूप शुक्ल ने सबसे हाथ मिलाकर व गले लगाकर होली की बधाई दी।

## मतदाता अपनी पहचान सिद्ध करने को 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक का करें प्रयोग

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने के दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है उन्हें अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते है। उन्होने 12 वैकल्पिक दस्तावेजो के सम्बन्ध में बताया है कि आधार कार्ड मनरेगा जाब कार्ड बैंको डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक श्रम मंत्रालय की योजना के अंर्तगत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस पैन कार्ड एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा किये गये स्मार्ट कार्ड भारतीय पासपोर्ट फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज केन्द्र राज्य सरकार लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान सांसदो विधायकों विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार है। उन्होने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता पर्ची बी0एल0ओ0 के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम 05 दिन पूर्व वितरित करने के निर्देश दिये गये है। मतदाता सूची पर्ची पर मतदेय स्थल मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये मतदाता पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई 01 साथ लाना अनिवार्य होगा।

## परिचालन और अभियंता विभाग ने जीते मैच

**प्रयागराज।** परिचालन और अभियंता विभाग ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर डीआरएम कप अंतर विभागीय क्रिकेट लीग चैंपियनशिप में पूरे अंक प्राप्त किये। डीएसए मैदान पर रविवार को खेले गए पहले मैच में परिचालन विभाग ने 20 ओवर में चार विकेट पर 232 रन (अमित कुमार यादव 88, प्रेम कुमार 53 नाबाद, अर्पित केसरवानी 45, राहुल कुमार, सुशील व आलोक कुमार एक-एक विकेट) बनाकर टीआरडी को 15.5 ओवर में 86 रन (राहुल कुमार 18, आलोक कुमार 16, महेंद्र गुप्ता 4/23, मोहम्मद आदिल 2/10) पर समेट दिया। अमित कुमार यादव को रेलवे के क्रिकेटर प्रशांत खरे ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। दूसरे मैच में वाणिज्य विभाग ने 19.3 ओवर में 143 रन (अनिकेत श्रीवास्तव 22, मनीष कुमार 17, राम महेश व संतोष 14-14, रवींद्र आनंद, बलराम यादव, जीत लाल दो-दो विकेट) बनाए। जवाब में अभियंता विभाग ने 9.1 ओवर में बिना विकेट खोए 147 रन (रवींद्र आनंद 105 नाबाद, 34 गेंद 7 चौक 12 छक्के, बलराम यादव 38 नाबाद) बनाए।

## हर चेहरे पर रंग गुलाल लगाने को निकली होलियारो की टोली



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जनपद में रंगो का पवित्र त्योहार होली परंपरागत तरीके से मनाया गया हर चेहरे पर रंग गुलाल लगाने को होलियारो की टोली ढोल और मृदंग के साथ थिरकते हुए निकली। जनपद में सोमवार को होली का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया गया।रविवार की रात रीतिरिवाज से होलिका दहन हुआ। सोमवार को सुबह से ही होलियारो की टीम जगह जगह अबीर गुलाल पिचकारी के साथ निकल पड़ी। गांव गांव शहर शहर होली की धूम मची रही घरो में पकवान और बाहर रंगो की धूम रही प्रेम के रंग में सभी सराबोर दिखे। सडक पर धमाल ऐसा की राहगीर बिना रंगे नहीं छूट रहे थे। दोपहर बाद होली मिलने का दौर चला।लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दे रहे थे। देर शाम तक यह सिलसिला चलता रहा। होली के दिन कई जगहों पर छिटपुट विवाद भी हुआ। आमतौर पर जिले में त्योहार शान्ति पूर्ण रहा पुलिस और प्रशासन जगह जगह भ्रमणशील रहा। शहर और गांव में जगह जगह होलियारे साउंड और डीजे की धुन पर होली के फिल्मी गीतों के साथ थिरकते नजर आए। होली का उत्सव सर्वत्र परिलक्षित हुआ चाहे विशेष व्यक्ति हो या जनसामान्य सभी होली के रंग में रंगे नजर आए।

## सड़क दुर्घटना में पीआरडी जवान की मौत

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र मुंशीगंज अंतर्गत सोमवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में पीआरडी के एक जवान की मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार पीआरडी जवान कमला प्रसाद यादव उम्र 55 वर्ष निवासी नरसिंहभानपुर सोमवार को अपने घर से मुंशीगंज आ रहे थे।रास्ते में एचएएल गेट के पास उनकी मोटरसाइकिल सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से टकरा गई।घटना में गंभीर रूप से घायल कमला प्रसाद यादव को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## शानो शौकत से सज संवर कर निकली हथौड़ा राजा की बारात

**प्रयागराज।** रविवार को होली से पहले घंटों सजने सँवरने के बाद हथौड़ा राजा बैंड बाजे और डी. जे. की धुनों के बीच पूरी शान से शहर की सड़कों पर निकले। होली पर होने वाली इस शाही शादी में बाराती भी शामिल हुए। जो रास्ते भर आतिशबाजी और पटाखे बजाते हुए मस्ती में मगन होकर चल रहे थे। हथौड़े की बारात में वही भव्यता देखने को मिली जो कि किसी शाही शादी में देखने को मिलती है। बारात निकलने से पहले कजरौटा का कार्यक्रम हुआ। इसमें दूल्हे राजा को काजल लगाया गया और सजा संवार के तैयार किया गया। तत्पश्चात कद्दू भंजन किया गया। होली की मस्ती के जितने रंग है। उतनी ही अनोखी है इसे मनाने की परम्पराएं। प्रयागराज में होली की अजीबो गरीब परम्परा है। हथौड़े की बारात, इस अनूठे विवाह में हथौड़े की शादी होती है और दूल्हा होता है भारी भरकम हथौड़ा। ये हथौड़ा पूरे शहर में घूमता है और उसके शहर के लोग उसके बाराती होते हैं जो पूरे शहर में घूमते और नाचते गाते हैं। परंपरा के अनुसार शादी से पहले शहर की गलियों में दूल्हे राजा (हथौड़ा) की भव्य बारात निकाली गई। जिसमें हजारों लोग बैंड बाजा के साथ शामिल रहे। इस बारात में सामान्य शादी की ही तरह आतिशबाजी भी की गई।

# उज्जवल रमण के कांग्रेस से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा जोरों पर

**उज्ज्वल ने नकारा, कहा अखिलेश जो फैसला लेंगे वही मान्य**

**सोनिया गांधी से हो चुकी है उज्ज्वल रमण की मुलाकात**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद संसदीय सीट पर सपा के कद्दावर नेताओं में शामिल रेवती रमण सिंह के पुत्र व करछना से विधायक रहे उज्जवल रमण सिंह का कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को पीजीआई में भर्ती रेवती रमण सिंह से मुलाकात करके अपरोक्ष रूप से इसकी घोषणा कर दी है। पार्टी की ओर से इस मुलाकात की फोटो भी एक्स पर डाली गई है। हालांकि, उज्जवल का कहना है कि अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। अखिलेश यादव तय करेंगे कि मुझे क्या करना है।

सपा से गठबंधन के तहत इलाहाबाद सीट कांग्रेस के खाते में आई है। इसके बाद से ही उज्जवल रमण सिंह के कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने की बात कही जा रही है। हालांकि, उनके भाजपा से भी दावेदारी की भी चर्चा रही। इन चर्चाओं के बीच शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के रेवती रमण सिंह से मुलाकात के बाद अब उज्जवल का कांग्रेस से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि इसे लेकर शीर्ष नेताओं की सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से भी बात हो गई है। ताकि, गठबंधन में किसी तरह का मदभेद न पनपने पाए। उनका कहना है कि अखिलेश ने भी स्वीकृति दे दी है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि उज्जवल रमण की सोनिया गांधी से मुलाकात हो गई है। वह जल्द पार्टी ज्वाइन कर सकते हैं। वहीं, रेवती रमण सिंह का कहना है कि कांग्रेस की तरफ से उज्जवल के लिए प्रस्ताव आया है। अभी उज्जवल ने निर्णय नहीं लिया है। जल्द स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। रेवती रमण ने उज्जवल के भाजपा से दावेदारी की किसी भी तरह की संभावना से इन्कार किया।

उज्जवल रमण का कहना है कि उनकी सोनिया गांधी से उनकी कोई मुलाकात नहीं हुई है। मैं सपा में हूं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस के नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई है और अखिलेश यादव का क्या निर्देश है, इसके बाद ही चुनाव लड़ने पर निर्णय लिया जाएगा। उनका कहना है कि इसके अलावा भाजपा से कौन प्रत्याशी आ रहा है, इसे भी देखा जाएगा। इसके बाद समर्थकों संग बात करके चुनाव लड़ने का निर्णय लिया जाएगा।

# तैंतीसवां होली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया

- राज्यमंत्री ने पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त की मांग का समर्थन किया
- घंटो फाग, गुलाल, डांस और मस्ती का दौर चला



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड विकास सेना तत्वाधान में इस वर्ष भी भारतीय संस्कृति भाईचारा, उत्साह उमंग और बुन्देली लोक संस्कृति को संजोने वाला 33 वां रंगारंग कार्यक्रम स्थानीय कम्पनी बाग में मनाया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल ने इस पारम्परिक कार्यक्रम की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। राज्यमंत्री मनोहरलाल और प्रदीप जैन आदित्य ने संगीत की धुनों पर जमकर ठुमके लगाये। राज्यमंत्री ने कहा कि बु.वि.सेना द्वारा अनेक वर्षो से आयोजित करने वाले ऐसे कार्यक्रम हमारी बुन्देली संस्कृति को प्रोत्साहित करते रहते है। उन्होंने ने बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण का समर्थन करते हुए कहा कि यह संस्था अनेक वर्षो से बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण की लड़ाई लड़ रहे हैं और अब बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण का समय आ रहा है और वो इस सम्बन्ध में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से बात करेंगे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि ललितपुर में बु.वि. सेना का मनाया जाने वाला आयोजन पूरे बुन्देलखण्ड में अभूतपूर्व है। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों में प्रेम और सद्भाव बढ़ाते हैं। इस दौरान लोक संस्कृति से ओत-प्रोत लोक कला सोसाइटी नृत्य मण्डली ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर फ्रेण्ड्स ऑर्केस्टा के कलाकारों ने सुमधुर, मस्ती और तरंग के गीतों के माध्यम से जमकर तालियां बटोरी। बुन्देली फाग, अबीर, गुलाल, डांस मस्ती के माध्यम लोगों ने थिरकते हुए जमकर लुत्फ उठाया। तत्पश्चात बुन्देली पारम्परिक पकवान और लजीज भोजन ने लोगों को चटखारे लेने मजबूर कर दिया। इस दौरान लकी ड्रा के माध्यम से जनता को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि के अलावा सदर सी.ओ.अभय नारायण राय, प्रदीप चैबे, जगदीश लोधी, धर्मेन्द्र गोस्वामी, महेन्द्र मयूर, प्रदीप त्रिपाठी, अनिल जैन, गंधर्व सिंह, वी.के.सरदार, कौस्तुभ चैबे, राम बुंदेला, डा.राजकुमार जैन, डा.रामगोपाल साहू, डा.अरविन्द दिवाकर, मनवीर तोमर, डा.दीपक चैबे, डा.रोहित सुडेले, महेन्द्र यादव, अजय पटैरिया, सिद्धार्थ शर्मा, रामकिशोर मुखिया, नवनीत किलेदार, अमर विश्वकर्मा, रामू कुशवाहा, प्रशांत शुक्ला, संतोष शर्मा, रविन्द्र दिवाकर, जसपाल बंटी सरदार, विजय जैन कल्लू पत्रकार, सुनील सैनी, संजय अवस्थी, अमित सोनी, अजित भारती, कृष्ण बिहारी उपाध्याय, के.के.सोनी, विनीत चतुर्वेदी, प्रशांत दुबे, सौरभ गौस्वामी, सौरभ, चंद्रशेखर, सन्मति सर्राफ, रविन्द्र अलया, अक्षय किलेदार, राजेश श्रीवास्तव एड., सुरेन्द्र तोमर एड., के.के.बंसल, चन्द्रप्रकाश संज्ञा एड., सुनील समैया, विजय गोस्वामी, महेन्द्र अग्निहोत्री, गोपी डोडवानी, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, नवीन समैया, का.जिनेन्द्र जैन, विजय जैन, राजेन्द्र गुप्ता, विक्की किलेदार, अमित जैन, मनोज शर्मा, स्वदेश नायक, बृजमोहन संज्ञा, विजय जैन, अरमान कुरैशी, विलास पटैरिया, उदित रावत, राजमल बरया, संतोष चैबे, दिनेश गोस्वामी एड., अवधेश देशमुख, सुनील अग्रवाल, देवीसिंह मामा, मुकेश बाबा, मनोज, राजीव, कन्हैया नामदेव, रवि चैहान, लाखन स्वामी, आर.के.तोमर, परवेज पठान, शत्रुघ्न यादव, संजय शर्मा, आयुष सैनी, राजकुमार कुशवाहा, गौरव विश्वकर्मा, अमर सिंह, सनी गुप्ता, सोनू पाठक, सुदेश सोनी, महेश नामदेव, अखिलेश, रविन्द्र पाठक, अजय, शुभम देवलिया, फूलचन्द्र रजक, नितेश बंटी, टिंकू बड़घरिया, दीपक जैन, मनोज पंचम, पुष्पेन्द्र शर्मा, जगदीश नेता, संजीव चैरसिया, दीपक पटवारी, अंकित यादव, राघव तथा लोक कला सोसायटी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम फ्रेण्ड्स ऑर्केस्ट्रा के अन्य सामाजिक संगठन के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन विजय जैन और बृजमोहन रिछारिया ने व आभार बुविसे प्रमुख हरीश कपूर ने व्यक्त किया।

# पेड़ों पर आरा, महकमा हारा

## पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से हरे पेड़ों की कटान जोरों पर



अवधनामा संवाददाता

**सेमरी,सुल्तानपुर।** पुलिस और वन विभाग की मिली भगत से सेमरी चौकी क्षेत्र में लगातार अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटान जारी है।पूरे जनपद सुल्तानपुर और अंबेडकर नगर से जो भी लकड़ी कट कर जाती है, वह सेमरी चौकी से थोड़ी दूर पर सिध्दीविनायक धर्मकांटा है, वहां पर बहुत सी जगह है। जहां से ट्रकों पर लादकर अन्य प्रान्तों में भेजा जाता है। इस जगह पर कई करोड़ की लड़कियां रखी हुई हैं। इस विषय पर जब डी एफ ओ साहब से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमें वहां के रेंजर का नाम बताओ।जिले के विभागीय मिखिया को यह भी नहीं पता कि सिमरी क्षेत्र का बन दरोगा या वनरक्षक कौन है। या तो जानबूझ कर डी एफ ओ साहब अपने जिम्मेदार अधिकारी का नाम नही बताना चाहते,अथवा उक्त गोरख धंधे में वे स्वयं शामिल हैं।उक्त संबंध में जिलाधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका सी यू जी नही उठा।

## सुस्त पड़ी कोतवाली देहात की पुलिस की पुलिसिंग

**सुल्तानपुर।** चकरपुर में पुलिस की गश्त नही हुई।बीते वर्ष होली में सुरेश की निर्मम हत्या कर दी गई थी।उसकी ईट गुम्मो से कूचकर हत्या कर दी गई थी।कोतवाली देहात की पुलिस बीजेपी की योगी सरकार पर धब्बा लगा रही है।शराब के नशे में सुरेश को बदनाम चकरपुर के दबंगो ने हत्या कर दी थी।होली के हुड़दंग में कोतवाली देहात की पुलिस उबासी ले रही है।आसपास के लोगों ने बताया की येलो जोन में पुलिस की गश्त होलिका दहन के दिन से नही हो रही है।होली के ही दिन अहिमाने गाँव के सुरेश की निर्मम हत्या कर दी गई थी।मीडिया कर्मियों ने एसपी सोमेन बर्मा को सूचना दिया था। घटना के समय इलाकाई पुलिस हत्याकांड से अंजान थी। एसपी ने तत्कालीक क्राइम ब्रांच प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह को घटना स्थल पर भेजा तो बगल के मकान में निर्माण कर रहे राजगीर ने सिलसिलेवार घटना को बताया था।मौके पर कोतवाली देहात की टीम पुलिसिंग के बजाय चैन की तकिया लगाकर सो रही थी।

# जान से मारने की नीयत से फायर झोंकने का आरोप

- पीड़ित युवक ने परिजनों के साथ एसपी को भेजा शिकायती पत्र



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम सुनवाहा निवासी विवेक राजा परमार पुत्र स्व.निहाल सिंह ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजते हुये सही धाराओं में एफआईआर दर्ज किये जाने और परिवार की जानमाल की सुरक्षा कराये जाने की गुहार लगायी है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजते हुये विवेक राजा परमार ने बताया कि बीती 25 मार्च को जब वह अपने भाई रूद्र प्रताप के घर का किराने का सामान लेने के लिए पास में स्थित सूर्यप्रताप की दुकान पर गया हुआ था कि तभी गांव के पूर्व प्रधान छत्रपाल सिंह का पुत्र क्रिस राजा अवैध असलहा लेकर आया और गालियां देने लगा। पीड़ित ने बताया कि असलहा देखकर भयभीत हो गया और वापस घर आ रहा था, वह गांव के ही संजू राजा की दुकान पर सामान लेने के लिए रूका तो पीछे से आये क्रिस राजा ने उसे जान से मारने की नीयत से असलहा उसकी ओर करते हुये जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोप है कि क्रिस राजा ने देखते ही देखते असलहा से फायर कर दिया, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। गोली चलने की आवाज सुनकर भूपेन्द्र राजा पुत्र हम्मीर सिंह व उसका भाई रूद्रप्रताप सिंह मौके पर आ पहुंचे, जिन्होंने यह घटनाक्रम देखा। आरोप है कि क्रिस राजा ने उसे फिर से जान से मारने की धमकी दी और भाग गया। पीड़ित ने बताया कि मामले की शिकायत दर्ज कराने के लिए वह थाना बानपुर पहुंचा, जहां पुलिस ने अपने अनुसार प्रार्थना पत्र बनवाकर धारा 504, 506 में एफआईआर दर्ज कर ली और रात अधिक होने के कारण सुबह कार्यवाही करने का आश्वासन देकर चलता कर दिया। पीड़ित विवेक राजा ने बताया कि उसके पिता गांव में पूर्व प्रधान रहे हैं, जिसके चलते वह शातिर बदमाश है और उससे वह रंजिश रखता है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करायी जाकर सही धाराओं में एफआईआर दर्ज कराये जाने और उसकी व परिवारजनों के जानमाल की सुरक्षा कराये जाने की गुहार लगायी है।

**पुलिस ने यह किया दर्ज मामला**

सुनवाहा निवासी विवेक राजा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 25 मार्च की रात करीब 7.30 बजे जब वह गांव में स्थित संजू राजा की दुकान पर सामान लेने गया हुआ था कि तभी गांव के क्रस राजा पुत्र छत्रपाल सिंह ठाकुर मिले और बिना कारण गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर क्रस राजा ने हवाई फायर कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर भागे, जिन्हें आता देख क्रस राजा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने विवेक राजा की तहरीर पर क्रस राजा के खिलाफ धारा 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# गणेश शंकर विद्यार्थी के बलिदान दिवस पर प्रेस क्लब में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सोमवार को प्रेस क्लब (रजि.) के तत्वाधान में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता एवं संरक्षक मंडल के सानिध्य में सुपर मार्केट स्थित पत्रकार भवन में अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी का बलिदान दिवस /पुण्यतिथि सादगी के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों ने गणेश शंकर विद्यार्थी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन भेंट कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं अपने विचार रखते हुए उन्हें श्रेष्ठ बताया। इस अवसर पर संरक्षक मंडल सदस्य सुरेंद्र नारायण शर्मा, सरदार मंजीत सिंह सलूजा, संतोष शर्मा ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि विद्यार्थीजी ने अपना संपूर्ण जीवन उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि सभी को उनके बताएं मार्ग पर चलने की जरूरत है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा की हिंदी पत्रकारिता के पुरोधा महान क्रांतिकारी, श्रेष्ठ पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी ने अपनी योग्यता दक्षता और कार्यशैली की बदौलत आजादी की लड़ाई में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी की निष्पक्ष लेखनी, प्रखर विचार और उनके आदर्श जीवनशैली आज भी युवा पीढ़ी के पत्रकारों के लिए प्रासंगिक है। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब के महामंत्री अमित सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली, संरक्षक संतोष शर्मा, पवन संज्ञा, दिनेश कुमार संज्ञा, अनंत सराफ, अक्षय दिवाकर, अजीत भारती, संजीव नामदेव, भगवत नारायण श्रोतीय, मनीष सोनी, अजितेश जैन, बृजेश पंथ, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, शिब्बू राठौर, रमेश रायकवार, पूजा कश्यप, धर्मेंद्र परमार, केपी यादव, शत्रुघ्न शुक्ल, इमरान खान, महेश वर्मा, हितेंद्र कुमार जैन, विनोद मिश्रा, सुरेंद्र कुमार, आलोक चतुर्वेदी, संजय ताम्रकार, प्रदीप रिछारिया, कृष्णकांत सोनी, शुभम पस्तोर, यशपाल सिंह, अनूप नागल, श्याम दीक्षित, विकास सोनी, कृष्णा विश्वकर्मा, आलोक खरे, सूरज सिंह राजपूत, सुमित रैकवार, शहनाज, विनोद राज सेन आदि सभी पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## अंग्रेजी व देशी शराब की पेटियां बरामद

**ललितपुर।** जीआरपी और सिविल लाइन पुलिस की संयुक्त छापामार कार्रवाई में बड़ी मात्रा में शराब शहरी इलाके से बरामद की गई, जिसके परिपेक्ष में उप निरीक्षक के शिकायत पर दस आरोपियों के खिलाफधोखाधड़ी का मामला पंजीकृत किया गया। होली के त्यौहार के साथ साथ आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के उद्देश्य पुलिस द्वारा लगातार बॉर्डर पर सघन चेकिंग के लिए पहरा बैठाया है, जीआरपी और सिविल लाइन पुलिस के संयुक्त प्रयास से शहरी इलाके में अवैध शराब का जखीरा पकड़ा गया, सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला सिविल लाइन इलाके में नकली क्यूआर कोड का इस्तेमाल कर अंग्रेजी और देसी शराब की बिक्री की जा रही थी। जीआरपी और सदर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से अपना जाल बिछाकर मुखबिर तंत्र मजबूत किया, तो अभियुक्त खुद व खुद पुलिस के जाल में फंस गए। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिविल लाइन में संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही की।

# 28 को कांग्रेस की परिचयात्मक बैठक में शामिल होंगे गठबंधन प्रत्याशी

- कांग्रेसियों से मुलाकात कर तैयार करेंगे चुनावी रणनीति
- होली मिलन समारोह का कार्यक्रम भी जिला कॉग्रेस कार्यालय पर होगा

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी भीम निषाद के आगमन पर स्वागत को लेकर गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है। बृहस्पतिवार को गठबंधन प्रत्याशी भीम निषाद जिला कॉग्रेस कार्यालय पहुंचेंगे, जहां गठबंधन के समस्त पदाधिकारियों के साथ मुलाकात कर चुनावी रणनीति तैयार करेंगे। वही कॉग्रेस संगठन द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में होली मिलन कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया गया है। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी भीम निषाद और उत्तर प्रदेश कॉग्रेस कमेटी से नियुक्त जिले के प्रभारी गण भी बतौर मुख्यअतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी भीम निषाद बृहस्पतिवार यानी 28 तारीख को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे उसके बाद कार्यालय के प्रांगण में ही नवनियुक्त जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी, शहर कॉग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व ब्लॉक कमेटी एवं अन्य फ्रंटल के समस्त पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं से परिचय प्राप्त कर चुनावी शंखनाथ की शुरुआत करेंगे। आपको बताते चलें कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भीम निषाद प्रत्याशी बनाए जाने के दूसरी बार जनपद सुल्तानपुर पहुंच रहे हैं।

## अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**ललितपुर।** ससुराल में रह रही एक विवाहिता ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना बानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पहा निवासी 20 वर्षीय राम कुमारी पत्नी सत्यभान प्रजापति का शव अपने ही घर के कमरे में म्याहारी पर रस्सी के सहारे उस समय लटकता हुआ पाया गया, जब उसके परिजन खेत से लौटकर आये, जिसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना के उपरांत पुलिस की मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया और जांच में जुट गई है। परिजन स्पष्ट रूप से उसके द्वारा की गई आत्महत्या के संबंध में कोई कारण तो स्पष्ट नहीं कर सके, लेकिन बताया गया है कि मृतका की शादी 8 माह पूर्व संपन्न हुई थी। परिजनों ने बताया कि उसने अपने घर पर होली खेली थी, तब ऐसा नहीं लग रहा था कि वह दुखी है और आत्महत्या कर लेगी, लेकिन जब सभी परिजन खेती किसानी के काम से खेत पर चले गये, तब उसने अपने घर में उक्त घटना को अंजाम दिया।

# ब्लॉक परिसर में कर्मचारी स्नेह-मिलन होली समारोह संग सजी फूलों की होली



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर,बल्दीराय।** होली के बाद से ही शहर व गाँव में स्नेह-मिलन होली समारोह की धूम है। विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों की ओर से फूलों की होली खेली जा रही है और फाग गायन का सिलसिला चल रहा है। उत्साह-उमंग और स्नेह के साथ आयोजनों में क्षेत्रवासी शामिल हो रहे हैं। मंगलवार को भी कई स्थानों पर आयोजन हुए।

इसी कड़ी में विकास खण्ड क्षेत्र के बल्दीराय ब्लॉक परिसर में मंगलवार को होली स्नेह मिलन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने मंगलवार को होली स्नेह मिलन समारोह में शिरकत किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है, जिसमें सभी लोग एक साथ आते हैं और खुशियों के रंग में सराबोर हो जाते हैं। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि इस बार की होली और भी खास रही है क्योंकि भगवान रामलला के प्रकट होने के बाद पहली बार देश ने होली मनाई है।उन्होंने कहा कि कुछ हफ्तों बाद लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार (चुनाव) भी आ रहा है, जिसे हम सभी को मनाना है। इसलिए हम सभी को लोकतंत्र के इस उत्सव में भाग अवश्य लेना होगा।आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने फूलों से होली खेल एकदूसरे को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर प्रधान चन्द्रभान यादव, बैजनाथ उर्फ करिया यादव, मो. जमालुद्दीन, मो. तौसीफ, पिन्टू पांडेय, मोनू सिंह, रामलाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पीआरओ श्यामप्रीत, जितेंद्र यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर लवकुश कुमार, सुनील कुमार, प्रमोद यादव, हरिभान सिंह, बाबा योगराज योगी, महेश यादव, अरविंद सिंह बब्लू, रामशरन वर्मा, अमृतलाल सहित दर्जनों कर्मचारी व क्षेत्रीय लोगो की भागीदारी रही।

## चुनावी ड्यूटी कटवाने हेतु दिव्यांग गर्भवती एवं नवजात शिशु की मां करें आवेदन

**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी कार्मिक प्रशिक्षण कमला कान्त पाण्डेय ने समस्त विभागाध्यक्ष व कार्यालयाध्यक्ष को अवगत कराया है कि लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुये विभाग से संबंधित शारीरिक से अक्षम, दिव्यांग व्यक्तियों की सूची प्रेषित करते हुये संबंधित कर्मचारियों को गठित बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर परीक्षण कराने हेतु सूचित करने एवं ऐसी समस्त महिला अधिकारी, कर्मचारी जो वर्तमान समय में गर्भवती है और उनके द्वारा अभी तक मातृत्व अवकाश नहीं लिया गया है या दूध पिलाने वाली माँ है कि सूचना प्रमाणित चिकित्सीय रिपोर्ट तथा सक्षम स्तर से जारी शिशु जन्म प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति के आधार पर निर्धारित प्रारूप में सूचना एक सप्ताह में उपलब्ध करने की अपेक्षा की गयी थी, किन्तु अभी तक न तो संबंधित कर्मचारियों को सूचित किया गया है और न ही उक्त विषयक सूचना प्रेषित की गई है, जिस कारण इस संबंध में अग्रत्तर कार्यवाही किया जाना संभव हो पा रहा है।

# उपलब्धियों से भरा रहा सांसद मेनका गांधी का कार्यकाल

## 38 लोकसभा सुलतानपुर से पुनः प्रत्यासी बनाकर भारतीय जनता पार्टी ने मेनका संजय गांधी की मेहनत का किया भरपूर सम्मान

अवधनामा संवाददाता

- दोबारा टिकट मिलने का यही रहा कारण



**सुलतानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद मेनका संजय गांधी का पांच साल का 38 लोकसभा सुलतानपुर क्षेत्र का कार्यकाल उपलब्धियां से भरा रहा।यही कारण रहा कि भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें दोबारा 38 सुल्तानपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाकर उनके कार्य का भरपूर सम्मान किया है। सांसद मेनका संजय गांधी 2019 में जनपद की 38 लोकसभा सीट से निर्वाचित होकर आठवीं बार सांसद बनी। वह लगातार लोकसभा क्षेत्र में बनी रही और जनसमस्याओं का निस्तारण किया। जिसके फलस्वरूप भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें पुनः जनपद सुलतानपुर से लोकसभा का प्रत्यासी घोषित किया है।जनपद से सांसद निर्वाचित होने के बाद वह हर महीने तीन दिवसीय दौरे पर जनपद आती रही। हर दौरे पर उन्होंने अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में चौपाल लगाकर जनता से संवाद किया और उनकी समस्याओं को जाना। सबसे बड़ी बात यह रही कि उनके कोई भी वायदे हवा हवाई नहीं रहे। जो कहा सो किया। उन्होंने लगातार सुलतानपुर पहुंचने पर आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण कराया और दिल्ली में रहते हुए फोन से समस्या की जानकारी होते ही निस्तारण कराती रही। वरिष्ठ नेता होने के बाद भी उन्होंने जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए छोटे से छोटे कर्मचारी से बात करने में कभी भी गुरेज नहीं किया।

**शिक्षा, विकास, बिजली, पर्यावरण, सिंचाई, चिकित्सा व सुरक्षा के लिए गम्भीर रहीं सांसदः** उनके द्वारा नगर क्षेत्र को हरा भरा और सुंदर बनाने के लिए अमहट से गोलाघाट और पयागीपुर से गोलाघाट फोरलेन का निर्माण कराया।वातावरण को शुद्ध रखने के लिए डिवाइडर पर पेड़ लगवाए। इसौली विधानसभा की बहुप्रतीक्षित सतहरी झील पर पांच पुलो का निर्माण कराकर सफाई कराई। जिससे आज तराई क्षेत्र में हजारों एकड़ खेत में किसान अन्न उपजा पा रहे हैं। जिले में क़ानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के लिए बंधुआकला व शिवगढ़ में थाने का निर्माण कराया। विधानसभा कादीपुर में नवोदय विद्यालय व दुबेपुर में मेडिकल कॉलेज का उपहार भी जनपदवासियों को दिया।कोरोना काल में जनता का ध्यान रखते हुए जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट के साथ पूरे जनपद पर नजर बनाई रखी और हर संभव मदद की। उनके पुत्र वरुण गांधी ने सुलतानपुर से सांसद रहने के दौरान जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कराया। जो कोविड के समय लोगों की जान बचाने में काफी कारगर रहा। से सांसद मेनका गांधी ने नगर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने किए जीआईसी स्कूल के पीछे वेंडिंग जोन व दीवानी न्यायालय के सामने जाम की समस्या के निस्तारण के लिए केशकुमारी बालिका इंटर कॉलेज के पीछे पार्किंग स्थल का निर्माण कराया। वैसे तो जनपद में बहुत सांसद जीते और कार्यकाल बिताकर चले गए लेकिन जनपद की जनता की बुनियादी समस्याओं से किसी को कोई मतलब नही रहा। जनता अपने सांसद को देखने के लिए तरस जाती थी। लेकिन मेनका गांधी के सांसद बनने के बाद जनपद की जनता को सांसद का मतलब समझ में आया। उन्होंने जनपद को कई तरह की विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी। उनके कार्यकाल में सिर्फ़ शिलान्यास ही नही हुए बल्कि उन परियोजनाओं के उदघाटन भी हुए। उनका पाँच साल का कार्यकाल बहुत ही स्वर्णिम और शानदार रहा। जनता का सीधे सरोकार ही मेनका गांधी की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण रहा।

**सर्वेक्षण में जनपद की 70फीसदी जनता का मिला साथ**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सूत्र बताते हैं कि पार्टी ओर से विभिन्न एजेंसियों से सांसद मेनका संजय गांधी के कार्यकाल के बारे में सर्वे भी कराया गया है। सर्वे में जनपद की 70 फीसदी जनता सांसद के कार्यकाल से संतुष्ट रही।

# आबकारी विभाग ने चलाया हाईवे व टोल पर सघन जांच



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में एवं जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव एवं होली के अवसर पर प्रवर्तन अभियान की दृष्टिगत तथा अन्य प्रांत की शराब की रोकथाम हेतु असरोगा टोल प्लाजा पर ट्रकों की गहनता जांच की गई।जिसमे सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम, डा.महेंद्र प्रताप वर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तृतीय जयसिंहपुर, संजय कुमार श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र चतुर्थ लंभुआ एवं नेहा श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र पंचम बल्दीराय द्वारा चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान जनपद सुलतानपुर में अवैध शराब की बरामदगी नहीं हुई। इसी की तरह की चेकिंग आबकारी विभाग, जीएसटी विभाग द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया की अवैध शराब के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।कार्यवाहियां भी निरंतर की जा रही है।होली पर्व पर विशेष अभियान के अंतर्गत विभाग हाईवे एवं टोल पर भी जांच कर रहा है,वाहनों की सघन पड़ताल की जा रही है।

# आचार संहिता का अनुपालन कराये जाने हेतु लांच किये गये सी.विजिल एप

**अवधानामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्ष आचार संहिता का अनुपालन कराये जाने हेतु लांच किये गये सी.विजिल एप से आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकता है। मोबाइल से प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी.विजिल एप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायतए लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन होने पर सी.विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लागिन करके नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकता है। सी.विजिल एप पर शिकायत करने हेतु नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम व मोबाइल नम्बर देता है तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है। शिकायत निस्तारण की नियत समयावधि 100 मिनट है। शिकायत दर्ज होने पर सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएस टीम) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत को निर्धारित समयावधि में निस्तारित करके सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर अग्रसारित किया जाता है तथा सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है।

आम तौर पर सी.विजिल एप में धनराशि वितरणए गिफ्ट, कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगानाए धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी परिवाद अंकित किये जाते है।

# सारा ने रखा पहला रोज़ा

**अवधानामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर।** खुदा से प्रेम और इबादत के लिए कोई उम्र नहीं होती। रमजान के पवित्र माह में बड़ों के साथ साथ छोटे बच्चे भी रोजा रखकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। क्षेत्र में बड़ी संख्या में बच्चे भी इस बरकत के महीने में इबादत कर रहे हैं। खासकर ऐसे बच्चे अधिक उत्साहित हैं जो अपने जीवन में पहली बार रोजा रख रहे हैं। दिन भर रोजे में रहने के बाद वे इफ्तार कर रहे हैं। मुबारक माह रमज़ान में अल्लाह रोजदार को सब्र अता करता है। यही वजह है कि अल्लाह की रज़ा की खातिर अब छोटे बच्चे भी बड़ों से पीछे नहीं रह रहे हैं बढ़ती हुई धूप और गर्मी के बीच भी बच्चों में रोजा रखने का जज्बा देखनें को मिल रहा है। 8 से 12 साल के बीच के ज्यादातर बच्चे रोजा रख रहे हैं। 9 साल की सारा बच्ची नें भी अपना पहला रोजा रखा और दिन में प्यास का अहसास होते ही बच्ची तिलावत में मशगूल हो गई। कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज कमराहा निवासनी सारा सिद्दीकी ने अभी नौ साल की है जिसनें अपनी जिन्दगी का पहला रोजा रख कर अल्लाह से खुशहाली की दुआ मांगी है।

# अबीर गुलाल लगाकर गए पारंपरिक गीत झूले लोग

**अवधानामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा नगर स्थित रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर पारंपरिक गीतों के साथ होली मनाई तथा अबीर और गुलाल से होली खेली। कार्यक्रम में ढोलक, मंजीरो, चिमटों की थाप पर फाग गीतों आज ब्रज में होली रे रसिया, होली खेले रघुबीरा, रंग बरसे भीगे आदि गीतों पर स्वयंसेवक देर तक झूमते रहे। वहीं स्वयंसेवको ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी गई। विभाग प्रचारक उपेंद्र ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। सोनभद्र जिला प्रचारक देवदत्त ने कहा कि होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देती है। यह पर्व हमें एकता का संदेश देता है। हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए ।इस अवसर पर सोनभद्र नगर प्रचारक धनंजय,सह जिला कार्यवाह राम लगन, सह नगर कार्यवाह बृजानंद, नगर विद्यार्थी कार्यवाह आशुतोष, जिला व्यवस्था प्रमुख कीर्तन, जिला प्रचार प्रमुख नीरज सिंह, खंड कार्यवाह घोरावल विपिन, जिला सेवा प्रमुख नीरज सिंह, जिला बाल प्रमुख राजेंद्र, जिला घोष प्रमुख तारकेश्वर,नगर संपर्क प्रमुख अनिल सिंह,सह नगर प्रचार प्रमुख आशीष शुक्ला, नीतीश, नितेश वर्मा, सदर विधायक भूपेश चौबे, रमेश मिश्रा,सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत बलराम सोनी,धीरज केसरी ,गणेश पांडेय,अनमोल सोनी, सत्यम, चंदन आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# पारिवारिक विवाद के चलते घर में चली गोली, पिता की मौत

**अवधानामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** पारिवारिक विवाद के चलते पिता खुद को गोली मार कर आत्महत्या करनें जा रहा उसी में पुत्र भी गम्भीर रूप से समय करीब 17:00 बजे थाना राठ पुलिस को थाना क्षेत्रान्तर्गत गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई इस सूचना पर थाना राठ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल रामहेत उर्फ राजु पुत्र शीतल प्रसाद सोनी (उम्र करीब 48 वर्ष) निवासी चरखारी रोड सिंकदरपुरा को सीएचसी राठ लाया गया जहाँ पर डाक्टरों के द्वारा उन्हे मृत घोषित कर दिया गया । मृतक के छोटे बेटे सत्यम के द्वारा बताया गया कि पिता जी व माता जी के बीच मायके जाने को लेकर आपसी विवाद हो गया था। जिस पर सत्यम के पिता रामहेत के द्वारा घर के अन्दर ही रखे देशी तमंचा 315 बोर से खुद को कनपटी पर गोली मार ली जिसे बचाने हेतु उनके बड़े भाई शिवम उम्र करीब 22 वर्ष आये गोली उनके पिता जी के कनपटी को पार करते हुए शिवम के होंठ में जा लगी शिवम को इलाज हेतु सीएचसी राठ लाया गया जहाँ से डाक्टरों द्वारा बेहतर इलाज हेतु झांसी रेफर कर दिया गया तथा राठ पुलिस द्वारा मृतक रामहेत के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा/पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। उच्चाधिकारी व फॉरेसिंक टीम मौके के लिए रवाना है, घटना में उपयुक्त तमंचे को मौके पर से ही बरामद कर लिया गया है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

# सामाजिक समता, सौहार्द व उल्लास का प्रतीक है होली पर्वः आर पी सिंह

**अवधानामा संवाददाता**

**सोनभद्र/अनपरा।** हिंडालको रेनूसागर पावर डिवीजन परिसर इंटर कालेज मैदान स्थित होलिका दहन के साक्षी बने हजारों दर्शकों ने होलिका दहन होते ही आतिशबाजी के साथ ढोल, झाझ, मजीरे की थाप पर देर रात तक कर्मचारियों युवाओं ने होली गीत गाए। होलिका दहन के पूर्व मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आर पी सिंह ने सपत्नीक विधि विधान, वैदिक रीति रिवाज व मंत्रोचार के साथ पूजन हवन किय। उक्त पूजा हनुमान मंदिर के वरिष्ठ पुजारी मनोज पांडे द्वारा कराया गया।



होली के दिन ऑडिटोरियम परिसर स्थित लॉन में रेणुपावर फ़ीनिक्स क्लब द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया,कार्यक्रम शुरुआत के पूर्व रेणुपावर फ़ीनिक्स क्लब के जनरल सेक्रेटरी ललित खुराना ने उपस्थित अतिथियो का स्वागत करते हुए सभी को होली की बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली खेली तथा खुशियों का इजहार किया,ततपश्चात ढोलक मजीरे की थाप पर होली के दीवानों मस्तानो ने फ़ाग गीत गाकर खूब थिरके व क्लब द्वारा आयोजित पकौड़ी, लड्डू, गोझिया व ठंढई का खूब जमकर आनंद लिया। इस अवसर पर रंग व अबीर से सरोबार यूनिट हेड आर पी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि होली हमारे देश की सनातन परंपरा का प्रमुख पर्व है सामाजिक समता, सौहार्द व उल्लास का प्रतीक यह पर्व सभी लोगों को मंगलमय हो, होली का यह पर्व हमें अधर्म असत्य एवं अन्याय जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों से लड़ने की प्रेरणा देते हैं हमारे हिंदू धर्म के त्योहारों में शोक संताप का कोई स्थान नहीं है, लेकिन हर्षोल्लास के प्रतीक इन पर्वो में जोश के साथ होश भी आवश्यक है, हमें ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे दूसरे की क्षति हो, हमें अपने त्योहार की पवित्रता एवं मर्यादा बनाए रखना है। हमारे त्यौहार हमेशा सत्य एवं न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं साथ ही साथ अनेकता में एकता के प्रतीक भी है । होलिका दहन बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक पर्व है। इसी क्रम में अबीर व रंगो से सरोबार मानव संसाधन प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह, ने उपस्थित सभी अधिकारियो , कर्मचरियो को होली की बधाई देते हिये कहा कि होलिका दहन के साथ सभी बुराई , अहंकार और नकारात्मकता जलकर नष्ट हो जाते है और लोग एक दूसरे के गले लग कर सारे गीले शिकवे भुला देते है ,इस लिए सभी को मिलजुल कर आपसी सद्भाव के साथ यह त्योहार मनाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से मयंक श्रीवास्तव, मनीष सिंह, संजय श्रीमाली, समीर आनंद, प्रणव सोनी, कुमार हर्षवर्धन, दीपक पांडेय, राजेश सैनी, मृदुल भरद्वाज सहित सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में व्यापारी की मौत, तो चार घायल

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र के जगदीश मंदिर के निकट निवासी सर्राफ श्रीराम सोनी 46 वर्ष पुत्र सुखनन्दन सोनी कटरा बाजार में बालाजी ज्वैलर्स की दुकान खोले हुए हैं, जो होली पर्व के चलते वह अपने दोस्त दिलीप सर्राफ डेनिस 42 बर्ष पुत्र स्व. वीरेंद्र, 50 बर्ष अनुराग जैन मोहनी पुत्र सुभाष जैन व राजेश जैन बल्ली, राजेश अग्रवाल साथियों समीपवर्ती एमपी के थाना अशोकनगर के पर्यटन स्थल चन्देरी घूमने के उद्देश्य से वैगन आर कार से गए हुए थे, जब वह कार से वापिस आ रहे थे, तभी राजघाट मार्ग पर स्थित ग्राम गनगौरा के निकट पहुंचे ही थे कि उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इस सड़क में कार में सवार पांचों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए, तभी वहां से निकल रहे स्थानीय राहगीरों की मदद से उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया।

# मजबूत सरकार के लिए लोगों किया प्रेरित किया और लिया शपथ



**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** नगर स्थित कुशवाहा भवन पर कुशवाहा समति द्वारा वसंतोत्सव व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयनाथ कुशवाहा ने की। समिति के अध्यक्ष मोहन कुशवाहा ने लोगो को एक जुट होने का अवाहन किया सचिव डाश संजय कुमार सिंह ने सभा में उपस्थित लोगों को मतदान के लिए शपथ दिलाते हुए कहा कि चुनाव रूपी यज्ञ में मत रूपी आहुति अवश्य दे। पंकज कुशवाहा ने समिति के उद्देश्यों को बताया। शशिकांत वर्मा एवं रविकांत कुशवाहा ने पूरे वर्ष आय व्यय का ब्योरा दिया। शिक्षा एक ऐसी औषधि जिसके प्रयोग से हमे मत का उचित प्रयोग करने की क्षमता आती है जिसके उचित प्रयोग कर सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सहयोग करें।

डा.दिनेश कुमार सिंह ने लोगों को समाज में होने वाले परिवर्तनों को बताया। मीडिया प्रभारी मनोज मौर्य, संजय नेता, कमलेश मास्टर, बुद्धिनाथ मौर्य भागीरीथी मौर्य, कृपाशंकर,रवि रंजन शाक्य, झरीलाल, डा. ओम प्रकाश मौर्य ,दयाशंकर कुशवाहा अरूण मौर्य ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष उदायनाथ कुशवाहा ने वसन्तोसव हर्षो उल्लास के साथ मनाने के बाद चुनाव में शत प्रतिशत भागीदारी करने की चर्चा की। रवि शावक ने सभा को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बिना परमिट के अवैध खनिज का परिवहन कर रहे वाहन सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**अवधानामा संवाददाता**

**चोपन/सोनभद्र।** डा0 यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों व अवैध खनिज के परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0-62/2024 धारा-3/57/72 उ0प्र0 उप खनिज परिहार नियमावली 1963 व धारा- 4/21 खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम व धारा 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम व धारा 379, 411 भादवि में वांछित अभियुक्त वाहन चालक इम्तियाज अली उर्फ मंगरू पुत्र वाहिद अली निवासी निहालापुर थाना केराकत जनपद जौनपुर उम्र करीब 24 वर्ष को



मंगलवार को समय करीब 12.05 बजे करगरा मोड़ मारकुण्डी से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया वहीं वाहन को सीज कर दिया गया। अभियोग का विवरण 1.मु0अ0सं0-62/2024 धारा-3/57/72 उ0प्र0 उप खनिज परिहार नियमावली 1963 व धारा- 4/21 खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम व धारा - 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम व धारा- 379, 411 भादवि थाना चोपन जनपद सोनभद्र वांछित अभियुक्त गण का विवरण 1. वाहन संख्या P 64T6111 की वाहन स्वामिनी मीना देवी पत्नी स्व0 विन्ध्याचल यादव निवासी मीनाबाजार मारकुण्डी थाना चोपन जनपद सोनभद्र 2. अतुल मिश्रा पुत्र अज्ञात निवासी उरमौरा राबर्ट्सगंज सोनभद्र गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक ,उ0नि0 सुरेश चन्द्र द्विवेदी चौकी प्रभारी गुरमा , का0 अजीत कुमार यादव चौकी गुरमा , का0 सत्यम सरोज चौकी गुरमा थाना चोपन सोनभद्र सामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जान से मारने की नीयत से घर में लगादी आग।

**मौदहा हमीरपुर।** जमीनी विवाद को लेकर जान से मारने की नीयत से घर में आग लगा दी इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खण्डेह निवासी सुभान अली पुत्र मुनव्वर अली ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीते रविवार की रात को जब वह अपने घर में सो रहा था तभी गांव के ही दबंग निजाम अली,जाकिर अली,शाकिर अली सहित अन्य लोगों ने उसे जान से मारने की नीयत से घर में आग लगा दी।हालांकि शोर शराबा सुनकर लोगों के इकट्ठा होने पर आग पर काबू पाया गया जिससे उसकी जान बच पाई।पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।इस सम्बंध में चौकी प्रभारी रिंकू तिवारी ने बताया कि उसके मकान में आग लगी और उसका नुकसान भी हुआ है, मामले की जांच पड़ताल कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### तीन लोगों नें मार पीट कर युवक को किया घायल

**मौदहा हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के भैस्ता गांव में तीन लोगों ने आकारण मारपीट कर एक युवक को मार पीट कर किया घायल, कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए तलाश तेज कर दी है। विकास खण्ड के भैस्ता निवासी रविंद्र पुत्र अच्छे लाल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसी के गांव निवासी आकाश पुत्र राममूरत,मनका पुत्र कालीचरन,विशंभर पुत्र गोरेलाल ने शराब के नशे में होकर उसके दरवाजे पर मारपीट करते हुए घायल कर दिया और जब इस मामले का विरोध किया तो आरोपियों ने पीड़ित को कोतवाली जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कराते हुए उनकी तलाश तेज कर दी है।

### सीआरपीएफ व पुलिस बल ने किया एरिया डोमिनेशन



**हमीरपुर।** पुलिस के निर्देशन में उपजिलाधिकारी सरीला व क्षेत्राधिकारी सरीला जनपद हमीरपुर द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024 व आगामी त्यौहार ईद को शान्ति व कानून व्यवस्था कायम रखते हुए सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत थाना जलालपुर क्षेत्र अन्तर्गत सीआरपीएफ व पुलिस बल के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया। आम जनमानस से वार्ता कर आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाने तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई तथा ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को सतर्कता से ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। किसी भी अराजक तत्व के द्वारा चुनाव को प्रभावित किए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में आम जनता से संवाद कर ऑपरेशन त्रिनेत्र फेज-2 के अंतर्गत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया तथा शासन द्वारा निर्गत निर्देशों से अवगत कराया गया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक थाना जलालपुर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### अरहर की खेत में मिला महिला का शव

**चोपन/ सोनभद्र।** जुगैल थाना क्षेत्र के चौरा बिजौरा गांव में होली के दिन सोमवार को दोपहर बाद अरहर के खेत में महिला के शव मिलने की सुचना पर हड़कंप मच गया सुचना मिलते ही मौके पर जुगैल पुलिस के साथ ही एडीशनल एसपी कालू सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी ओबरा डॉ चारू द्विवेदी मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रिता पत्नी अमरेश उम्र लगभग 26 वर्ष तीन बच्चियों की मां है जो बिते तीन वर्षो से अपने मायके में ही रह रही थी रविवार को होलिका दहन के दिन रविवार को रात में मृतका का पती अमरेश निवासी सेमिया चौरा गांव में देखा गया था और कुछ देर रहने के बाद वहां से चला गया था जिसके बाद सोमवार को दोपहर बाद मृतका के घर से कुछ ही दूरी पर स्थित अरहर बोये हुये टिले पर रिता का शव मिला मृतका के गले पर चोट का निशान भी था जिसको लेकर तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रीम कार्यवाही में जुट गई है।

# बहराइच के मतदान केन्द्रों का सीआरओ ने किया निरीक्षण

**चेक लिस्ट के अनुसार मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं का लिया जायजा**



**अवधानामा संवाददाता**

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ देवेन्द्र पाल सिंह ने विधानसभा निर्वाचन बहराइच अन्तर्गत मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय मीरपुर कस्बा स्थित भाग संख्या 318, 319 व 320 तथा मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय बरईपारा के भाग संख्या 96 का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लिया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान सीआरओ श्री सिंह ने मतदेय स्थलों पर सामान्य सूचनाओं के अंकन, विद्युत कनेक्शन, उचित क्षमता की लाईट व पंखे, प्रसाधन, पेयजल, हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, रैम्प, साफ-सफाई, नेटवर्क की उपलब्धता, मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, ईपिक वितरण इत्यादि का सत्यापन करते हुए मौके पर मौजूद तहसीलदार व ग्राम प्रधान को आवश्यक निर्देश दिये।

मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान सीआरओ श्री सिंह द्वारा ग्राम प्रधान, कोटेदार, रसोईया, रोज़गार सेवक, अध्यापक, सचिव, लेखपाल, आंगनबाड़ी, आशा की मौजूदगी में मतदाता सूची का सत्यापन किया गया तथा कम्यूनिकेशन प्लान में दर्ज फोन नम्बरों तथा रूट मैप का सत्यापन करते हुए मौजूद ग्रामवासियों को मतदाता शपथ दिलायी। सीआरओ श्री सिंह ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति शराब, रिश्वत या ज़ोर ज़बरदस्ती करके किसी के पक्ष में अथवा विरोध में वोट डालने का प्रयास करता है तो इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से अवश्य करें। उन्होंने बुज़ुर्गो से अपील की कि मतदान दिवस के दिन आप लोग इस बात का प्रयास करे कि परिवार के सभी सदस्य वोट देने जायें, यदि परिवार में कोई ऐसा सदस्य है जो कि शारीरिक रूप से कमज़ोर है तो परिवार के लोगों को चाहिए कि मतदान के लिए जाते समय उनको भी अपने साथ ले जायें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पाण्डेय, तहसीलदार नानपारा अजय यादव, बीडीओ रिसिया विनोद यादव व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# निर्धन संग मिष्ठान वितरण कर मनाई होली



**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** सलखन होली के पावन पर्व पर सुबह गुरमा चौकी प्रभारी सुरेश चन्द्र द्विवेदी ने गुरमा चौकी क्षेत्र के दलित बस्ती मे पहुंच कर निर्धन लोगो एंव बच्चो के संग होली से संबंधित खाने-पीने की सामग्री का पैकेट वितरण कर अबीर- गुलाल लगाकर होली पुर्व की शुभकामनाए दी। जरूरत मंदो निर्धन एंव बच्चों ने होली के संबधित खाने पिने की सामाग्री पाकर चेहरे खिल उठे दलित परिवारो एव बच्चो ने उन्हे भी अबीर गुलाम लगाकर आभार जताया। वही चौकी प्रभारी सुरेश चन्द्र द्विवेदी ने बताया की दलित बस्ती मे जाकर गरीबों का सेवा करने से मुझे काफी सुकुन एंव आनन्द मिलता है, वर्दी धारण करने की मुख्य उद्देश्य गरीब असहायों लाचार,पीड़ित,की सेवा ही है।

# जयंत उर्फ टोनी यादव बने प्रदेश सचिव, समर्थकों में खुशी

**अवधानामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जयंत यादव (टोनी) को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया है।शहर के डा? फरीदी गली दरियापुर जनपद निवासी युवा नेता को नई जिम्मेदारी से समर्थकों ने खुशी जताई है। जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव ,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो?राम सहाय यादव, पृथ्वीपाल यादव जी ने युवा नेता को शंघर्ष शील बताया है।स्व हीरो गाँधी के अनुज रजनीश यादव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल जी की संस्तुति से जयंत यादव (टोनी) को जिम्मेदारी मिली उसका समस्त कार्यकर्ता स्वागत करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाते हुए संगठन को और अधिक बल एवं गतिशीलता प्रदान करेंगे। वहीं नव नियुक्त प्रदेश सचिव टोनी यादव ने कहा कि आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष श्री डा0 राजपाल कश्यप के द्वारा प्रदेश सचिव नामित करने के लिए बहुत बहुत धन्यवाद और आभार।उम्मीद है की आपकी उम्मीदों पर खरा उतर कर पार्टी और पिछड़े समाज को मजबूती देने का प्रयत्न करता रहुगा।

## अज्ञात चोरों ने आभूषण की दुकान को बनाया निशाना

**कूरेभार,सुलतानपुर।** अज्ञात चोरों ने आभूषण विक्रेता की दुकान को निशाना बनाया,चोरी की घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। कूरेभार कस्बे के सेमरी रोड पर स्थिति प्रदीप कुमार नगद लाल ज्वेलर्स के नाम से मौजूद आभूषण की दुकान के पीछे अज्ञात चोरों ने पक्की दीवार काटकर हजारों का सामान उड़ा लिया। दुकान के पीछे पांच किलो वाला गैस सिलेंडर व कटर का सामान बरामद हुआ है।घटनास्थल पर स्थानीय लोगो भी भारी भीड़ जुट गई थी। पीड़ित व्यवसाई ने कूरेभार थाना प्रभारी निरीक्षक को कार्रवाई हेतु प्रार्थना पत्र दिया है। सूचना पाकर घटना स्थल पर कूरेभार पुलिस पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल कर कार्रवाई में जुट गई है।

# नहीं लग पा रही कच्ची शराब कारोबारियों पर लगाम, फेल महकमा

**अवधानामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब कारोबारियों पर लगाम लगाने में महकमा फेल साबित हो रहा है। बीते शनिवार को ही स्थानीय पुलिस ने चार लोगों को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा है।

जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है, साथ ही सोमवार को होली का पर्व भी है। इन सबके बावजूद भी कच्ची शराब कारोबारियों पर लगाम लगाने महकमा फेल साबित हो रहा है। *ऐसा नहीं की आबकारी निरीक्षक द्वारा कार्यवाही नहीं की गई। आबकारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप वर्मा द्वारा लगातार छापेमारी करते हुए अवैध शराब कारोबारियों पर लगाम लगाते हुए भट्ठी नष्ट करवा दिया था। कारोबारियों पर कार्यवाही करते हुए अवैध शराब भी जब्त कर मुकदमा भी दर्ज करवाया था*।फिर भी अवैध शराब का कारोबार बंद नही हुआ है। बीते शनिवार की सुबह टाटिया नगर चौकी इंचार्ज गुलाब चंद पाल ने गया प्रसाद को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा था। तो दोपहर में उपनिरीक्षक प्रमोद मिश्रा ने दीपू निषाद को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा। दोपहर में ही उपनिरीक्षक गुलाब चंद पाल ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ नरेन्द्र को दबोच लिया। इतना ही नहीं शाम को फिर उपनिरीक्षक गुलाब चंद पाल ने गया प्रसाद को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा । एक ही दिन 40 लीटर कच्ची शराब पुलिस ने पकड़ा वह भी मुखबिर खास की सूचना पर। पता नहीं कितनी कच्ची शराब कारोबारियों ने पार कर दी होगी। गोसाईगंज थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# डॉ. इन्द्रमणि ने प्रधानमंत्री आवासों का किया निरीक्षण

**अकबरनगर में 31 मार्च तक लगेगा पंजीकरण शिविर**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मंगलवार को बसंतकुंज योजना के सेक्टर-आई में निर्मित प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉलोनी में रहने वाले लोगों से बात-चीत कर कॉलोनी में सुविधाओं की जानकारी ली। बातचीत के दौरान स्थानीय निवासियों ने बताया कि पहले कुछ ब्लॉक में पानी की आपूर्ति की परेशानी थी जो अब ठीक हो गयी है। उपाध्यक्ष ने परिसर में खेल रहे बच्चों को रंगों के त्योहार होली की मुबारकबाद दी और उनके साथ क्रिकेट व बैडमिण्टन खेल उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान निरीक्षण में मिला कि कुछ लोगों ने कॉलोनी के बरामदे व कॉमन एरिया में अवैध रूप से कब्जा कर दुकानें खोल ली हैं, जिस पर उपाध्यक्ष ने संबंधित अभियंताओं को दो दिन के भीतर सभी अवैध दुकानें हटवा कर साफ-सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परिसर में किसी भी तरह की व्यवसायिक गतिविधि अनुमन्य नहीं है। ऐसा करने वाले के खिलाफ कार्रवाई होगी। उपाध्यक्ष ने कुछ जगहों पर कॉमन एरिया में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगा कर वाहनों की पार्किंग तैयार करने के निर्देश दिया। इसके अलावा कॉलोनी के अलग-अलग ब्लॉकों में स्थित पार्कों में हॉर्टीकल्चर का काम कराने और पार्कों को हर वर्ग के उपयोग के लिए विकसित करने को कहा।

वहीं दूसरी ओर कुकरैल नदी व बंधे किनारे बसे अकबरनगर प्रथम एवं द्वितीय के विस्थापितों की सुविधा के लिए लविप्रा ने पंजीकरण शिविर 31 मार्च तक बढ़ा दिया है। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अकबरनगर के विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित करने के लिए 21 मार्च तक विशेष पंजीकरण शिविर स्थापित किया गया था। स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए शिविर की अवधि 31 मार्च तक बढ़ा दी गयी है। विस्थापित शिविर में आकर मात्र 1 हजार रुपये शुल्क जमा कर प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

## अवैध निर्माण पर लगाम लगाने के लिये अब वरिष्ठ अधिकारी करेंगे निरीक्षण

**लखनऊ।** शहर में अवैध निर्माण/प्लाटिंग पर लगाम लगाने के लिए अब वरिष्ठ अधिकारी खुद फील्ड में उतर निरीक्षण करेंगे। इसमें न सिर्फ नये अवैध निर्माणों को चिन्हित किया जाएगा बल्कि जिन अवैध निर्माणों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई हुई है उनकी वर्तमान स्थिति भी देखी जाएगी। काम में लापरवाही बरतने वाले फील्ड स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई के लिए जांचकर्ता अधिकारी को रिपोर्ट देना होगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने इस संबंध में आदेश जारी किये। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अवैध निर्माण/प्लाटिंग के खिलाफ प्राधिकरण की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अलग-अलग जगहों पर अवैध निर्माण की सूचना और शिकायत दी जा रही है। इसलिए प्रवर्तन जोन से अवैध निर्माण/प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई का भौतिक सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सचिव विवेक श्रीवास्तव को जोन-1, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा को जोन 4 और 5, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह को जोन-2 और मुख्य नगर नियोजक के.के. गौतम को जोन-6 और 7 कके निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गयी है। अधिकारी खुद फील्ड पर उतर कर अवैध निर्माण और प्लाटिंग का निरीक्षण करेंगे। इसमें अवैध प्लाटिंग, रो-हाउसेस, व्यवसायिक निर्माण, अवैध बेसमेण्ट, आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से संचालित व्यवसायिक निर्माणों का मुआयना करना होगा।

# शोभन चौधुरी ने की कार्य प्रगति की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने मंगलवार को उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ कार्य प्रगति की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा सर्वोपरि है। इसके लिए रेलपथों, चल स्टॉक, सिगनल एवं बिजली की ओवर हैड तारों के रख रखाव पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने विभागों से रेल कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षणव पाठ्यक्रम आयोजित करने का परामर्श दिया ताकि उन्हें जागरूक बनाये रखा जा सके और रेल प्रणाली में मानवीय त्रुटियों को कम किया जा सके। महाप्रबंधक ने सभी विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिया कि आगामी ग्रीष्मकाल के मद्देनजर सिगनल प्रणाली को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जायें। महाप्रबंधक ने रेल पटरियों में आने वाली दरारों पर विशेष ध्यान देने के अलावा सिगनलों और रेल वेल्डों की व्यापक रूप से सतत निगरानी के निर्देश दिये। उन्होंने रेलपथों पर विद्युत संरक्षा के साथ साथ रेलगाडियों के निर्बाध परिचालन के लिए रिले और पैनल रूमों की संरक्षा पर भी ध्यान केन्द्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेल परिचालन में मानवीय त्रुटियों को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने विभागाध्यक्षों ओर मंडल रेल प्रबंधकों को समयपालनबद्धता को बनाये रखने और माल लदान व संरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

## होली स्पेशल ट्रेनों का हो रहा संचालन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने होली पर्व के समापन के बाद अपने गंतव्य को जाने वाले यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए व उनकी सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से महानगरों के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ट्रेन नम्बर 05115 छपरा आनन्द विहार टर्मिनल स्पेशल छपरा से 27 मार्च को चलाई जायेगी। वापसी में 05116 आनन्द विहार टर्मिनल छपरा स्पेशल आनन्द विहार टर्मिनल से 28 मार्च को, 05023 गोरखपुर आनन्द विहार टर्मिनल स्पेशल गोरखपुर से 31 मार्च, 05024 आनन्द विहार टर्मिनल गोरखपुर स्पेशल आनन्द विहार टर्मिनल से 1 अप्रैल, 01124 गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल गोरखपुर से 30 मार्च, 01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर स्पेशल लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 29 मार्च, 05053 गोरखपुर बांद्रा टर्मिनस स्पेशल गोरखपुर से 29 मार्च, 05054 बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर स्पेशल बांद्रा टर्मिनस से 30 मार्च, 05005 गोरखपुर अमृतसर स्पेशल गोरखपुर से 27 मार्च, 05006 अमृतसर गोरखपुर स्पेशल अमृतसर से 28 मार्च, 05012 गोमती नगर छपरा स्पेशल गोमती नगर से 27 मार्च, 05011 छपरा गोमती नगर स्पेशल छपरा से 28 मार्च, 05193 छपरा पनवेल होली स्पेशल से 28 मार्च, 05194 पनवेल छपरा स्पेशल पनवेल से 29 मार्च, 05049 छपरा अमृतसर स्पेशल छपरा से 29 मार्च, 05050 अमृतसर छपरा स्पेशल अमृतसर से 30 मार्च, 04061 बरौनी दिल्ली स्पेशल बरौनी 1 अप्रैल, 04062 दिल्ली बरौनी स्पेशल दिल्ली से 31 मार्च, 04068 दिल्ली दरभंगा स्पेशल दिल्ली से 29 मार्च, 04067 दरभंगा दिल्ली स्पेशल दरभंगा से 30 मार्च, 09195 वडोदरा मऊ स्पेशल वडोदरा से 30 मार्च, 09196 मऊ वडोदरा स्पेशल मऊ से 31 मार्च, 05977 गोरखपुर डिब्रूगढ़ स्पेशल गोरखपुर से 2 अप्रैल, 05978 डिब्रूगढ़ गोरखपुर स्पेशल डिब्रूगढ़ से 28 मार्च, 06091 पोत्तनूर मऊ स्पेशल पोत्तनूर से 29 मार्च तथा 06092 मऊ पोत्तनूर स्पेशल मऊ से 1 अप्रैल को चलाई जायेगी।

## बड़े खुश नसीब हैं वह बन्दे जिन्होंने दिन में रोज़ा रखा: मौलाना क़ारी मोहम्मद सिद्दीक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मसिजद सुबहानिया पाटा नाला चौक में आज नमाज़े तरावीह में कुरआने पाक ख़त्म करने के बाद मदरसा दारुलमुबलिलगीन के अध्यापक मौलाना क़ारी मोहम्मद सिद्दीक ख़तीब मसिजद सुबहानिया ने कहा कि बड़े ख़ुश नसीब हैं वह बन्दे जिन्हों ने दिन में रोज़ा रक्खा और रात में नमाज़े तरावीह में क़ुरआन पाक सुना कल मैदाने महशर में रोज़ा और क़ुरआन दोनों बन्दे की सिफ़ारिश करें गे अल्लाह ताला उन दोनों की सिफ़ारिश क़बूल करके मग़फ़िरत और जन्नत का फैसला करें गे क़ारी मोहम्मद सिददीक़ साहब ने हाफ़िज़े क़ुरआन की भी फ़ज़ीलत बयान की ख़त्मे क़ुरआन के बाद शहर के मोअज़्ज़िज़ीन गुफ़रान अहमद खान (अच्छे भाई) रेहान खालिद क़ारी फुरक़ान हाफिज अबदुससमद फ़ुज़ैल ख़ान डाक्टर मुईद उबैद ख़ान (ऐडवोकेट) ज़ुबैर ख़ान यूसुफ़ (प्रिंसपल) मुज़ज़्ममिल अदनान बेग सूफ़ी बिलाल चौधरी अफ़ज़ाल ख़ान फ़रहान मनेजर सलमान सददाम जमील वग़ैरा ने क़ारी मोहम्मद सिददीक़ की बड़ी अक़ीदत से गुल पोशी की।

# हैदरी मस्जिद कमेटी ने इफ्तार का किया आयोजन

**अल्पसंख्यक राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी हुए शामिल**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** हैदरी मस्जिद बीरबल साहनी मार्ग गोमती के साहिल पर न्यू हैदराबाद निशतगंज में इमाम हसन अ०स० के मौके पर रोजा इफ्तार का एहतिमाम किया गया जिसमें मुस्लिम धर्म गुरु मौलाना यासूफ अब्बास और अल्पसंख्यक राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शिरकत किया। हैदरी मस्जिद कमेटी की जानिब से मुन्अकिद इस सालाना तक़ीब में कसीर तादाद में शिया सुन्नी रोज़ेदार शरीक होकर रोजा खोलकर नमाज अदा की नमाज हाफिज मोहम्मद शफीक ने पढ़ाई हैदरी मस्जिद के मुतवली चांद मिर्जा ने बताया कि यह इफ्तार 1993 से होता चला आ रहा है जिसमे सभी शिया सुन्नी हजरात एक साथ नमाज अदा करते हैं हैदरी मस्जिद एक प्राचीन धार्मिक स्थल है जहां पर सभी धर्मो मे लोग अपनी मिन्नतों ,मुरादों के साथ यहां आते हैं इस कार्यक्रम में कई समाजसेवी वह पत्रकार भी मौजूद रहे जिन्होंने मिलकर पूरे मुल्क के लिए दुआएं मांगी।

## हजरत इमाम हसन (अ.स.) की मनाई गई यौमे विलादत

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स.) के नवासे हजरत इमाम हसन (अ.स.) की यौमे विलादत बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मनायी गयी। इस मौके पर जगह-जगह महफिलों और नज़्रों का आयोजन हुआ। इमामबाड़ा पंजतनी कश्मीरी मोहल्ला में जश्ने इमाम हसन का आयोजन किया गया। महफिल में मौलाना अब्बास इरशाद ने हजरत इमाम हसन (अ.स.) की फजिलत बयान की। महफिल के बाद शायरों ने इमाम की शान में अपने कलाम पेश किये। नज़्रों को आयोजन ~ इमाम हसन (अ,स,) की विलादत की खुशी में लोगों ने रोजा इफ्तार के बाद घरों में नज़्रों का आयोजन किया। नज़्रों में आने-जाने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस खुशी के मौके पर लोगों ने घरों में बिजली आदि की सजावट भी की।

# अच्छा अखलाक ही इंसान की खूबसूरती: मेहदवी समाज

अवधनामा ब्यूरो





**लखनऊ।** तालीम और तरबियत ट्रस्ट की निगरानी में मेहदवी समाज के लेक्चर्स आज 16वें दिन भी जारी रहे जिसमें 14 सेंटर पर दीनी, एखलाकी, समाजी, दर्स का सिलसिला जारी है। कल सभी उस्तादों ने रसूल ए खुदा के बड़े नवासे इमाम हसन अ.स के सिलसिले से स्टूडेंट्स को लेक्चर्स दिए जिसमें हज़रत की जिंदगी के अखलाकी पहलुओं पर ज़ोर देते हुए उन के सब्र पर वादकयात से रोशनास कराया।

दर्स में बताया गया कि दुश्मन की तरफ से आया शख्स इमाम के साथ बद अखलाकी का मुजाहरा करता है लेदकन इमाम इस के बावूजूद उस के जवाब में बहुत अच्छा और इंसानी सुलूक पेश करते हुए उस शख्स से पूछते हैं तुम मुसाफिर लगते हो थके लग रहे हो पहले खाना खा लो अगर कोई ज़रूरत हो तो उस को बयान करो मैं उसको पूरी करूंगा। आया हुआ शख्स इस तरह का अखलाक देख कर बहुत शर्मिंदा हुआ और उसने इमाम से माफी मांग कर कहा मुझको माफ कर दें मैं आपको पहचानता नहीं था । फिर उसने ऐक अजीब जुमला कहा कि ऊपर वाला अच्छी तरह जानता है कि ज़मीन पर अपना खलीफा किसको बनाए। उस्ताद जनाब जावेद साहब ने रईस मंज़िल रौजा हजरत मुस्लिम और जनाब मोहम्मद अतहर साहब ने ददयानतउद्दौला में इमाम हसन अ.स की तालीमात की रौशनी में बेहतरीन आंदाज़ में लेक्चर्स दिए। आखिर में मुल्क के अमन ओ अमान और तरक्की के साथ इमाम ज़माना अस की खिदमत में सलाम पेश किया गया।

## डाक पार्सल की गाड़ी बिजली के तार से टकराई, हड़कंप



**लखनऊ।** पुराने शहर के नखास पुलिस चौकी के पीछे चावल वाली गली में मंगलवार की रात को डाक पार्सल की आई गाड़ी अचानक बिजली के तार जो बहुत नीचे और नंगे है जैसे ही गाड़ी निकलने लगी तो बहुत तेज स्पार्किंग होने लगी। जिससे वहां अफरा तफरी मच गई और लोग भागने लगे।लोगों की सूज बूझ के कारण एक बड़ा हादसा होने से बच गया। ज्ञात हो की रमजान होने के कारण इस इलाके में काफी भीड़ रहती है।

## आल इंडिया शिया हुसैनी फॅन्ड ने 122 परिवारों को रमज़ान किट वितरित की



**लखनऊ।** आल इंडिया शिया हुसैनी फॅन्ड की ओर से आज 122 परिवारों में रमज़ान के राशन की किट का वितरण किया गया। संस्था के चेयरमैन मोहम्मद ज़की, महासचिव हसन मेहदी झब्बू, इसारूल हसन, मोहम्मद शाहिद, रईस आलम, अलीम हुसैन ने राशन वितरण कार्यक्रम में राशन वितरण कराया। संस्था ने अपने सर्वे के अनुसार ज़रूरतमन्दों के 122 परिवारों को आधार कार्ड के अनुसार राशन बाँटा शाही खैरात खाना, मुफ्तीगंज, कश्मीरी मोहल्ला, दरगाह वजीरगंज, गोलागंज आदि क्षेत्रों के परिवारों में राशन वितरण किया गया।

## शिया पीजी कालेज में महफिल आज

**लखनऊ।** हजरत इमाम हसन अकादमी की ओर से बुधवार को शिया पीजी कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट में रात 9 बजे जश्ने इमाम हसन का आयोजन होगा। महफिल को मौलाना यासूब अब्बास खिताब करेंगे। इसके बाद शायर बारगाहे इमामत में अपने कलाम पेश करेंगे। महफिल का आगाज मौलाना मुम्ताज अली तिलावते कुराने पाक से व संचालन हैदर रजा करेंगे।

## रमजान में अल्लाह एक-एक नेकी का सवाब कई गुना तक बढ़ा देता है

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में अल्लाह एक-एक नेकी का सवाब कई गुना तक बढ़ा देता है। इसी के मद् देनजर तमाम सामाजिक व स्वयंसेवी संगठन और लोग जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं। आल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड की ओर से 122 परिवारों को रमजान किट का वितरण किया गया। संस्था के चेयरमैन मोहम्मद जकी, महासचिव हसन मेहदी झब्बू, इसारुसल हसन, मोहम्मद शादि, रईस आलम, अलीम हुसैन आदि ने संस्था के नक्खास स्थित कार्यालय में शाही खैरातखाना, मुफ्तीगंज, कश्मीरी मोहल्ला, दरगाह, वजीरगंज, गोलागंज आदि इलाकों के जरूरतमंद परिवारों को रमजान किट वितरित की।

## रमजान में शहर की मस्जिदों में तरावीह का दौर जारी

**लखनऊ।** माहे मुकद्दस रमजान में शहर की मस्जिदों में तरावीह का दौर जारी है। मस्जिदों में एक पारे से लेकर पांच पारों तक की तरावीह का दौर रमजान भर चलता है। पांच पारों की तरावीह का पहला दौर मुकम्मल होने के बाद दो पारों की तरावीह का पहला दौर भी मुकम्मल हुआ। शहर की विभिन्न मस्जिदों में दो पारों की तरावीह खत्म होने पर मस्जिदों में विशेष दुआ कराई गयी। चौक के राजाबाजार स्थित मस्जिद सुब्हानिया में हाजी कारी मोहम्मद सिद्दीक ने दो पारों की तरावीह का पहला दौर मुकम्मल कराया। इस मौके पर कारी सिद् दीक ने कहा कि खुशनसीब हैं वह बन्दे जिन्होंने दिन में रोजा रखा और रात में तरावीह में कुरान सुना।

मैदाने महशर में रोजा और कुरान दोनों बन्दे की सिफारिश करेंगे। दोनों की सिफारिश कबूल कर अल्लाह मगफिरत और जन्नत का फैसला करेगा। इस मौके पर उन्होंने हाफिजे कुरान की फजीलत भी बयान की। इस मौके पर गुफरान अहमद अच्छे भाई, रेहान खालिद, कारी फुरकान, हाफिज अब्दुस्समद, डॉ. मुईद, उबैद खान, जुबैर खान, अदनान बेग, सूफी बिलाल चौधरी सहित अन्य ने कारी सिद्दीक को हार-माला पहना कर स्वागत किया।

# रमज़ान पर किये गये सवालों के जवाब

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में मंगलवार से रमजान हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा के पैनल ने दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 9415102947, 7007 705774 और 9140427677 के साथ ही ई-मेल ramzanhelplinewz @gmail. com और वेबसाइट www.farangi mahal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** क्या घर की नौकरानी को जकात की रकम दी जा सकती है?

**जवाब:** जी हां, दी जा सकती है।

**सवाल:** औरतों का कुरान को जोर से पढ़ना कैसा है?

**जवाब:** औरतों का धीमी आवाज से कुरान पढ़ना बेहतर है।

**सवाल:** क्या जिसे जकात दी जाए उसे बताना जरूरी है?

**जवाब:** नहीं उसे बताना जरूरी नहीं है।

**सवाल:** क्या ऐतिकाफ करने वाला इमामत कर सकता है?

**जवाब:** जी हां, इमामत कर सकता है।

**सवाल:** नमाज में अगर भूल से कोई वाजिब छूअ जाए तो क्या करें?

**जवाब:** सज्दा सहू कर लें, नमाज हो जाएगी।

इसी तरह इदारए शरैय्या फिरंगी महल की हेल्पलाइन पर मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा ने लोगों के सवालों के जवाब दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9807404508 और 991 8117798 तथा ई-मेल firangimahel @gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** क्या रोजे के दौरान कान में दवाई डाली जा सकती है?

**जवाब:** बहुत जरूरी हो तो डाल सकते हैं।

**सवाल:** मैंने कई साल से जकात अदा नहीं की क्या हुक्म है?

**जवाब:** साहिबे निसाब हैं और साल भर उतना सोना-चांदी या पैसा रखा तो जकात वाजिब है। पिछले सालों की बची जकात जोड़ कर दें, नहीं तो गुनहगार होंगे।

**सवाल:** क्या बैंक में जमा फिक्स डिपॉजिट पर भी जकात वाजिब है?

**जवाब:** अगर बैंक में जमा फिक्स डिपॉजिट जकात के दायरे में है तो उस पर जकात वाजिब होगी।

**सवाल:** जिन लोगों को रोजा न रखने की इजाजत है क्या वह कुछ भी ऐलानिया खा-पी सकते हैं?

**जवाब:** नहीं, उन्हें भी ऐलानिया कोई चीज खाने-पीने की इजाजत नहीं है।

## मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये जवाब

कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये। हेल्पलाइन पर सवाल मोबाइल नम्बर 9415580936, 9839097407 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक या ई-मेल masael@gmail.com पर पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के सवालों के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

**सवाल:** इस्लाम में 15 रमजान का क्या महत्व है?

**जवाब:** रमजान की 15 तारीख को रसूले अकरम हजरम मोहम्मद मुस्तफा की इकलौती बेटी जनाबे फातिमा के यहां उनके बेटे इमामे हसन का जन्म हुआ था।

**सवाल:** अगर रोजेदार को अचानक जोहर से पहले सफर करना पड़े तो क्या हुक्म है?

**जवाब:** एहतियाते वाजिब की बिना पर रोजा पूरा करे, बाद में कजा करेगा। निर्धारित सीमा से पहले तोडने पर कफ्फारा वाजिब होगा।

**सवाल:** कोई रमजान के रोजों की कजा में कई सालों की ताखीर कर दे तो क्या हुक्म है?

**जवाब:** पहले साल में एक मुद तआम फकीर को देना होगा, लेकिन बाकी सालों में देरी के लिए कुछ वाजिब नहीं है।

**सवाल:** क्या शराब पीने वाले या खुलेआम गुनाहे कबीरा करने वाले को जकात दी जा सकती है?

**जवाब:** नहीं ऐसे शख्स को जकात नहीं दी जा सकती।

**सवाल:** अगर कोई बैठक नमाज पढ़ता है तो उसके लिए आजाए सजदा की बजा आवरी मुमकिन नहीं ऐसे में क्या हुक्म है?

**जवाब:** बीमारी की वजह से अगर बैठकर नमाज पढने वाला आजाए सजदा की बजा आवरी न हो तो कोई हर्ज नहीं नमाज सही है।







